RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 143
नई दिल्ली, शुक्रवार, 1 अप्रैल, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
पायनियर

लक्ष्मण महिला क्रिकेट में निभा सकते हैं बड़ी भूमिका
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

अमेरिका-भारत ने की यूक्रेन युद्ध के प्रभाव पर चर्चा

- दोनों देशों के विदेश मंत्रियों ने क्षेत्रीय प्राथमिकताओं एवं युद्धग्रस्त देश में बिगड़ती मानवीय स्थिति की भी समीक्षा की
- रूसी विदेश मंत्री आज भारतीय नेतृत्व के साथ यूक्रेन समेत अन्य बिंदुओं पर बातचीत करेंगे

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



भारत और अमेरिका ने यूक्रेन में चल रहे युद्ध के प्रभाव पर चर्चा की है। दोनों देशों ने क्षेत्रीय प्राथमिकताओं, युद्धग्रस्त देश में बिगड़ती मानवीय स्थिति और स्वतंत्र एवं खुले हिंद-प्रशांत को बढ़ावा देने की भी समीक्षा की। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और उनके भारतीय समकक्ष एस जयशंकर के बीच बुधवार देर रात टेलीफोन पर यूक्रेन समेत कई मुद्दों को लेकर बातचीत हुई।

जयशंकर ने ट्वीट कर कहा कि अभी-अभी अमेरिकी विदेश मंत्री ब्लिंकन के साथ उपयोगी बातचीत हुई। दोनों नेताओं ने अपने द्विपक्षीय सहयोग पर प्रगति की समीक्षा की। हिंद-प्रशांत, यूक्रेन और वैश्विक अर्थव्यवस्था से संबंधित घटनाक्रमों पर भी चर्चा की गई। अमेरिकी स्टेट डिपार्टमेंट प्रवक्ता नेड प्राइस ने कहा कि दोनों नेताओं ने यूक्रेन में बिगड़ती मानवीय स्थिति और एक स्वतंत्र, खुले, सुरक्षित और समृद्ध हिंद-प्रशांत को बढ़ावा देने के साझा प्रयासों, जिसमें सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान किया जाता है, सहित क्षेत्रीय प्राथमिकताओं की समीक्षा करने के लिए बातचीत की है। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के नई दिल्ली पहुंचने से कुछ घंटे पहले यह चर्चा हुई है। सर्गेई शुक्रवार को भारतीय नेतृत्व के साथ यूक्रेन समेत अन्य बिंदुओं पर बातचीत करेंगे। बीते 24 फरवरी को यूक्रेन में सैन्य अभियान शुरू होने के बाद से यह किसी रूसी मंत्री की पहली भारत यात्रा है। रूसी मंत्री की अपने भारतीय समकक्ष के साथ रुपये-रूबल व्यापार और रियायती कीमतों पर तेल की खरीद जैसे मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है।

दोनों पक्ष भारत को एस-400 मिसाइल सहित हथियारों की आपूर्ति का जायजा भी ले सकते हैं। ब्लिंकन ने बुधवार को मध्य पूर्व, उत्तरी अफ्रीका और भारत का दौरा पूरा किया, जिससे अल्जीरिया से रूस के साथ अपने संबंधों को सीमित करने की अपील की गई। ब्लिंकन ने कहा कि उत्तरी अफ्रीका और मध्य पूर्व के देशों ने पहले रूस के सैन्य अभियानों के परिणामों को भुगता है। यूक्रेन पर रूस के हमले को लेकर भारत और अमेरिका लगातार संपर्क में हैं। अमेरिका के उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार दलीप सिंह दो दिवसीय यात्रा पर बुधवार को भारत आए हैं। अपने आगमन के कुछ घंटे बाद, सिंह ने वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के साथ बातचीत की। सिंह को रूस के यूक्रेन पर आक्रमण को लेकर अमेरिकी प्रतिबंधों को डिजाइन करने में एक प्रमुख वास्तुकार के रूप में जाना जाता है। अमेरिकी अधिकारी ने गुरुवार को विदेश सचिव हर्ष श्रृंगला से भी मुलाकात की और भारत-अमेरिका आर्थिक सहयोग और रणनीतिक साझेदारी पर चर्चा की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि जी-20 सहित आपसी हित के वैश्विक मुद्दों पर एक साथ काम करने के लिए तत्पर हैं।

यदि चीन एलएसी का उल्लंघन करता है तो रूस भारत की रक्षा नहीं करेगा: अमेरिका

नई दिल्ली। अमेरिका ने बृहस्पतिवार को कहा कि रूस के खिलाफ अमेरिकी प्रतिबंधों में सक्रियता से गतिरोध पैदा करने वाले देशों को अंजाम भुगतने पड़ेंगे। साथ ही, यह भी कहा कि वह रूस से ऊर्जा एवं अन्य वस्तुओं सहित भारत के आयात में तीव्र वृद्धि देखना नहीं चाहेगा। अमेरिका के उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (डिप्टी एनएसए) दलीप सिंह ने मास्को एवं बीजिंग के बीच असीमित साझेदारी का भी जिक्र किया और कहा कि किसी को भी ऐसा नहीं लगता है कि यदि चीन वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) का उल्लंघन करता है तो रूस, भारत की रक्षा करने के लिए दौड़ा चला आएगा। सिंह ने कहा कि भारत का रूसी ऊर्जा का मौजूदा आयात अमेरिका के किसी प्रतिबंध (रूस के खिलाफ) का उल्लंघन नहीं करता है क्योंकि अमेरिका ने रूस से ऊर्जा की आपूर्ति को छूट दे रखी है, लेकिन साथ ही वाशिंगटन अपने सहयोगियों को (शेष पेज 8)

भारत से संबंध मजबूत करना पहले से कही अधिक महत्वपूर्ण

- ब्रिटेन की विदेश मंत्री लिज ट्रस ने कहा

भाषा। नई दिल्ली

ब्रिटेन की विदेश मंत्री लिज ट्रस ने बृहस्पतिवार को कहा कि यूक्रेन संकट के संदर्भ में भारत के साथ संबंधों को मजबूत करना पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। भारत दौरे पर आईं ट्रस ने विदेश मंत्री एस जयशंकर से बातचीत के ठीक बाद यह टिप्पणी की। ट्रस ने कहा कि यूक्रेन संकट ने समान विचारधारा वाले देशों के एक साथ काम करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला है।

उन्होंने कहा कि दुनिया के लिए यूक्रेन संकट के दूरगामी प्रभाव होंगे। ब्रिटेन की विदेश मंत्री ने कहा, भारत के साथ संबंधों को मजबूत करना पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि हम एक अधिक असुरक्षित दुनिया में रह रहे हैं, जो हम (व्लादिमीर) पुतिन के यूक्रेन पर भयावह आक्रमण के मामले में देख रहे हैं। जयशंकर के साथ इंडिया-यूके स्ट्रैटेजिक फ्यूचर्स फोरम को संबोधित करते हुए ट्रस ने कहा, मुझे लगता है कि यह बहुत जरूरी है कि रूस पर प्रतिबंध लगाए जाएं।

अपनी शुरुआती टिप्पणियों में ट्रस ने कहा कि संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और अंतरराष्ट्रीय कानून के सिद्धांतों का सम्मान करना महत्वपूर्ण है। जयशंकर ने रोडमैप-2030 के क्रियान्वयन में प्रगति के बारे में बात की जिसे पिछले साल मई में संबंधों को और व्यापक बनाने के लिए अपनाया गया था। वार्ता से पहले ब्रिटिश उच्चायोग ने एक बयान में कहा कि लिज ट्रस जयशंकर से मुलाकात के दौरान यूक्रेन पर रूस के आक्रमण को (शेष पेज 8)

दिल्ली में मास्क की अनिवार्यता खत्म, अब नहीं लगेगा जुर्माना

- कोविड केस कम होने के बाद डीडीएमए ने सार्वजनिक स्थानों पर दी छूट
- पहले 2000 रुपये और फिर घटाकर 500 रुपये की गई थी जुर्माना राशि, अब बिल्कुल खत्म

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में मास्क लगाने की अनिवार्यता खत्म कर दी गई है। दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) ने बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि दिल्ली में मास्क नहीं लगाने पर न कोई चालान होगा, न ही जुर्माना वसूला जाएगा। एहतियात के तौर पर डॉक्टरों, प्रयोगशालाओं और स्वैच्छिक नेटवर्क के जरिये विशिष्ट बीमारियों, स्थितियों की निगरानी होगी। हालांकि महामारी एक्ट जारी रहेगा, ताकि कोरोना जांच और टीकाकरण जारी रहे। राजधानी में कोरोना वायरस के संक्रमण की स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में होने और संक्रमण दर 0.5 फीसदी के आसपास होने पर संतोष जताया गया है।

कोविड-19 के रोजाना के मामलों में उल्लेखनीय गिरावट आने के बाद बृहस्पतिवार को दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) की समीक्षा बैठक उपराज्यपाल अनिल बैजल की अध्यक्षता मे हुई। इस बैठक में फैसला लिया गया कि भीड़-भाड़ वाली जगहों पर मास्क पहनने के लिए एडवायजरी जारी की जा सकती है। वर्तमान दिल्ली में सार्वजनिक जगहों पर फेस मास्क नहीं पहनने पर 500 रुपये का जुर्माना है। उपराज्यपाल ने में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये हुई इस बैठक में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, राजस्व मंत्री कैलाश गहलोत, मुख्य सचिव विजय कुमार देव, एम्स के निदेशक डॉ. रणदीप गुलेरिया सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

कोरोना मामलों में खासी गिरावट के बावजूद विशेषज्ञों के साथ विस्तृत चर्चा के बाद अस्पताल आधारित प्रहरी निगरानी और लक्षित आबादी के टीकाकरण कवरेज को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने का निर्णय भी लिया गया। कोविड-19 के प्रबंधन में सभी विभागों द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना करते हुए, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की सलाह के अनुसार कोविड उपयुक्त व्यवहार के परीक्षण, ट्रैक, उपचार, टीकाकरण और पालन की पांच गुना रणनीति का पालन करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया। साथ ही भविष्य में उत्पन्न होने वाले (शेष पेज 8)

नगालैंड, असम, मणिपुर में आफस्पा का क्षेत्र घटा

- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने की घोषणा

भाषा। नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को ऐलान किया कि दशकों बाद एक अप्रैल से नगालैंड, असम और मणिपुर में सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम (आफस्पा) के तहत आने वाले अशांत क्षेत्रों को घटाया जा रहा है। गृह मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने बताया कि इस फैसले का मतलब यह नहीं है कि उग्रवाद प्रभावित इन राज्यों से आफस्पा को पूरी तरह से हटाया जा रहा है, बल्कि यह कानून तीन राज्यों के कुछ इलाकों में लागू रहेगा।

करीब तीन महीने पहले केंद्र ने नगालैंड से आफस्पा को हटाने की संभावना को देखने के लिए एक उच्च स्तरीय समिति गठित की थी। नगालैंड में पिछले साल दिसंबर में सेना ने गलत पहचान के मामले में 14 आम लोगों को मार दिया था। शाह ने ट्विटर पर कहा, एक अहम कदम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णायक नेतृत्व में भारत सरकार ने नगालैंड, असम और मणिपुर में दशकों बाद सशस्त्र बल विशेषाधिकार कानून के तहत आने वाले अशांत इलाकों को घटाने का फैसला किया है। गृह मंत्री ने कहा कि सुरक्षा में सुधार, निरंतर प्रयासों के कारण तेज़ी से हुए विकास, मोदी सरकार द्वारा उग्रवाद खत्म करने के लिए किए गए कई समझौतों और पूर्वोत्तर में स्थाई शांति के फलस्वरूप आफस्पा के तहत आने वाले इलाकों को घटाया जा रहा है।

उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अटूट प्रतिबद्धता की वजह से दशकों से उपेक्षा झेल रहा हमारा पूर्वोत्तर क्षेत्र अब शांति, समृद्धि और अभूतपूर्व विकास का गवाह बन रहा है। मैं पूर्वोत्तर के लोगों को इस अहम मौके पर बधाई देता हूं। इन तीन पूर्वोत्तरी राज्यों में दशकों से आफस्पा लागू है जिसका मकसद क्षेत्र में उग्रवाद से निपटने के लिए तैनात सुरक्षा बलों की मदद करना है। आफस्पा सुरक्षा बलों को अभियान चलाने और बिना वारंट के किसी को भी गिरफ्तार करने की शक्ति प्रदान करता है और अगर सुरक्षा बलों की गोली से किसी की मौत हो जाए तो भी यह उन्हें गिरफ्तारी और अभियोजन से संरक्षण प्रदान करता है। इस कानून के कथित कड़े प्रावधानों के कारण समूचे पूर्वोत्तर और जम्मू कश्मीर से इसे पूरी तरह से हटाने के लिए प्रदर्शन होते रहे हैं।

मणिपुर की कार्यकर्ता इरोम चानू शर्मिला ने कानून को हटवाने के लिए 16 साल तक भूख हड़ताल की। उन्होंने नौ अगस्त 2016 को अपनी भूख हड़ताल खत्म कर दी थी। वर्ष 2015 में त्रिपुरा से और 2018 में मेघालय से आफस्पा को पूरी तरह से हटा दिया था। समूचे असम में 1990 से अशांत क्षेत्र अधिसूचना लागू है। स्थिति में अहम सुधार को देखते हुए एक अप्रैल से असम के 23 जिलों से आफस्पा पूरी तरह हटाया जा रहा है जबकि एक जिले से यह आंशिक रूप से खत्म किया जा रहा है। इंफाल नगरपालिका के (शेष पेज 8)

दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर आज से लगेगा टोल

- उत्तर प्रदेश के अन्य हाइवे व राजमार्गों पर टोल टैक्स में 10% का इजाफा
- दिल्ली से डासना तक फ्री, परंतु आगे हापुड़ या मेरठ जाने पर पूरे मार्ग की वसूली होगी
- दिल्ली से मेरठ तक 155 रुपए और दिल्ली से हापुड़ जा रहे हैं तो 140 रुपये लगेंगे

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर गुरुवार आधी रात से टोल वसूली शुरू होगी यानी एक अप्रैल से दिल्ली से मेरठ के बीच मुफ्त सफर नहीं किया जा सकेगा। हालांकि टोल दिल्ली से डासना के बीच नहीं लगेगा, बल्कि डासना से आगे मेरठ या हापुड़ तक सफर करते हैं तो जेब ढीली करनी पड़ेगी। इसके अलावा उत्तर प्रदेश के सभी एक्सप्रेसवे और हाईवे पर टोल टैक्स के रेट शुक्रवार से बढ़ जाएंगे। एनएचएआई ने सभी टोल प्लाजा पर 10 प्रतिशत टोल टैक्स बढ़ाने का निर्णय लिया है।

इस बारे में एनएचएआई के अधिकारियों ने बताया कि भारतीय कैलेंडर के मुताबिक नए साल एक अप्रैल से एनएचएआई की सभी हाईवे पर 10 प्रतिशत टोल की बढ़ोतरी की जाएगी और दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर टोल वसूली भी शुरू हो जाएगी। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे के जरिए दिल्ली से मेरठ तक सफर करने वालों को 155 रुपए का टोल देना होगा। यदि दिल्ली से हापुड़ जा रहे हैं तो अब 140 रुपये का टोल देना होगा। पहले इस पर 130 रुपये टोल लगता था। एनएचएआई के अधिकारियों का कहना है कि हर साल एक अप्रैल को टोल की दरें संशोधित की जाती हैं। उसी क्रम में यह बढ़ोतरी हुई है। हापुड़ जिले में रजिस्टर्ड कमर्शल (शेष पेज 8)

इमरान और विपक्ष में समझौते के प्रयास जारी

- संसद सत्र रविवार तक स्थगित, अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा नहीं

भाषा। लाहौर

दो प्रमुख सहयोगी दलों के पाला बदलने के बाद 342 सदस्यीय नेशनल असेंबली में बहुमत खोने वाले प्रधानमंत्री इमरान खान और संयुक्त विपक्ष के बीच निचले सदन को भंग करने के लिए समझौते पर पिछले दरवाजे से प्रयास चल रहे हैं। उच्च पदस्थ सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। संघीय सरकार में उच्च पदस्थ सूत्र ने पीटीआई-भाषा को बताया कि खान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के मुद्दे पर पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) सरकार और संयुक्त विपक्ष के बीच पिछले दरवाजे से बातचीत चल रही है।

सूत्र ने कहा, बातचीत एक बिंदु पर केंद्रित है- संयुक्त विपक्ष खान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव वापस लेगा और बदले में वह नेशनल असेंबली को नए सिरे से चुनाव के लिए भंग करेंगे। उन्होंने कहा, अगर विपक्ष और सरकार के बीच समझौता हो जाता है तो प्रतिष्ठान में शीर्ष व्यक्ति गारंटर हो सकता है। उन्होंने कहा, अगर यह समझौता हो जाता है, तो इस साल अगस्त में नए चुनाव होंगे। उन्होंने कहा कि चूंकि विपक्ष खान पर भरोसा नहीं कर रहा है, इसलिए गारंटर उसकी चिंताओं को शांत कर सकता है। सूचना मंत्री फवाद चौधरी द्वारा बुधवार को सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा और प्रधानमंत्री खान के बीच बैठक की पुष्टि के एक दिन बाद यह घटनाक्रम सामने आया है।

पाकिस्तान के अस्तित्व के 73 से अधिक वर्षों के आधे से अधिक समय तक देश पर शासन करने वाली शक्तिशाली सेना अब तक सुरक्षा और विदेश नीति के मामलों में काफी प्रभाव दिखाती रही है। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (शेष पेज 8)

त्यागपत्र नहीं दूंगा: इमरान खान

भाषा। इस्लामाबाद



पाक के प्रधानमंत्री इमरान खान ने नेशनल असेंबली में बहुमत खोने के बावजूद बृहस्पतिवार को संकेत दिया कि वह इस्तीफा नहीं देंगे। साथ ही, जोर देते हुए कहा कि वह रविवार को होने वाले अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान का सामना करेंगे। राष्ट्र के नाम सीधे प्रसारण वाले एक संबोधन में खान (69) ने कहा कि अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान का चाहे जो कुछ नतीजा आए, वह और अधिक मजबूत होकर लौटेंगे। खान को, उन्हें प्रधानमंत्री पद से बेदखल करने की विपक्ष की कोशिश को नाकाम करने के लिए 342 सदस्यीय संसद के निचले सदन में 172 वोट की जरूरत है। हालांकि, विपक्ष ने अपने पक्ष में 175 सांसदों का समर्थन हासिल होने का दावा किया और प्रधानमंत्री से फौरन इस्तीफा देने की मांग की है।

बाजार

सेंसेक्स	58,568	↓	115	
निफ्टी	17,464	↓	33	
सोना	51,542	↓	117	/10g
चांदी	66,905	↓	693	/kg

क्विक न्यूज

हिजाब पहनी छात्राओं को परीक्षा की अनुमति देने पर सात शिक्षक निलंबित

बेंगलुरु राज्य के गडग जिले में कथित तौर पर हिजाब पहने लड़कियों को 10वीं की बोर्ड परीक्षा में बैठने की अनुमति देने वाले सात शिक्षकों को निलंबित कर दिया गया है। शिक्षा विभाग के सूत्रों ने यह जानकारी दी। निलंबित शिक्षक सीएस पाटिल स्कूल में परीक्षा पर्यवेक्षक थे। उन्होंने बताया कि दो अन्य शिक्षक जो केंद्र अधीक्षक थे उन्हें भी निलंबित किया गया है। कार्रवाई इसलिए की गई क्योंकि यह कर्नाटक उच्च न्यायालय के उस आदेश के खिलाफ था जिसमें उडुपी गवर्नमेंट प्री-यूनिवर्सिटी गर्ल्स कॉलेज की मुस्लिम लड़कियों की याचिकाओं को खारिज कर दिया गया था। लड़कियों ने हिजाब या शांति, सद्भाव और सार्वजनिक व्यवस्था को भंग करने वाले किसी भी कपड़े पर प्रतिबंध लगाने के सरकारी आदेश को चुनौती दी थी।

सोनिया ने मनरेगा बजट में कटौती का विषय उठाया

- सरकार ने आरोपों का खंडन किया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने बृहस्पतिवार को लोकसभा में कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के बजट में कटौती की गई है जिसके कारण मजदूरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, ऐसे में सरकार को पर्याप्त आवंटन सुनिश्चित करना चाहिए। सोनिया गांधी ने सदन में शून्यकाल के दौरान यह विषय उठाया।

सरकार ने उनके आरोपों को तथ्यों से परे करार देते हुए कहा कि मनरेगा के लिए एक लाख करोड़ रुपए से अधिक का आवंटन हुआ है, जबकि पूर्व की संप्रग सरकार के समय न सिर्फ आवंटन कम था, बल्कि भ्रष्टाचार भी होता था। सोनिया गांधी ने शून्यकाल के दौरान यह विषय उठाते हुए कहा, मनरेगा का कुछ साल पहले कई लोगों ने मजाक उड़ाया था, उसी मनरेगा ने कोविड और बार-बार के लॉकडाउन में प्रभावित करोड़ों गरीब परिवारों को ठीक समय पर सहायता प्रदान करते हुए सरकार के बचाव में एक सार्थक भूमिका निभाई है। उन्होंने दावा किया, मनरेगा के लिए आवंटित बजट में लगातार कटौती की जा रही है, जिसके कारण काम (शेष पेज 8)

हवाई अड्डों से धड़ल्ले से हो रही वन्यजीवों की तस्करी

- वन्य जीवों तक आसान पहुंच और कम यात्रा समय के कारण हवाई जहाज तस्करों की पहली पसंद
- अध्ययन में खुलासा एक दशक देश के 18 हवाई अड्डों पर तस्करी का सामान पकड़े जाने की 70,000 घटनाएं

अर्चना ज्योति। नई दिल्ली

वन्यजीव तस्कर विमानन क्षेत्र की व्यापक पहुंच और यात्रा समय कम हो जाने का खुले तौर पर फायदा उठा रहे हैं। एक नए अध्ययन से पता चला है कि 2011 से 2020 तक दस वर्षों में 70,000 देशी-विदेशी जानवरों खासकर उनके शरीर के अंगों एवं लाल चंदन जैसे डेरिवेटिव की 18 हवाई अड्डों से तस्करी करने का प्रयास किया गया।

ट्रैफिक इंडिया द्वारा हाल ही में जारी की गई रिपोर्ट हाई फ्लाइंग : इनसाइट इन वाइल्डलाइफ ट्रैफिकिंग थ्रू इंडियाज एयरपोर्ट्स में कहा गया है कि अवैध वन्यजीव उत्पादों की तस्करी में चेन्नई हवाई अड्डे का सबसे अधिक दुरुपयोग किया गया। शोध के लेखक डॉ. साकेत बडोला और आस्था गौतम ने कहा कि एक दशक की अवधि के दौरान विभिन्न हवाई अड्डों से कम से कम 140 वन्यजीव जब्ती की घटनाएं सामने आई हैं। डॉ. साकेत ने कहा कि यह तो तस्करी किए जाने वाले सामान का बहुत छोटा सा हिस्सा है, वास्तविक तस्करी तो बहुत ज्यादा है, क्योंकि अधिकांश अवैध वन्यजीव व्यापार अनियंत्रित है, जिसका पता नहीं चल पाता। रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रतिबंधित पदार्थों की तस्करी के लिए हर तरह के नापाक हथकंडे अपनाए जाते हैं। तस्कर व्यक्तिगत सामान, कपड़ों, जूतों और अन्य पहनने योग्य वस्तुओं में छुपाकर संरक्षित प्रजातियों या उनसे बने सामान को ले जाते हैं।

इससे भी अधिक चिंता की बात यह है कि जब्त की गई कई प्रजातियों को आईयूसीएन रेड लिस्ट में खतरे के रूप में वर्गीकृत किया गया है और वन्य जीवों और वनस्पतियों (सीआईटीईएस) परिशिष्टों की लुप्तप्राय प्रजातियों में अंतरराष्ट्रीय व्यापार पर कन्वेंशन में सूचीबद्ध किया गया है। उदाहरण के लिए, भारतीय स्टार कछुआ आईयूसीएन रेड लिस्ट में लुप्तप्राय: सूची में दर्ज है। हालांकि, तस्कर स्पष्ट रूप से खतरे की स्थिति और परिशिष्ट -1 में अंतरराष्ट्रीय सीआईटीईएस नियमों की अवहेलना करते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2011-2020 के बीच जब्त की गई देशी प्रजातियों में भारतीय स्टार कछुए की संख्या सबसे अधिक थी। जब्त किए गए प्रजातियों के समूहों में (भारतीय और विदेशी दोनों प्रजातियों सहित), सरीसृप सबसे अधिक 46 प्रतिशत थे।

इसके बाद स्तनधारी 18 प्रतिशत, लकड़ी 13 प्रतिशत और समुद्री पर्यावरण से संबंधित प्रजातियां 10 प्रतिशत रहीं। यही नहीं, 12 पृष्ठों की रिपोर्ट में कहा गया है कि जब्त की गई देशी प्रजातियों में सबसे अधिक संख्या में भारतीय स्टार कछुआ, उसके बाद ब्लैक पॉन्ड टर्टल जियोक्लेमीस हैमिल्टन शामिल हैं, जबकि गैर-देशी (शेष पेज 8)

नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे की विकास योजना तैयार

छह अप्रैल को लखनऊ में दी जाएगी मंजूरी

● लेआउट प्लान को पहले ही मिल चुकी है मंजूरी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

जेवर में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के डेवलपमेंट प्लान पर 6 अप्रैल को मुहर लगेगी। यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से पेश किए गए डेवलपमेंट प्लान का तकनीकी परीक्षण हो गया है। परीक्षण के बाद यह प्लान नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड को सौंपा गया है। नियाल की बोर्ड बैठक में यह रखा जाएगा।

यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी की ओर से बताया गया है कि जेवर एयरपोर्ट का लेआउट प्लान पहले पास हो चुका है। अब डेवलपमेंट प्लान पर मुहर लगनी है। वाईआईपीएल ने डेवलपमेंट प्लान बनाकर नियाल को सौंपा था। नियाल ने इस डेवलपमेंट प्लान का तकनीकी परीक्षण कराया है। भारत सरकार की कंपनी इंजीनियरिंग इंडिया लिमिटेड ने इसका तकनीकी परीक्षण किया और जो कमियां थीं, उनको दूर करने के लिए कहा था। वाईआईपीएल ने उन कमियों को दूर करके डेवलपमेंट प्लान नियाल को सौंप दिया है। अब लखनऊ में 6 अप्रैल को नियाल की बोर्ड बैठक होगी। बोर्ड बैठक में डेवलपमेंट प्लान को रखा जाएगा। डेवलपमेंट प्लान पास होने के बाद उसी के अनुरूप काम किया जाएगा। इंजीनियरिंग इंडिया लिमिटेड निर्माण कार्य की निगरानी करेगी।

कंपनी के इंजीनियर रोजाना रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। निर्माण की गुणवत्ता को जाचेंगे। डेवलपमेंट प्लान में यह बताया गया है कि रनवे कहां पर बनेगा, उसकी लंबाई और चौड़ाई क्या होगी, उस पर लगने वाली निर्माण सामग्री किस तरह की होगी, इसी तरह एयरपोर्ट के लिए जो भी काम होंगे, उसकी पूरी जानकारी इस प्लान में है। निर्माण के लिए की हर चीज तय की जाएगी। वहीं, वाईआईएपीएल निर्माण के लिए एजेंसी की तलाश कर रही है। अगले महीने 30 अप्रैल तक एजेंसी का चयन हो जाएगा। कंपनी ने इसके लिए टेंडर निकाले थे।

टाटा और एलएनटी जैसी कंपनियां काम करने की इच्छुक

जेवर में बन रहा नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा एशिया का दूसरा सबसे बड़ा और दुनिया का चौथे नंबर का हवाईअड्डा होगा। लिहाजा, यह एयरपोर्ट बनाने के लिए देशी और विदेशी कंपनियां लाइन में लगी हुई हैं। अगर भारतीय कंपनियों की बात करें तो इसमें टाटा और एलएंडटी समेत तीन कंपनियां शामिल हैं। इन्हीं तीन कंपनियों में किसी एक को काम मिलेगा। आपको बता दें कि सितंबर 2024 तक हर हाल में नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से उड़ान शुरू करनी हैं। अगर कंपनी ऐसा नहीं कर पाई तो उस पर प्रतिदिन जुर्माना लगाया जाएगा।

'बोर्ड बैठक में डेवलपमेंट प्लान को रखा जाएगा। डेवलपमेंट प्लान पास होने के बाद उसी के अनुरूप काम किया जाएगा। इंजीनियरिंग इंडिया लिमिटेड निर्माण कार्य की निगरानी करेगी और रोजाना रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे साथ ही निर्माण की गुणवत्ता भी जांचेंगे'

मुखबिरी के शक में दोस्त की हत्या करने वाला गिरफ्तार

नोएडा। ग्रेटर नोएडा पुलिस और शातिर बदमाश के बीच गुरुवार सुबह मुठभेड़ हुई है। इस मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने अपने दोस्त की हत्या करने वाले आरोपी को गोली मारकर घायल किया है। पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया है। मुठभेड़ में घायल बदमाश ने अपने साथियों के साथ मिलकर अपने दोस्त की हत्या कर दी थी। इस मामले में पुलिस ने पहले ही चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था और अब गुरुवार को मुठभेड़ के दौरान एक अन्य आरोपी गिरफ्तार हुआ है।

ग्रेटर नोएडा के एडिशनल डीसीपी ने बताया कि गुरुवार की सुबह इकोटेक-3 थाना पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़ हुई है। यह मुठभेड़ ग्रेटर नोएडा के मिलेनियम स्कूल के पास हुई है। पुलिस द्वारा चलाई गई गोली में शातिर बदमाश अमन निवासी हल्द्वानी को गोली लगी है। अमन मूल रूप से मध्य प्रदेश का रहने वाला है।

ग्रेटर नोएडा के छह बिल्डरों पर गिरी गाज

प्राधिकरण ने ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट के आवंटन किए रद्द

1,60,000 वर्ग मीटर जमीन वापस ले ली, 18 करोड़ रुपए भी किए जब्त

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

प्राधिकरण सीईओ डॉ अरुणवीर सिंह

नोएडा और ग्रेटर नोएडा में एक के बाद एक बिल्डरों पर आफत टूट रही है। अब गुरुवार को यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी ने छह बिल्डरों पर बड़ी कार्रवाई की है। यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे इन बिल्डरों को आवंटित जमीनों का आवंटन रद्द कर दिया गया है। अथॉरिटी ने बिल्डरों से 1,60,000 वर्ग मीटर जमीन वापस ली है। भूमि आवंटन की एवज में जमा किया गया पैसा भी जब्त कर लिया गया है। अब इन भूखंडों का अथॉरिटी नए सिरे से आवंटन करेगी।

यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ अरुणवीर सिंह ने 6 बिल्डरों के ग्रुप हाउसिंग भूखंड निरस्त किए हैं। इनकी लगभग 1,60,000 वर्ग मीटर जमीन वापस ले ली है। इन बिल्डरों के करीब 18 करोड़ रुपये जब्त कर लिए गए हैं।

गुरुवार को यह कड़ा फैसला प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ अरुणवीर सिंह ने लिया है। डॉ अरुणवीर सिंह ने कहा, भूमि का आवंटन लेने के बाद इन बिल्डरों ने प्राधिकरण की बकाया धनराशि नहीं चुकाई है। आवंटित भूमि पर परियोजनाएं शुरू नहीं की गई हैं। बिल्डरों को बार-बार बकाया पैसा चुकाने के लिए नोटिस भेजे गए लेकिन कोई जवाब नहीं दिया गया। अब इनके आवंटन रद्द कर दिए गए हैं।

सीईओ ने बताया कि यह सारे बिल्डर डिफॉल्टर थे, अथॉरिटी की बकाया धनराशि जमा नहीं कर रहे थे। करीब 2 वर्षों से लगातार भुगतान करने के लिए इन्हें नोटिस भेजे जा रहे थे। अंतिम नोटिस भेजकर अवसर दिया जा चुका था। अब इनके आवंटन रद्द कर दिए गए हैं। इनसे वापस मिली जमीन अब नए सिरे से दूसरी कंपनियों को आवंटित की जाएगी। मिली जानकारी के मुताबिक इन बिल्डरों ने अभी तक आवंटित भूमि पर निर्माण कार्य शुरू नहीं किया था। नक्शे भी पास नहीं करवाए थे। प्रोजेक्ट पूरा करने का निर्धारित वक्त बीत चुका है। इनमें से कई बिल्डरों को जमीन लिए करीब 10 साल हो चुके हैं। इन ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट की एक और अच्छी बात यह रही है कि इन बिल्डरों ने प्रोजेक्ट लॉन्च नहीं किए हैं। जिसके चलते आम आदमी को प्रॉपर्टी नहीं बेची गई हैं। यमुना प्राधिकरण के अफसरों ने बताया कि इन परियोजनाओं में आम आदमी का कोई हित निहित नहीं है। मतलब, भूमि आवंटन रद्द होने से आम जनता को कोई नुकसान नहीं होगा।

किस बिल्डर की कितनी संपत्ति जब्त

●सन वाइट इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड, सेक्टर-डी, 11,253. वर्ग मीटर, 1.33 करोड़ जब्त। ●प्रथम रियल वेंचर्स, सेक्टर-डी, 11.610. वर्ग मीटर, 1.36 करोड़ जब्त। ●ग्रोथ इंफ्राटेक, सेक्टर-डी, 18,440. वर्ग मीटर, 12.16. करोड़ जब्त ●यूजी इंफ्रा स्ट्रेचर, सेक्टर-डी , 10,103. वर्ग मीटर, 1.18. करोड़ जब्त। ●तृवली प्रोजेक्ट, सेक्टर-डी, 11,610 . वर्ग मीटर, 1.36 करोड़ जब्त।

गाजियाबाद के एसएसपी पवन कुमार निलंबित

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

जनपद के कप्तान आईपीएस पवन कुमार सस्पेंड हो गए हैं। यह कार्रवाई उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की है। बताया जा रहा है कि जिले में पिछले कुछ समय से कानून व्यवस्था खराब थी और पवन कुमार कानून व्यवस्था को संभालने में नाकामयाब साबित हुए। जिसकी वजह से योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को एसएसपी को सस्पेंड कर दिया है। बताया जा रहा है कि जल्द ही गाजियाबाद में नए एसएसपी की जिम्मेदारी दी जाएगी।

पवन कुमार 2009 बैच के आईपीएस अफसर हैं। उनकी गिनती उत्तर प्रदेश के तेज-तर्रार अफसरों में होती है। उनको 18 अगस्त 2021 को गाजियाबाद एसएसपी की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। उनसे पहले एसएसपी अमित पाठक थे। जिनका ट्रांसफर होने के बाद उनको गाजियाबाद के नए एसएसपी के पद पर नियुक्त किया गया था।

सपा सरकार के दौरान 2016 में पवन कुमार का तबादला उन्नाव से सीतापुर कर दिया गया था, लेकिन चार्ज लेने के 5 दिन बाद ही उनका ट्रांसफर रायबरेली कर दिया गया। हालांकि रायबरेली कप्तान का चार्ज संभालने से पहले उनके उन्हें पुलिस मुख्यालय से संबद्ध कर दिया गया था। उनकी जगह सीतापुर एसपी बनाए गए एचएन सिंह को एसपी रायबरेली के तौर पर भेजा गया था। आईपीएस अधिकारी पवन कुमार ट्रेनिंग के दौरान एसपी सिटी आगरा के पद पर तैनात रहे। वह शामली, चित्रकूट, जौनपुर, उन्नाव, सीतापुर, सुल्तानपुर में कप्तान के पद पर तैनात रह चुके हैं।

48 घंटों में गोल्फ एवेन्यू के 117 फ्लैट किए सील

नोएडा। सेक्टर-75 स्थित गोल्फ एवेन्यू सोसाइटी में प्राधिकरण द्वारा दूसरे दिन भी सीलिंग की कार्रवाई की है। प्राधिकरण टीम ने सोसायटी के 67 बिना बिके फ्लैटों को सील किया। वहीं, पहले दिन बिल्डर के 50 फ्लैटों को सील किया गया। दो दिनों में प्राधिकरण ने बिल्डर के 117 बिना बिके फ्लैटों को सील कर दिया है। इसी के साथ सोसाइटी के लिए जारी आंशिक ओसी को भी निलंबित कर दिया गया है।

आपको बता दें कि प्राधिकरण द्वारा बिल्डर पर यह कार्रवाई लोगों द्वारा दी गई शिकायत और प्राधिकरण के आदेश की अनदेखी करने पर की गई है। इस सोसाइटी में 626 फ्लैट स्वीकृत है, लेकिन प्राधिकरण द्वारा ओसी निलंबित किए जाने से अब इन फ्लैटों की रजिस्ट्री नहीं हो सकेगी। वहीं, अधिकारियों का कहना है कि फ्लैटों की सीलिंग तभी हटाई जाएगी, जब बिल्डर द्वारा खरीदारों की समस्याओं का निवारण कर दिया जाएगा।

संक्षिप्त समाचार

सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय पर धरना देते आप कार्यकर्ता।

सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय पर दिया धरना

नोएडा। सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय पर गुरुवार को आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। बता दें कि विरोध प्रदर्शन का कारण बीते बुधवार को बीजेपी कार्यकर्ताओं द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर बाहर बवाल को लेकर था। वहीं, आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने विरोध प्रदर्शन में पहुंचकर एसआईटी जांच की मांग की और इस मामले में दोषी लोगों पर कार्रवाई की बात की। इस तोड़फोड़ में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर के बाहर लगे बूम बैरियर को भी तोड़ दिया और बैरिकेट्स को भी तोड़ा गया था। बीजेपी के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री केजरीवाल के घर के बाहर लगे गेट को भी भगवे रंग से रंग दिया था। इसके बाद बवाल काट रहे बीजेपी के कार्यकर्ता कुछ समय बाद वहां से निकल गए थे।

घर में चोरी करने वाली 2 नौकरानी गिरफ्तार

नोएडा। पुलिस ने दो नौकरानी को गिरफ्तार किया है। जिसने अपनी मकान मालकिन के घर से लाखों रुपए की कीमती सामान चोरी कर लिया था। पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया है। यह मामला नोएडा के सेक्टर-48 का है। यहां रहने वाली एक महिला ने पुलिस को शिकायत दी कि उनके घर में काम करने वाली नौकरानी ने उनके घर पर कपड़े, कीमती सामान और काफी सारा नकद चोरी कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने सेक्टर-49 कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने जांच के दौरान पीड़ित महिला के घर में काम करने वाली नौकरानी गीता और रूपा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों महिलाओं को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है और उनकी निशानदेही से चोरी किया गया माल भी बरामद कर लिया है। यह कार्रवाई मकान मालकिन की शिकायत पर की गई है।

सुबह पांच बजे निरीक्षण पर निकले नगर आयुक्त

गाजियाबाद। स्वच्छ सर्वेक्षण की टीम अब एक अप्रैल के बाद कभी भी गाजियाबाद आ सकती है। इसी को लेकर अब नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तंवर और एक्टिव हो गए हैं। वह बृहस्पतिवार सुबह करीब पांच बजे ही शहर में सफाई व्यवस्था देखने के लिए कैंप ऑफिस से निकल गए। इतने सबेरे नगर आयुक्त को निरीक्षण पर देख निगम के कई अधिकारियों के होश उड़ गए। नगर आयुक्त ने सुबह पांच बजे से लेकर सुबह आठ बजे तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। एक से 31 मार्च के बीच किसी भी दिन शहरी विकास मंत्रालय की टीम गाजियाबाद शहर का निरीक्षण करने के लिए आ सकती थी। अब सर्वेक्षण का टाइम 15 दिन और बढ़ाकर 15 अप्रैल तक हो गया है। गाजियाबाद में अभी तक सर्वेक्षण के लिए कोई भी टीम नहीं आई है।

लोन का झांसा देकर खाते से निकाले रुपए

गाजियाबाद। विजयनगर निवासी डेयरी संचालक सुंदर लाल भाटी से एक व्यक्ति ने लोन कराने का झांसा देकर दस्तावेज और चार कैंसल चेक ले लिए और जल्द लोन होने का आश्वासन दिया। इसके बाद जालसाल ने उनके खाते से चेक के जरिए 1.60 लाख रुपये निकाल लिए। सुंदर लाल को इसकी जानकारी मोबाइल पर संदेश आने पर हुई। उन्होंने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

सुंदर लाल भाटी का कहना है कि वह डेयरी संचालक हैं। उनकी डेयरी पर रूपेश नाम का व्यक्ति काम करता था लेकिन बाद में उसने लोन कराने का काम शुरू कर दिया। उनका कहना है कि रूपेश एक दिन उनके पास आया और लोन कराने की बात कहने लगा। इसके लिए वह उनसे दस्तावेज और चार कैंसल चेक ले गया और 15 मार्च को लोन होने की बात कही। सुंदर लाल को लोन तो मिला नहीं लेकिन उनके खाते से 1.60 लाख रुपये निकल गए।

कूलर के कारखाने में लगी आग आठ कामगार झुलसे

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

थाना बादलपुर क्षेत्र के विश्नोली गांव के पास कूलर के एक कारखाने में बृहस्पतिवार सुबह भयंकर आग लग गई,जिससे वहां काम कर रहे आठ लोग झुलस गए,इनमें अधिकतर महिलाएं हैं।

मुख्य दमकल अधिकारी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि थाना बादलपुर क्षेत्र के विश्नोली गांव के पास श्री श्याम नामक कूलर का पैड व घास बनाने का कारखाना है। इस कारखाने में सुबह पांच बजे भयंकर आग लग गई। उन्होंने बताया कि आग की सूचना पाकर मौके पर दमकल विभाग की आधा दर्जन गाड़ियां पहुंची और तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। उन्होंने बताया कि घटना के वक्त कारखाने के अंदर 24 से ज्यादा कामगार थे जिन्हें दमकल कर्मियों और पुलिस कर्मियों ने बाहर निकाला। उन्होंने बताया कि आग के चलते आठ लोग झुलस गए हैं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें पांच महिलाएं गंभीर रूप से झुलसी हैं और एक की हालत गंभीर बनी हुई है। उन्होंने कहा कि आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

सड़क पार कर रहे बुजुर्ग को कार ने मारी टक्कर

गाजियाबाद। नगर कोतवाली क्षेत्र के कैलाभट्ठा में एक कार ने सड़क पार कर रहे बुजुर्ग को टक्कर मार दी। इस घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे का वीडियो बुजुर्ग की मौत के संदेश के साथ इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो का संज्ञान लेकर नगर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच की तो बुजुर्ग की मौत की सूचना झूठी पाई गई।

पुलिस ने बताया कि उनका अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस का कहना है कि मामले में कोई शिकायत नहीं दी गई है। दोनों पक्षों के बीच इलाज कराने का खर्चा को लेकर समझौता हो गया। वायरल वीडियो बुधवार दोपहर का है, जिसमें एक बुजुर्ग कुर्सी लेकर सड़क पार करते नजर आ रहे हैं। इसी दौरान तेज रफ्तार कार ने बुजुर्ग को टक्कर मार दी। आसपास के लोगों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया।

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली–110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

क्र. सं.	कर्जदार/सह–कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता	प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता	प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि	एनपीए तिथि
1.	दीपेश श्रीवास्तव, उद्देश श्रीवास्तव, पूनम श्रीवास्तव, मकान नंबर 227, पटपड़गंज, ग्राम मयूर विहार फेज–1, दिल्ली खाता नंबर :– LBLUC00004651250	प्लॉट नंबर बी–17 ए पर निर्मित मकान, खसरा नंबर 386 मिनजुमला, ग्राम भूहर, वार्ड हैदरगंज, लखनऊ, उत्तर प्रदेश	07–01–2022 रू. 22,26,343/–	08/09/2021

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 01 अप्रैल, 2022
स्थान : दिल्ली/एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank
शाखा कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर– 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली– 110005

जबकि
अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थी जिसमें उक्त सूचना के प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्जदार/सह–कर्जदार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे है, अतएव एतद् द्वारा कर्जदार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षर दाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रुप से कर्जदार एवं जनसाधारण को सम्पत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

क्र.	कर्जदार/ सह–कर्जदार का नाम/ ऋण खाता क्र.	संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि	डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.)	शाखा का नाम
1.	रूपम खरे/ शालिनी सिंह/ LBDEL00004036565	फ्लैट नंबर– ए 308, टॉवर– के 10, कोयल एन्क्लेव कोड 847 गाजियाबाद/ 29 मार्च, 2022	जुलाई 06, 2021 ₹ 11,59,682/-	दिल्ली/ एनसीआर
2.	सीमा भंडारी/ संजय भंडारी/ LBGHZ00001246637	जे 603, छठी मंजिल प्लुमेरिया गार्डन एस्टेट, ग्रेटर नोएडा/ मार्च 29,2022	जुलाई 06, 2021 ₹ 10,88,512/-	दिल्ली/ एनसीआर
3.	सुधीर कुमार चौहान/ LBDEL00001409345	फ्लैट नंबर–एफ–1, एफ.एफ प्लॉट नंबर–बी–1/17 डीएलएफ, गाजियाबाद/ 29 मार्च, 2022	जून 06, 2021 ₹ 10,07,128/-	दिल्ली/ एनसीआर
4.	राजेश शुक्ला/ सुमन शुक्ला/ प्रशांत शुक्ला/ LBNOD00001257864	फ्लैट नंबर –204, प्लॉट नंबर–9, गौतम सहकारी आवास समिति लिमिटेड सेक्टर –6, वसुंधरा आवास योजना गाजियाबाद/ 29 मार्च, 2022	जुलाई 06, 2021 ₹ 10,53,403/-	दिल्ली/ एनसीआर
5.	बुलंद अख्तर/ शहनाज अंसम/ LBDEL00001692983	फ्लैट नंबर– बी–256, ब्लॉक–बी, एलआईजी फ्लैट्स, सेक्टर–19, नोएडा/ 29 मार्च, 2022	जुलाई 06, 2021 ₹ 7,78,491/-	दिल्ली/ एनसीआर
6.	भगत सिंह गोसाईं/ शारदा गोसाईं/ समीर दास/ LBDEL00000778492	हाउस नंबर– 44 ए, अभय खंड– I, इंद्रपुरम, गाजियाबाद/ 29 मार्च, 2022	जून 19, 2021 ₹ 6,72,786/-	दिल्ली/ एनसीआर
7.	गोपीनाथ नायक/ अराती नायक/ LBDEL00001727736/ LBAUR00002375917	एच. नंबर– 135 ब्लॉक–डी, सेक्टर– बेटा –1 जीबी नगर, उत्तर प्रदेश/ 29 मार्च, 2022	जून 19, 2021 ₹ 17,49,229/-	दिल्ली/ एनसीआर
8.	दीपक मलिक/ निशा मलिक/ LBDEL00001722412/ LBGHZ00001747100	प्लॉट नंबर–778, सेक्टर–3, वसुंधरा, गाजियाबाद/ 29 मार्च, 2022	जून 19, 2021 ₹ 13,06,952/-	दिल्ली/ एनसीआर
9.	प्रशांत मिश्रा/ देविका शर्मा/ LBDEL00005044172	फ्लैट नंबर–1402, 14वीं मंजिल, सनशाइन, हेलियोस– टॉवर–बी, प्लॉट नंबर–जीएच–005बी, सेक्टर–78 नोएडा, गौतम बुद्ध नगर 201301/ 29 मार्च, 2022	अगस्त 16, 2021 ₹ 1,04,33,847/-	दिल्ली/ एनसीआर
10.	अशोक कुमार गौर/ सिम्मी गौर/ LBNOD00002871312	फ्लैट नंबर– 104, पहली मंजिल, टावर टी 2, पंचशील हाइनिश, प्लॉट नंबर जीएच– 08ए, सेक्टर– 01, ग्रेटर नोएडा, नोएडा/ 29 मार्च, 2022	जुलाई 06, 2021 ₹ 19,63,678/-	दिल्ली/ एनसीआर
11.	अभिषेक मदान/ सोनिया मदान/ LBDEL00003053874/ LBDEL00003053873	फ्लैट नंबर 692, छठी मंजिल, 6 वीं एवेन्यू, ब्लॉक– एन, जीसी 06, गौर सिटी, प्लॉट नंबर– जीएच–01, सेक्टर 4, ग्रेटर नोएडा, गौतम बुद्ध नगर, 201301/ 29 मार्च, 2022	जुलाई 19, 2021 ₹ 34,86,918/-	दिल्ली/ एनसीआर
12.	संतोष कुमार श्रीवास्तव/ रेणु श्रीवास्तव/ LBNOD00004142292	फ्लैट नंबर एम–172/एफ–3, पहली मंजिल छत के स्तर तक (छत के अधिकार के बिना) पीछे की भाग, प्रताप विहार गाजियाबाद/ 29 मार्च, 2022	जुलाई 06, 2021 ₹ 17,06,905/-	दिल्ली/ एनसीआर
13.	रवि कुमार/ प्रतीक्षा गोयल/ LBNOD00004857927	फ्लैट नंबर–1102, फ्लोर–11, टावर–4, वेव ड्रीम होम्स ग्रुप हाउसिंग, जीएच– 6ए सेक्टर–5, वेव सिटी, गाजियाबाद/ 29 मार्च 2022	जुलाई 06, 2021 ₹ 20,61,769/-	दिल्ली/ एनसीआर
14.	संजय/ कौशल्या/ LBDEL00002351297	फ्लैट नंबर– सी 6–102, पहली मंजिल, टॉवर–सी 6, प्रतीक ग्रैंड सिटी, प्लॉट नंबर– 4/बीएस–01 और बीएस/05, सिद्धार्थ विहार एनएच–24 गाजियाबाद/ 29 मार्च, 2022	जुलाई 06, 2021 ₹ 15,89,200/-	दिल्ली/ एनसीआर

उपरोक्त दर्शाये गये कर्जदार/सह–कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक: अप्रैल 01, 2022
स्थान: दिल्ली /एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given to the General Public that Mr. Sanjay Duggal & Mr. Rajeev Duggal are claiming owners of Property bearing No. A-210, area measuring 122.35 sq. Mtrs., Situated in Residential Colony Sector 7, T.H.A. Surya Nagar, Ghaziabad, Tehsil & District Ghaziabad (the said property) after demise of their parents late Mr. Tilak Raj Duggal & Mrs. Raj Duggal as legal heirs as per SMC, who was owners of the said property by virtue of Freehold deed dated 21.05.2008, registration No. 13624, All persons including all other legal heirs are hereby informed that Mr. Sanjay Duggal & Mr. Rajeev Duggal wants Sell Entire Ground Floor of the said property to Mr. Harneet Singh who is taking home loan from ICICI Bank Ltd. for purchase of the Ground floor of the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership / Sale & Mortgage, litigation and any kind of objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.
Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

सार्वजनिक सूचना

मेरे मुवक्किल श्री अमृत पाल सिंह पुत्र बलवंत सिंह निवासी मकान नं. डी–146, फ्लैट नंबर 103, फस्ट फ्लोर, फ्रन्ट साइड सांई ऑगन भरत विहार, एन.एस.आई.टी. द्वारका, साउथ वेस्ट दिल्ली, दिल्ली–110078, अपने पुत्र हरकीरत सिंह पुत्र श्री अमृत पाल सिंह को अपनी सभी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करते है। यदि कोई इससे किसी प्रकार का लेन देन करेगा तो इसका जिम्मेदार वह स्वयं होगा, मेरे मुवक्किल कि इसमे कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। AMIT BATRA (Advocate)
26B/1, Desh Bandhu Gupta Road, Karol Bagh, New Delhi-110005, Contact No.: 9868066199

पशु आहार निर्माण शाला, रूद्रपुर
किच्छा बाईपास रोड, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) फोन नं: 05944–242552 ई–मेल: aanchalcattlefeed@gmail.com
पत्रांक : 2375–78/निविदा सूचना/2022–23
दिनांक: 31.03.2022

ई–प्रोक्योरमैन्ट नोटिस सूचना

इस कार्यालय की निविदा सूचना संख्या 17-18 Raw Material/Bhusa/CFP/2022-23 date 17.03.2022 के द्वारा निर्माणशाला के उत्पादित पशु–पक्षी आहार में प्रयुक्त होने वाले कच्चे माल (डी०ओ०एम०सी०, एम०ओ०सी०, मक्का, नमक, कैल्साईडट पाउडर, एस०आर०एन०) एवं काम्पैक्ट फीड ब्लाक में प्रयुक्त होने वाले गेहूँ भूसा के क्रय करने हेतु ई–निविदा Two Bid System के अर्न्तगत आपूर्तिकर्ता फर्मो से दिनांक 05.04.2022 के सांय 05.00 बजे तक "आँचल" पशु आहार निर्माणशाला रूद्रपुर (उधमसिंहनगर) एवं उत्तराखण्ड सहकारी डेरी फैडरेशन लि०, मंगलपडाव हल्द्वानी (नैनीताल) के कार्यालय में आमंत्रित की गयी थी। जिसे दिनांक 06.04.2022 को प्रातः 11.00 बजे उत्तराखण्ड सहकारी डेरी फैडरेशन लि0, मंगलपडाव हल्द्वानी (नैनीताल) के कार्यालय में उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जानी थी।

उक्त आमंत्रित ई–निविदाओं को अग्रिम आदेशों तक स्थगित किया जाता है।

सूचनार्थ
(अजय क्वीरा)
सामान्य प्रबन्धक

सूचना

प्रपत्र सं. आईएनसी–26

क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, नई दिल्ली के समक्ष कम्पनी अधिनियम, 2013, कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 13(4) तथा कम्पनी (निगमन) नियमावली, 2014 के नियम 30 (6) (क) के विषय में मानसी मार्केटर्स प्राइवेट लिमिटेड के विषय में, जिसका पंजीकृत कार्यालय डी–279, निर्माण विहार, लक्ष्मी नगर, दिल्ली ईस्ट – 110092 में स्थित है, सीआईएन : U74130DL1996PTC078913
..........याचिकादाता

एतद्द्वारा सर्व साधारण को सूचना दी जाती है कि कम्पनी द्वारा, 31–03–2022 को सम्पन्न इसकी असाधारण सामान्य बैठक में पारित विशेष प्रस्ताव के निबंधनों में कम्पनी को इसका पंजीकृत कार्यालय "राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली राज्य" से "उत्तर प्रदेश राज्य" में स्थानांतरित करने हेतु सक्षम बनाने के लिए कम्पनी के संस्था ज्ञापन में संशोधन की पुष्टि हेतु कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के अधीन एक आवेदन, केन्द्र सरकार के समक्ष प्रस्तुत किया जाना प्रस्तावित है।

कोई भी व्यक्ति जिसका हित कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित परिवर्तन से प्रभावित होने की संभावना है, अपने हित के स्वरूप तथा विरोध के आधार के उल्लेखकारी शपथपत्र द्वारा समर्थित अपनी आपत्तियां क्षेत्रीय निदेशक, बी–2 विंग, द्वितीय तल, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली–110003 को इस सूचना के प्रकाशन के चौदह दिन के भीतर सुपुर्द कर सकता है अथवा करवा सकता है अथवा पंजीकृत डाक से भेज सकता है जिसकी एक प्रति आवेदक कम्पनी को इसके डी–279, निर्माण विहार, लक्ष्मी नगर, दिल्ली ईस्ट – 110092 स्थित पंजीकृत कार्यालय भेजी जानी चाहिए :

कृते एवं हिते मानसी मार्केटर्स प्राइवेट लिमिटेड
अनुपमा शर्मा
स्थान : दिल्ली
तिथि : 31–03–2022
निदेशक–डीआईएन–00123890

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

सीएम आवास पर तोड़फोड़ मामले में 8 गिरफ्तार

सीसीटीवी फुटेज से की गई आरोपियों की पहचान, कुछ और लोग रडार पर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर हुई तोड़फोड़ मामले में दिल्ली पुलिस ने आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। आठों भाजपा युवा मोर्चे से जुड़े बताये जा रहे है।

पुलिस के मुताबिक सभी आवास पर हुई तोड़फोड़ में शामिल थे। पुलिस ने मामले दर्ज करने के बाद सीसीटीवी खंगाले और चेहरे की पहचान कीं। धरपकड़ के लिए पुलिस की छह टीमों को गठिन किया गया है। फिलहाल अभी कुछ और लोगों का पकड़ा जाना बाकी है। फिल्म द कश्मीर फाइल्स के संबंध में दिए गए केजरीवाल के बयान के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी की युवा शाखा के कार्यकर्ताओं ने विरोध-प्रदर्शन के दौरान बुधवार को मुख्यमंत्री के आवास पर कथित तौर पर तोड़फोड़ की थी।

पुलिस ने बुधवार को अज्ञात लोगों के खिलाफ इस संबंध में मामला दर्ज किया था। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) सागर सिंह कल्सी ने कहा, भारतीय दंड संहिता की धारा 186 (सरकारी कर्मचारी के कार्य में बाधा डालना), 188 (लोक सेवक द्वारा जारी आदेश का उल्लंघन), 353 (सरकारी कर्मचारी को हमला या आपराधिक बल के जरिए कर्तव्य निर्वहन से रोकना) और सार्वजनिक संपत्ति क्षति रोकथाम अधिनियम की धारा तीन के तहत एक मामला दर्ज किया गया है।

वहीं दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने आरोप लगाया है कि पंजाब चुनाव में हार से हताश भारतीय जनता पार्टी केजरीवाल को मारना चाहती है।

सिसोदिया ने दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी की युवा शाखा और भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने विरोध-प्रदर्शन के दौरान केजरीवाल के आवास पर सीसीटीवी कैमरे और सुरक्षा के लिए लगाए गए अवरोधकों को क्षतिग्रस्त किया।

देश के लिए जान भी दे सकता हूं : केजरीवाल

नई दिल्ली। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि वह देश के लिए अपनी जान न्योछावर कर सकते हैं। भाजपा का नाम लिए बगैर केजरीवाल ने कहा कि केंद्र में सत्ता में बैठी पार्टी के ऐसे उपद्रव से देश की प्रगति में मदद नहीं मिलेगी और इससे लोगों को गलत संदेश जाएगा। सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि इस तरह की गुंडागर्दी सही नहीं है। देश के लिए मेरी जान भी हाजिर है, पर मैं महत्वपूर्ण नहीं हूं। देश महत्वपूर्ण है। खुद को दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी कहने वाली और देश की सत्ताधारी पार्टी राजधानी के अंदर ऐसे गुंडागर्दी करेगी, तो युवाओं के अंदर क्या संदेश जाता है। इससे युवाओं में गंदा संदेश जाता है और इस तरह से देश की तरक्की नहीं हो सकती। हमें अगर देश को 21वीं सदी का भारत बनाना है, तो प्यार और मोहब्बत से मिलकर सभी लोग काम करेंगे, तभी देश आगे बढ़ेगा। सीएम ने कहा कि अगर देश को आगे लेकर जाना है तो प्यार और मोहब्बत से मिलकर सभी लोग काम करेंगे, तभी देश आगे बढ़ेगा।

एसआईटी से जांच के लिए कोर्ट पहुंची आप

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक सौरभ भारद्वाज ने हमले की निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच के लिए एक विशेष जांच दल के गठन की मांग को लेकर दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख किया। याचिका में दिल्ली पुलिस और गृह मंत्रालय को भविष्य में मुख्यमंत्री और उनके आवास की सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश देने की भी मांग की गई है। इसे शुक्रवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किए जाने की संभावना है। अधिवक्ता भरत गुप्ता के माध्यम से दाखिल याचिका में भारद्वाज ने आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर हमला और तोड़-फोड़ दिल्ली पुलिस के रणनीतिक सहयोग से किए जाने के संकेत मिलते हैं। याचिका में आरोप लगाया गया है, हमले के दौरान दिल्ली पुलिस मूकदर्शक बनकर देखते रहे। भारद्वाज ने स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच के लिए एक सेवानिवृत्त जज के नेतृत्व में एसआईटी गठित करने की मांग की है।

ई. ऑटो चलाती सुनीता चौधरी। फोटो: रंजन डिमरी

दिल्ली में दौड़ेंगे देश में सबसे ज्यादा ई. ऑटो

● मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आईपी डिपो से दिखाई झंडी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

इलेक्ट्रिक ऑटो आज से सड़कों पर दौड़ने लगे हैं। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बृहस्पतिवार को आईपी डिपो से इलेक्ट्रिक ऑटो को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कहा कि दिल्ली की सड़कों पर पर अब देश में सबसे ज्यादा इलेक्ट्रिक ऑटो दौड़ेंगे। प्रदूषण के खिलाफ दिल्ली वाले एकजुट होकर लड़ रहे हैं। इन ऑटो के शुरू होने से साढ़े तीन हजार से अधिक परिवारों को रोजगार मिला है। इसमें 500 महिलाएं भी शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा ईवी पॉलिसी लागू होने के बाद पहले साल में ही कुल खरीदे गए वाहनों में से 10 फीसद इलेक्ट्रिक वाहन हैं। पिछले पांच साल में ईवी पॉलिसी के अंतर्गत 45 हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिला है। केजरीवाल ने महिला व पुरुष ई-ऑटो चालकों को आरसी प्रदान किया। उन्होंने ई-ऑटो का मौका मुआयना किया। परिवहन मंत्री श्री कैलाश गहलोत और विभाग के अधिकारियों ने उन्हें ई-ऑटो की विशेषताओं से अवगत कराया। सीएम एक महिला चालक के ऑटो में बैठकर कुछ दूर तक सवारी की और इन ऑटो की विशेषताओं और सुरक्षा पहलुओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान सीएम ने चालक सुनीता चौधरी को मंच पर बुलाकर सभी से उनका परिचय कराया। सीएम ने कहा कि सुनीता वर्ष 2003 से ऑटो चला रही हैं।

परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि उनकी सरकार ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कई पहल की है। उनकी लाइसेंस फीस पूरी माफ है। शारीरिक उंचाई को कम किया गया है और तीन साल की बजाय अब एक माह की ट्रेनिंग लेकर महिलाएं डीटीसी या क्लस्टर बसें चला सकती हैं।

सभी मेट्रो स्टेशनों पर मिलेगी ईवी चार्जिंग की सुविधा

नई दिल्ली। परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने बताया कि दिल्ली सरकार की ईवी पॉलिसी का लक्ष्य है कि हर तीन किलोमीटर की परिधि में एक चार्जिंग प्वाइंट जरूर मिले। इसके लिए डिस्कॉम के साथ भी साझेदारी की है। आज की तारीख में सबसे सस्ता चार्जिंग प्वाइंट स्थापित कर सकते हैं, जो पूरे देश में मात्र दिल्ली में ही है। मात्र दो हजार देकर आप चार्जर लगा सकते हैं। आप अपने घर में भी ई-ऑटो को चार्ज कर सकते हैं। इसके अलावा, जितने भी दिल्ली मेट्रो रेल निगम के स्टेशन हैं, उन पर भी चार्जिंग प्वाइंट लगाने के लिए बातचीत चल रही है। वहां भी हम इलेक्ट्रिक वाहनों को चार्ज करने की सुविधा उपलब्ध कराएंगे। दिल्ली सरकार ने 300 इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन का टेंडर किया था। वो भी सफल हो गया है और जल्द ही चालू हो जाएगा।

सरकारी नौकरी में खिलाड़ियों के लिए आरक्षण कोटा बहाल

राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा से मुलाकात करते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयप्रकाश नड्डा से मुलाकात की।

नड्डा से मुलाकात के बाद खट्टर ने कहा कि हरियाणा में सरकारी क्षेत्र में ग्रुप डी की नियुक्तियों में खिलाडियों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण जारी रहेगा। इसी क्रम में हरियााणा में ग्रुप सी की नियुक्तियों में 3 प्रतिशत आरक्षण कोटा की व्यवस्था को फिर बहाल कर दिया गया है। इसके परिणामस्वरूप ग्रुप सी में 400 से 450 खिलाडियों को हर साल नौकरियां मिल सकेंगी। इस श्रेणी में खिलाडियों को उनकी रूचिनुसार विभाग चुनने की भी छुट दी गई है।

मनोहर लाल ने कहा कि खिलाडियों के लिए ग्रेडेशन प्रमाणिकता प्रणाली को भी सक्षम व पारदर्शी बनाया गया है।

एक सवाल के जवाब में सीएम ने कहा केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नीतिन जयराम गडकरी ने सांसदों को दिल्ली से गुरूग्राम तक पोड-टैक्सी परियोजना शुरू किए जाने के संदर्भ में जानकारी दी है। पोड- टैक्सी परियोजना शुरू होने के परिणामस्वरूप लोगों को एक नई व निर्बाध परिवहन प्रणाली उपलब्ध हो सकेगी।

तेल की कीमतें नियंत्रित करे केंद्र : राहुल

● कांग्रेस सांसदों ने संसद के निकट दिया धरना

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों को लेकर कांग्रेस विजय चौक पर विरोध-प्रदर्शन किया। इस मौके पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि ईंधन की बढ़ती कीमतों से गरीब आदमी परेशान है। इसे वापस लिया जाना चाहिए।

पिछले 10 दिन में 9 बार पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाए गए हैं और इसका परिणाम मध्यम वर्ग और गरीब लोगों पर पड़ता है। सरकार पेट्रोल-डीजल के दाम को बढ़ाना बंद करें। अन्यथा देशभर में कांग्रेस कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन करेंगे।

उधर महंगाई मुक्त भारत अभियान के तहत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौ अनिल कुमार की अगुवाई में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दिल्ली भर में अपने घरों के बाहर डीजल, पेट्रोल और रसोई गैस, सीएनजी की बढ़ती दरों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। पार्टी सांसदों ने संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही शुरू होने से करीब डेढ़ घंटे पहले विजय चौक पर कांग्रेस के महंगाई मुक्त भारत अभियान के तहत धरना दिया। इसमें राहुल गांधी के अलावा लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी, राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और कई अन्य सांसद शामिल हुए।

बाइक को माला पहनाते राहुल गांधी। फोटो: रंजन डिमरी

कांग्रेस सांसदों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की। इस धरने के बाद राहुल गांधी ने मीडिया से बातचीत में कहा, महंगाई, खासकर पेट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि के खिलाफ कांग्रेस पार्टी पूरे देश में विरोध जता रही है। पिछले 10 दिनों में नौ बार बढ़ोतरी की गई है। सरकार इस वृद्धि से हजारों करोड़ रुपए कमा रही है। इसकी सबसे ज्यादा चोट गरीबों और मध्य वर्ग पर पड़ती है। दिल्ली में अब पेट्रोल की कीमत 102 रुपये प्रति लीटर हो गई है।

सरकार सिर्फ एक चीज कर रही है गरीबों की जेब से पैसे निकालो और दो-तीन बड़े उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाओ।

कांग्रेस कार्यकर्ता महंगाई का विरोध में अपने घरों के बाहर गैस के सिलेंडर और मोटर साईकिल, स्कूटर पर माला डालकर मोदी सरकार के खिलाफ नारे लगाए।

दिव्यांगों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए सुविधाओं पर कोर्ट ने मांगी रिपोर्ट

नई दिल्ली। एक याचिका पर सुनवाई करते हुए दिल्ली हाईकोर्ट ने दिव्यांगों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए उपलब्ध सेवाओं को लेकर दिल्ली सरकार को नोटिस जारी किया है। मामले की सुनवाई आगामी छह सितंबर को तय की गई है।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश विनिप सांघी और न्यायमूर्ति नवीन चावला की पीठ ने केन्द्र, दिल्ली सरकार, लोक कार्य विभाग और दिव्यांगजन के लिए मुख्य आयुक्त कार्यालय को नोटिस जारी कर उनसे याचिका पर जवाब मांगा है। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई के लिए छह सितंबर की तारीख तय की है।

संक्षिप्त समाचार

शीला दीक्षित के तस्वीर पर पुष्पाजंलि अर्पित करते चौधरी अनिल।

पूर्व सीएम शीला दीक्षित के जन्मदिन पर किया याद

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन में आज दिवंगत शीला दीक्षित को याद किया गया। पूर्व मुख्यमंत्री की जयंती के अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार ने उनकी तस्वीर पर पुष्पाजंलि अर्पित करके उन्हें श्रद्धाजंलि दी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि शीला के 15 वर्षों के शासन काल में दिल्ली का जो विकास हुए उससे राजधानी को विश्व एक अलग पहचान मिली और दिल्ली प्रदूषण मुक्त बनाने पर शीला जी की सराहना विश्व स्तर पर हुई थी। उन्हांने कहा कि चहुमुखी विकास के लिए किए गए कार्यों और योगदान के लिए शीला जी को सदैव याद किया जाएगा। पुष्पाजंलि अर्पित करने वालों में किरण वालिया, अनिल भारद्वाज, राजेश जैन, हरी शंकर गुप्ता, अमरीश गौतम, वीर सिंह धींगान, जिला अध्यक्ष मिर्जा जावेद अली और जुबैर अहमद, हरी किशन जिंदल और मौहम्मद उस्मान,एडवोकेट सुनील कुमार मुख्य रुप से शामिल थे।

राजधानी के स्कूलों को देखेंगे तमिलनाडु के सीएम

नई दिल्ली। तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन आज दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के साथ सरकारी स्कूलों का दौरा कर सकते है। सूत्रों अनुसार दोनों नेता एक-दूसरे से मिलेंगे, जिसके बाद वे सरकारी स्कूलों के दौरे पर जाएंगे। दावा किया जा रहा है कि स्टालिन दिल्ली में शिक्षा क्षेत्र में लाए गए बदलावों से काफी प्रभावित हैं। वह प्रत्यक्ष अनुभव हासिल करने के लिए दिल्ली के सरकारी स्कूलों का दौरा करने के इच्छुक हैं। साथ ही स्टालिन दिल्ली सरकार द्वारा संचालित मोहल्ला क्लीनिक का भी दौरा कर सकते हैं। द्रमुक प्रमुख दिल्ली के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। बृहस्पतिवार को उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलकर आर्थिक संकट से जूझ रहे श्रीलंकाई तमिलों को मानवीय मदद मुहैया करने की अनुमति देने की मांग की।

आबकारी नीति के विरोध में भाजपा ने सील किए 14 अवैध शराब के ठेके

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

नई आबकारी नीति के विरोध में प्रदेश भाजपा ने शुक्रवार को 14 जिलों में 14 अवैध शराब के ठेकों को सील कर दिया। पटेल नगर में शुक्रवार को अवैध शराब के ठेके को सील करने के दौरान गुप्ता ने केजरीवाल का पुतला फूंका और कहा कि पुलिस का रिकॉर्ड यह कहता है कि शराब के ठेके खुलने से घरेलू हिंसा बढ़ी है जिसके जिम्मेदार केजरीवाल हैं।आदेश गुप्ता ने कहा कि महिलाएं, युवा, आरडब्ल्यूए, मार्केट एसोसिएशन एवं समाजिक संगठन सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिलकर कई अवैध शराब के ठेके को बंद करने का काम किया है। केजरीवाल जिस तरह से शराब माफियाओं के साथ मिलकर दिल्ली को शराब नगरी बनाने में लगे हुए हैं, उनकी मंशा भाजपा कभी कामयाब नहीं होने देगी। एक पर एक बोतल मुफ्त देने का सबसे बुरा असर फैक्ट्रियों में काम करने वाले दिहाड़ी मजदूरों व फैक्ट्री मालिकों के ऊपर पड़ा है क्योंकि फैक्ट्री में काम करने की जगह मजदूर शराब के ठेकों के सामने लाइन में लगे रहे।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि दिल्ली में हर साल 20,000 करोड़ रुपये की शराब बिकती है, लेकिन बावजूद उसके ड्राइ डे कम कर शराब माफियाओं को सीधे तौर पर फायदा पहुंचाने का काम केजरीवाल सरकार ने किया है। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि दक्षिण दिल्ली के देवली गांव में खुला शराब का ठेका ग्रामीणों के ढाई महीने के संघर्ष के बाद सील हो गया।

राजधानी में पीएम-10 का स्तर बढ़ा : सरकार

● वर्ष 2020-21 में से बढ़कर 193 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर हुआ : केंद्रीय पर्यावरण राज्यमंत्री

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राजधानी में लगातार प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है। हालांकि इसको कम करने के लिए राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम की शुरूआत तो की गई है लेकिन परिणाम सुखद नहीं रहे है।

सरकार ने बृहस्पतिवार को राज्यसभा में कहा कि राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के तहत मानकों को पूरा नहीं करने वाले 132 शहरों में से दिल्ली सहित 31 शहरों में 2020-21 के दौरान प्रदूषणकारी तत्व पीएम10 के स्तर में वृद्धि दर्ज की गई है। पर्यावरण राज्य मंत्री अश्विनी चौबे ने एक सवाल के लिखित जवाब में राज्यसभा को यह जानकारी दी। आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली का पीएम

10 स्तर 2019-20 में 192 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर था जो 2020-21 में से बढ़कर 193 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर हो गया।

मानकों को पूरा नहीं करने वाले 132 शहरों में से 96 शहरों में में 2019-2020 की अपेक्षा 2020-2021 में पीएम 10 की सांद्रता में कमी दर्ज की गई जबकि 31 शहरों में इसके स्तर में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार ने देश भर में वायु प्रदूषण के स्तरों में कमी लाने के लिए एक राष्ट्रीय स्तर की कार्यनीति के रूप में 2019 में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम की शुरूआत की है। उन्होंने कहा कि एनसीएपी के तहत मानकों को पूरा नहीं करने वाले शहरों के लिए 423.21 करोड़ मंजूर किए गए हैं। यह राशि निगरानी नेटवर्क के विस्तार, निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन सुविधाओं, हरित बफर क्षेत्रों, सड़कों की मशीनों से सफाई आदि जैसे उपायों के लिए मंजूर की गई है।

विकास कुमार आज संभालेंगे डीएमआरसी प्रबंध निदेशक का पद

डॉ. मंगू सिंह का कार्यकाल बृहस्पतिवार को हो गया समाप्त

डीएमआरसी के नए प्रबंधक विकास कुमार के साथ डॉ. मंगू सिंह।

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

विकास कुमार दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के प्रबंध निदेशक का पदभार शुक्रवार से संभालेंगे। कुमार 1 जनवरी 2012 से डीएमआरसी के प्रबंध निदेशक के रूप में कार्यरत डॉ. मंगू सिंह से अपना कार्यभार ग्रहण करेंगे। डॉ. सिंह का कार्यकाल बृहस्पतिवार को समाप्त गया है।

डीएमआरसी में निदेशक (परिचालन) के पद पर कार्यरत कुमार को रेल आधारित शहरी परिवहन परियोजनाओं का तीन दशकों से भी अधिक का अनुभव प्राप्त है। भारतीय रेल यातायात सेवा के 1988 बैच के अधिकारी विकास कुमार ने सितंबर, 2004 में डीएमआरसी ज्वाइन करने से पूर्व भारतीय रेल में विभिन्न पदों पर कार्य किया है।

तब से लेकर 17 वर्षों से अधिक समय से वे डीएमआरसी में महत्वपूर्ण प्रबंधन पदों पर रहे हैं। डीएमआरसी में कुमार ने वर्ष 2007 से अपनी नेतृत्व क्षमता से परिचालन विंग में शीर्ष पदों जैसे महाप्रबंधक (परिचालन), कार्यकारी निदेशक (परिचालन) और निदेशक (परिचालन) के रूप में विभिन्न पदों पर कार्य किया है।

इन्होंने दिल्ली-एनसीआर में मेट्रो कॉरिडोरों पर 300 किलोमीटर से भी अधिक मेट्रो सेवाओं की सुगम शुरुआत में मुख्य भूमिका अदा की है। रुड़की विश्वविद्यालय (अब आईआईटी रुड़की) से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग से स्नातक रहे कुमार ने आईआईटी दिल्ली से ऑप्टो-इलेक्ट्रॉनिक्स तथा ऑप्टिकल कम्युनिकेशंस में मास्टर डिग्री ली है। वह डॉ. ई. श्रीधरन और डॉ. मंगू सिंह के बाद डीएमआरसी के तीसरे प्रबंध निदेशक होंगे।

मेट्रो फेज-4 कॉरिडोर मार्च 2023 तक खोले जाएंगे : डॉ. मंगू

नई दिल्ली। मेट्रो के चौथे चरण की परियोजना की समय-सीमा में कोई बड़ी देरी या लागत में बढ़ोतरी की आशंका नहीं है और तीन प्राथमिकता वाले गलियारों में से दो के कुछ खंड अगले साल मार्च तक खोले जाने की योजना है। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के प्रमुख मंगू सिंह ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। मंगू सिंह ने बताया कि परियोजना के समूचे चौथे चरण का अंतिम संचालन मार्च 2025 तक बढ़ाया जा सकता है, हालांकि अभी भी दिसंबर 2024 की समय-सीमा में इसे पूरा करने के लिए काम किया जा रहा है।

चौथे चरण का काम दिसंबर 2019 में शिलान्यास समारोह के साथ शुरू हुआ था लेकिन मार्च 2020 में दिल्ली में कोविड-19 महामारी के फैलने के बाद यह प्रभावित हुआ था।

कोंडली इलाके में सीवर मौत मामले में केस दर्ज, तीन पकड़े

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पूर्वी दिल्ली के कोंडली इलाके में सीवेज शोधन संयंत्र में काम करने के दौरान छह फुट गहरे गड्ढे में गिरने से दो कर्मियों की मौत के बाद पुलिस ने एक मामला दर्ज किया है। इस सिलसिले में तीन लोगों को पकड़ा गया है और मृतकों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान केपी तिवारी (प्लांट इंचार्ज), राजकुमार(फोरमैन) तथा मोहम्मद हारून (शिफ्ट इंचार्ज) के रूप में हुई है। पूर्वी दिल्ली की पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) प्रियंका कश्यप ने बताया कि पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 304ए और हाथ से मैला उठाने वाले कर्मियों के नियोजन का प्रतिषेध और उनका पुनर्वास अधिनियम के तहत न्यू अशोक नगर थाने में मामला दर्ज किया है।

पुलिस के मुताबिक मृतकों की पहचान नितेश और यशदेव के तौर पर हुई है और दोनों मूल रूप से उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं।

पुलिस ने कहा कि घटना की सूचना मिलने के बाद न्यू अशोक नगर थाने की टीम मौके पर पहुंची। कश्यप ने कहा है कि टीम ने दोनों व्यक्तियों को संयंत्र के गड्ढे में गिरे हुए पाया। उन्हें दमकल कर्मियों की मदद से बाहर निकाला गया और अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

अग्निश्मन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि व्यक्ति छह फुट गहरे गड्ढे में गिर गए थे।

शहरी स्थानीय निकाय मंत्री ने गुरुग्राम विश्वविद्यालय में कही यह बात

राष्ट्रहित को ध्यान में रखते हुए करें पत्रकारिता : कमल गुप्ता

दो दिवसीय राष्ट्रीय मीडिया संवाद कार्यक्रम का समापन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कमल गुप्ता ने कहा कि भारत का इतिहास सदैव गौरवपूर्ण रहा है। भारत के इस प्राचीन इतिहास के पीछे अनेक कथाओं के साथ-साथ आंदोलन और संघर्ष की जो कहानी है, उसे मीडिया के माध्यम से आज की युवा पीढ़ी को बताना वास्तव में एक स्वागत योग्य कदम है। यह बात उन्होंने गुरुवार को गुरुग्राम विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय मीडिया संवाद कार्यक्रम के समापन सत्र में कही। इस अवसर पर उन्होंने पत्रकारों को भी सम्मानित किया।

उन्होंने कहा कि मीडिया को लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ के रूप में जाना जाता है, क्योंकि मीडिया जनता और शासन प्रशासन के बीच की महत्वपूर्ण कड़ी है। इसलिए पत्रकारों को सकारात्मक सोच के साथ राष्ट्रहित में निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता करनी चाहिए। किसी भी देश का पतन तब होता है जब उस देश की मीडिया कमजोर होती है। मीडिया को अपनी टीआरपी बढ़ाने के लिए खबरें नहीं चलानी चाहिए, बल्कि राष्ट्र हित को ध्यान में रख कर खबर दिखानी चाहिए क्योंकि राष्ट्र सर्वोपरि होता है। इस बात को ध्यान में रखकर सभी को अपना कायज़ करना चाहिए।

विशिष्ट अतिथि शिक्षा-संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय सचिव अतुल कोठारी ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका है। राष्ट्र निर्माण से तात्पर्य राष्ट्र के विकास में सभी नागरिकों को शामिल करने की प्रक्रिया है। इस दिशा में मीडिया एक सेतु का काम करती है। क्योंकि

गुरुग्राम विश्वविद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय मीडिया संवाद कार्यक्रम के समापन अवसर पर पत्रकार संजय कुमार मेहरा को सम्मानित करते शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कमल गुप्ता।

मीडिया हमें हमारे इतिहास के साथ-साथ देश का वर्तमान भी दिखाती है इसलिए, राष्ट्र की संरचना में मीडिया का योगदान महत्वपूर्ण है। उन्होंने आगे कहा कि कुछ बात है कि हस्ती,मिटती नहीं हमारी, यह विचारणीय है कि ऐसा क्यों हुआ। ऐसा क्या है कि इतनी समृद्धशाली संस्कृतियां काल के गाल में समा गईं, लेकिन हमारे देश की हस्ती अभी भी मौजूद है। यह कोई अकस्मात नहीं हुआ है। इसका पीछे प्राचीन भारत देश के कुछ मूलभूत सिद्धान्त और हमारा गौरवशाली इतिहास है।

इस मौके पर कार्यक्रम के अध्यक्ष और गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने गुरुग्राम विवि में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय मीडिया संवाद में शामिल होने वाले सभी अतिथियों का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने आगे कहा कि मीडिया को परिस्थिति के अनुसार ऐसा कार्य करना चाहिए, जिससे समाज में एक अच्छा संदेश जाये। हमें नीतियों को इस तरह से फ्रेम करना चाहिए जिससे हमारे देश के युवाओं को बेहतर कल और उज्जवल भविष्य मिले।

हरियाणा सरकार के संयुक्त निदेशक, सूचना,जनसम्पर्क एवं भाषा, रणवीर सिंह सांगवान ने कहा कि सरकार की योजनाओं को अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी है।

गुरुग्राम दमकल बेड़े में शामिल हुईं 8 नई गाड़ियां

जिला के सभी सातों फायर स्टेशन पर भेजी गईं ये गाड़ियां

मेयर ने हरी झंडी दिखाकर गाड़ियों को किया रवाना

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

साइबर सिटी के दमकल बेड़े में सरकार की ओर से 8 नई दमकल गाड़ियां भेजी गई हैं। गुरुवार को मेयर मधु आजाद ने विधिवत पूजा-अर्चना करके नई गाड़ियों का स्वागत किया। हरी झंडी दिखाकर जिला के सातों फायर स्टेशनों की ओर रवाना किया।

मेयर मधु आजाद ने प्रदेश सरकार का धन्यवाद करते हुए कहा कि गुरुग्राम जिला में प्रदेश सरकार द्वारा 8 दमकल गाड़ियां भेजी गई हैं, जिसकी बहुत आवश्यकता भी थी। उन्होंने इसके लिए दमकल विभाग के उपनिदेशक (तकनीकी) गुलशन कालरा के प्रयासों की सराहना की। मेयर ने कहा कि इन 8 नई गाड़ियों के

गुरुग्राम के दमकल विभाग में शामिल नई गाड़ियों को झंडी दिखाकर रवाना करती मेयर मधु आजाद।

आने से गुरुग्राम का दमकल विभाग और भी मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि आग लगने जैसी घटनाओं पर तुंरत काबू पाने के लिए प्रत्येक दमकल केन्द्र पर पर्याप्त वाहनों का होना अत्यंत आवश्यक है।

दमकल विभाग के उपनिदेशक (तकनीकी) गुलशन कालरा ने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से भेजी गई इन 8 गाड़ियों में 5 बड़ी गाडियां तथा 3 छोटी गाडियां शामिल हैं। इनमें से पटौदी, उद्योग विहार, भीमनगर, सेक्टर-29 व सेक्टर-37 में एक-एक बड़ी गाड़ी दी गई हैं। इसके अलावा सेक्टर-29, सोहना व मानेसर स्थित दमकल केन्द्रों में एक-एक छोटी गाड़ी दी गई है।

सेक्टर-29 में आयोजित कार्यक्रम में दमकल विभाग द्वारा दमकल वाहनों का प्रदर्शन भी किया गया। मेयर मधु आजाद ने निगम पार्षदों एवं अधिकारियों के साथ स्काई लिफ्ट में बैठकर अवलोकन किया। दमकल अधिकारियों से इसके बारे में जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि यह स्काई लिफ्ट 42 मीटर ऊंचाई तक जाती है। इस मौके पर नगर निगम गुरुग्राम की अतिरिक्त आयुक्त डा. वैशाली शर्मा, निगम पार्षद सुभाष सिंगला, अश्विनी शर्मा, हेमन्त, शीतल बागड़ी, भाजपा नेता अनिल यादव, पूर्व निगम पार्षद गजे सिंह कबलाना, भाजपा नेता अनिल यादव कन्हैयी व नीरज यादव सहित सभी दमकल केन्द्रों के अधिकारी उपस्थित थे।

आईएमए ने डा. अर्चना शर्मा के निधन को बताया समाज के लिए क्षति

गुरुग्राम। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की गुरुग्राम शाखा ने राजस्थान के दौसा में महिला चिकित्सक के निधन पर शोक जताते हुए कहा है कि इस तरह की घटनाएं अगर समाज में होती रही तो यह समाज को महंगा पड़ेगा। आए दिन चिकित्सकों के साथ मारपीट, जोर जबरदस्ती, हंगामे की घटनाएं बढ़ रही हैं।

गुरुग्राम आईएमए अध्यक्ष डॉ. एनपीएस वर्मा ने कहा कि ऐसी वारदात अक्सर हो रही हैं। इसकी वजह से अब अधिकतर डॉक्टर अपने बच्चों को डॉक्टर नहीं बनाना चाहते। जब भी मरीज की हालत गंभीर हो जाती है या मृत्यु हो जाती है तो रिश्तेदार और स्थानीय राजनीतिक लोग पैसे बनाने के चक्कर में डॉक्टर को तंग करते हैं। अस्पताल को तोड़फोड़ कर देते हैं। सचिव डॉ. सारिका वर्मा ने कहा कि राजस्थान के दौसा जिले में प्रसव के बाद महिला को पोस्टपार्टम हैम्रेज यानी रक्त बहने की वजह से मृत्यु हो गई। डॉक्टर के जटिल प्रयास के बाद भी मरीज बच नहीं पाई। रिश्तेदारों और स्थानीय राजनीतिक लोगों ने अस्पताल के बाहर मरीज के शव को रखा और खूब हल्ला करते हुए धरना दिया। जिला प्रशासन और पुलिस ने दबाव में आकर डॉक्टर के खिलाफ धारा 302 (हत्या) एफआईआर दर्ज कर दिया। वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. वंदना नरूला ने कहा कि डॉक्टर अपने मरीज को पूरी तरह ठीक करके घर भेजना चाहते हैं। किसी की मंशा नहीं होती कि मरीज की जान चली जाए। सर्वोच्च प्रयत्न के बाद भी मरीज की मृत्यु हो सकती है, जिसके लिए सभी को बहुत दुख होता है। ऐसे में डॉक्टर को अगर यह डर लगा रहा है कि उस पर जान-मान का हमला होगा तो डॉक्टर कोई भी जटिल बीमारी वाले मरीज को भर्ती ही नहीं करेगा।

नियम 134ए को खत्म करना निंदनीय : कैप्टन अजय यादव

कहा, गरीब छात्र प्राइवेट स्कूल में प्रवेश लेकर 12वीं तक की पढ़ाई कर सकते थे पूरी

गुरुग्राम। हरियाणा सरकार द्वारा नियम 134ए के तहत प्राइवेट स्कूलों में गरीब छात्रों को प्रवेश देने वाले नियम को खत्म करने पर पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव ने कड़ी निंदा व्यक्त की है।

उन्होंने कहा नियम 134ए के तहत प्राइवेट स्कूलों में गरीब छात्रों को प्रवेश देने के लिए 10 पर्सेन्ट कोटा निर्धारित किया गया था। इसके तहत छात्र प्राइवेट स्कूल में प्रवेश ले सकते थे और 12वीं तक की पढ़ाई पूरी कर सकते थे। अब इसे खत्म कर दिया गया है। ईडब्ल्यूएस छात्रों के लिए यह आदेश बड़ा झटका है। अब गरीब छात्रों का प्राइवेट स्कूलों में पढ़ने का सपना अधूरा रह जाएगा। श्रीयादव ने

पूर्व मंत्री कैप्टन अजय यादव।

कहा हरियाणा सरकार ने 1 अप्रैल से शुरू हो रहे शैक्षिक सत्र से पहले बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूलों पर लगाया गया नियम 134 एक हटा लिया है। यह नियम आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग मेधावी छात्रों के लिए फायदेमंद था। इसके तहत प्राइवेट स्कूलों में 10 पर्सेंट सीटों पर इस वर्ग से संबंधित बच्चों को प्रवेश मिलता था। इस संबंध में हरियाणा सरकार की ओर से 28 मार्च को अधिसूचना जारी की गई थी।

सोसायटी निर्माण संबंधी शिकायतों को लेकर गठित होगी स्ट्रक्चरल ऑडिट टीम

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

जिला में बनी उंची इमारतों को वहां रहने वाले लोगों के लिए सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से बुधवार को निर्माण क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों व आरडब्लयूए सदस्यों के साथ उपायुक्त ने बैठक कर उनके सुझाव आमंत्रित किए। बैठक में इमारतों के ढांचे संबंधी शिकायतों व समस्याओं के निवारण के साथ भविष्य में चिंतल्स पैराडिसो जैसी घटनाओं की पुनरावृति ना हो, इस विषय को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई।

उपायुक्त ने स्ट्रक्चरल सेफ्टी को लेकर उठाए जाने वाले बिंदुओं का विस्तार से उल्लेख करते हुए बैठक में उपस्थित विशेषज्ञों से इस बारे में अपने सुझाव 2 दिन में जिला प्रशासन को भेजने के लिए कहा है। प्राप्त सुझावों के उपरांत आगामी 10 दिनों के भीतर स्ट्रक्चरल ऑडिट के लिए टीम गठित कर दी जाएगी। बैठक में डीटीपी आरएस भाट् ने स्ट्रक्चरल

गुरुग्राम में निर्माण क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों व आरडब्ल्यूए सदस्यों के साथ बैठक करते उपायुक्त निशांत कुमार यादव।

ऑडिट को लेकर उनके विभाग द्वारा अब किए गए कार्यों की रूपरेखा प्रस्तुत की।

दो साल में 60 कॉलोनियों से मिली शिकायतें

उपायुक्त ने बताया कि जिला गुरुग्राम में पिछले दो वर्ष में इमारत के निर्माण में अनियमितता संबंधी 60 कॉलोनियों व ग्रुप हाउसिंग सोसायटियों से शिकायत प्राप्त हुई हैं। उन्होने बताया कि इन शिकायतों के स्थाई समाधान तथा प्राप्त शिकायतों के स्ट्रक्चरल ऑडिट को लेकर व्यवस्था बनाते हुए कार्य योजना का ड्राफ्ट तैयार किया जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि उंची इमारतों में रहने वाले लोग उनके स्ट्रक्चर को लेकर सुरक्षित महसूस करें और वहां शान्ति से रह सकें, इसके लिए सभी को मिलकर व्यवस्था बनानी है। सरकार द्वारा इस संबंध में प्राप्त होने वाली शिकायतों के निवारण के लिए स्ट्रक्चरल ऑडिट को लेकर अनुभवी विशेषज्ञों व स्थानीय निवासियों के साथ मिलकर स्थाई समाधान खोजने की दिशा में काम किया जा रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा इसके लिए पॉलिसी भी बनाई जा रही है। इस पॉलिसी को तैयार करने से पूर्व इससे जुड़े हितधारकों व विशेषज्ञों से सुझाव आमंत्रित किए जा रहे हैं ताकि कमियों को दूर करते हुए भविष्य की रूप रेखा तैयार हो सके और चिंटल जैसी घटना की पुनरावृति ना हो।

शिकायतों पर अलग-अलग श्रेणियों मे होगा काम

उपायुक्त ने कहा कि चिंटल पैराडिसो में हुए हादसे के बाद जिला में काफी ग्रुप हाउसिंग सोसायटियों तथा आरडब्ल्यूए के सदस्यों द्वारा उंची इमारतों के स्ट्रक्चरल ऑडिट का मुद्दा उठाया गया है। उन्होंने गुरुग्राम जिला में पिछले 2 सालों में 60 कॉलोनियों द्वारा स्ट्रक्चरल ऑडिट तथा निर्माण में अनियमितताएं बरतने संबंधी विषय का उल्लेख करते हुए कहा कि जिला को इस बारे में अलग-अलग तरह की शिकायतें प्राप्त हुई हैं।

अहीर रेजिमेंट की मांग मजबूत करने को अन्य राज्यों में भी होंगे धरने

संयुक्त अहीर रेजिमेंट मोर्चा ने लिया निर्णय

मोर्चा ने शुरू की आंदोलन को देशव्यापी बनाने की मुहिम

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

अहीर रेजिमेंट बनाने की मांग को लेकर यहां खेड़कीदौला में चल रहे धरने को लोगों का समर्थन मिलना जारी है। गुरुवार को यहां टूमना से ललित कुमार, भांगरोला से सुबेदार मेजर सुरेंद्र सिंह, डाबोदा से पूर्व सरपंच दयाराम, जगदीश यादव, जीतू अहीरवाल, नखडौला से दमन यादव, समसपुर से अशोक यादव, कार्टरपुरी से राहुल यादव, जयनारायण यादव,

गुरुग्राम के खेड़कीदौला में अहीर रेजिमेंट की मांग को लेकर धरने पर एकता दिखाते समाज के लोग।

चंदू से पूर्व सरपंच ओमप्रकाश, सुरेंद्र प्रधान, ऊंचा माजरा से कैप्टन रामसिंह यादव तथा डॉ हरीश यादव आदि धरने का समर्थन करने पहुंचे। इस अवसर पर धरना स्थल पर उपस्थित लोगों ने अहीर रेजिमेंट हक है हमारा व जय यादव जय माधव के नारे लगाए। संयुक्त अहीर रेजिमेंट मोर्चा की अगुवाई में जल्द ही पूरे देश में यादवों की ललकार सुनाई देगी। इसके लिए मोर्चा की टीम ने बकायदा टीमों का गठन करके जिम्मेदारी सौंपी है। आने वाले दिनों में भारतीय सेना में अहीर रेजिमेंट के गठन के लिए यादव समाज मुखर होने वाला है। गुरुवार को धरना स्थल पर सतीश पार्षद नवादा, अरुण यादव खेड़कीदौला, श्योचन्द सरपंच शिकोहपुर, सुंदर सरपंच सिकंदरपुर, मान सिंह चेयरमैन, डाबोदा, अनु यादव भांगरोला, कंवरलाल नखरोला, जयनारायण जाफरपुर दिल्ली, कैलाश मानेसर, धर्मपाल यादव नाहरपुर, मोनू यादव खेड़कीदौला, हरि थानेदार शिकोहपुर, जोगिंद्र यादव, रवि डूंडाहेड़ा आदि सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

गुरुग्राम के खेड़की दौला में 4 फरवरी से अहीर रेजिमेंट की मांग को लेकर लगातार अनिश्चितकालीन धरना चल रहा है। इसके अलावा 23 मार्च को शहीदी दिवस पर एक बडी रैली के द्वारा यादव समाज सरकार को अपनी ताकत व एकजुटता का एहसास भी करा चुका है, लेकिन इन सबके बावजूद सरकार की तरफ से कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया है। इसके लिए संयुक्त अहीर रेजिमेंट मोर्चा की टीम ने देशभर में धरनों की संख्या बढ़ाने का फैसला लिया है। इसकी जानकारी देते हुए संयुक्त अहीर रेजिमेंट मोर्चा के सदस्यों ने बताया कि अहीर रेजिमेंट की मांग को लेकर सरकार की तरफ से कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाने से यादव समाज में रोष व्याप्त है।

वो भी तब जब इस मांग को सर्वसमाज तथा 36 बिरादरी का समर्थन प्राप्त है। इसलिए संयुक्त अहीर रेजिमेंट मोर्चा ने देशभर में आंदोलन को धार देने का फैसला लिया है जिसके तहत देश भर में धरना स्थलों की संख्या को बढ़ाया जाएगा।

संक्षिप्त समाचार

अचल यादव बने डीएलएफ द प्राइस आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष

अचल यादव।

गुरुग्राम। सेक्टर-82 स्थित डीएलएफ द प्राइस आरडब्ल्यूए के चुनाव गुरुवार को सर्वसम्मति से सम्पन्न हुए। इस चुनाव में अचल यादव को अध्यक्ष चुना गया। सोसायटी आरडब्ल्यूए के चुनाव में अचल यादव को अध्यक्ष के अलावा सौरभ कुच्छल को उपाध्यक्ष, सुभाष वर्मा को महासचिव, केके वर्मा को कोषाध्यक्ष चुना गया। प्रियंका और सेतिया को सदस्य बनाया गया है। अचल यादव ने कहा कि आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों का कर्तव्य सोसायटी में रहने वाले लोगों के हित में, उनके लिए सुविधाओं के लिए काम करना होता है। इस काम में वे पूरी तरह से खरे उतरेंगे। उन्होंने कहा कि सोसायटी के लोगों ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस विश्वास को कभी वे डिगने नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि हम क्षेत्र के लोगों के हित के लिए काम करने में विश्वास रखते हैं। हर व्यक्ति को साथ लेकर वे चलेंगे। सोसायटी में लोगों के जो भी समस्याएं होंगी, उनका बिना देरी के निराकरण कराएंगे, ताकि लोगों को सहूलियत हो। उन्होंने यह भी कहा कि आरडब्ल्यूए में जितने भी पदाधिकारी और सदस्य चुने गए हैं, सभी अपना कर्तव्य बेहतरी से निभाएंगे। लोग किसी भी जनप्रतिनिधि को इसलिए चुनते हैं कि वह उनके दुख-तकलीफों में खड़ा मिले। उन्होंने फिर से विश्वास दिलाया कि पूरी आरडब्ल्यूए जनहित में सदैव कार्यरत रहेगी।

36 आंगनबाड़ी केन्द्रों पर मेला लगा, आज से खुलेंगे प्ले स्कूल

सोहना के गांव सहजावास में बना आंगनबाड़ी केन्द्र पर सुपरवाइजर रेखा सोनी बच्चें से सर्वागिंक से संबंधित पूछताछ करते हुए।

सोहना। खंड के 36 आंगनबाड़ी केन्द्रों पर मेला उत्सव मनाया गया। मेला उत्सव में 3 से 6 वर्ष की उम्र वाले बच्चों से सर्वागिंक विकास से संबंध पूछताछ की गई। जिनका रिपोर्ट कार्ड तुरन्त अभिभावकों को दिया गया। शुक्रवार से आंगनबाड़ी से परिवर्तन करके बने 23 प्ले स्कूल को खोलने की तैयारियां शुरु हो गई है। वर्तमान समय में सोहना ब्लॉक के 222 आंगनबाड़ी केन्द्रों में से मात्र 36 खुले है। जिनमें से 23 को प्ले स्कूल में परिवर्तन किया गया है। 23 प्ले स्कूलों में 3 से 6 वर्ष की उम्र वाले करीब 300 बच्चों के आने की संभावना है। प्ले स्कूल खुलने की तैयारी में गुरुवार को खंड के सभी 36 आंगनबाड़ी केन्द्रों पर मेला उत्सव मनाया। इस मेले उत्सव में बच्चों के साथ अभिभावकों को साथ बुलाया। प्ले स्कूलों में आने वाले बच्चों से सर्वांगीण विकास को लेकर पांच प्रकार की प्रक्रिया कराई गई। जिसमें सबसे पहला शारीरिक विकास, दूसरा संबोधित (दैनिक जीवन में उपयोग होने वाली वस्तुओं का ज्ञान), भाषा का ज्ञान, रचनात्मक (बच्चों को सामग्री उपलब्ध करके उनसे कोई भी वस्तु बनवाना), गणित से संबंधित अंकों का ज्ञान तथा सामाजिक व भावनात्मक से संबंधित सवाल पूछे गए। सुपरवाइजर रेखा सोनी ने बताया कि मेला उत्सव में बच्चों के द्वारा सवालों के दिए गए जवाब और उसकी मानसिकता ज्ञान की जानकारी रिपोर्ट तुरन्त बनाई गई। तैयार की गई रिपोर्ट बच्चों के माता-पिता को तुरन्त दी गई। ताकि उन्हे अपने बच्चें की मानसिकता की जानकारी मिली। सीडीपीओ मंजू ने बताया कि खंड के सभी प्ले स्कूल प्रभारियों को एक अप्रैल से केन्द्रों को खोलने के आदेश जारी कर दिए है। स्कूलों को खोलने को लेकर गुरुवार को तैयारियों पूरी कर ली गई।

दूषित पानी की शिकायत मात्र पांच घंटे में की गई दूर

सोहना के वार्ड-18 में पेयजल आपूर्ति में आया दूषित पानी। जांच में जनस्वास्थ्य विभाग की टीम को लीक मिला घरेलू पानी कनेक्शन।

सोहना। शहर के वार्ड-18 में पेयजल आपूर्ति में दूषित पानी आने से नागरिकों में भारी रोष। जिसकी शिकायत जनस्वास्थ्य विभाग को की गई। विभाग अधिकारी गुरुवार की शाम तक समस्या का समाधान करने का दावा कर रहे है। बुधवार की शाम से शहर के वार्ड-18 में पेयजल आपूर्ति में दूषित पानी आने से यहां के नागरिकों में हड़कंप मच गया। शहरवासियों ने बाजार से पीने के पानी की बोतलें खरीदकर अपने गले की प्यास को शांत किया। वार्ड-18 निवासी जयपाल का कहना है कि दूषित का उपयोग बर्तन धौने के लिए भी नहीं किया जा सकता। बदबूदार पानी को नागरिक बर्तनों में भरकर रखना भी पसंद नहीं कर रहे थे। सरोज का कहना है कि साथ लगते अन्य वार्डों से पीने के लिए पानी लेकर आए। पानी की कमी के कारण दो दिन से कपड़ों की धुलाई नहीं की है। जनस्वास्थ्य विभाग की टीम ने गुरुवार की सुबह ही वार्ड-18 में दूषित पानी की आपूर्ति की जांच में जुट गई। जेई खुर्शीद अहमद ने बताया कि घरेलू पानी का कनेक्शन लीक मिला है। यह कनेक्शन नाली के अंदर था। जिससे आगे जा रही पानी की लाइन में नाली का गंदा पानी जा रहा था। एसडीओ ओमप्रकाश ने बताया कि गुरुवार की शाम तक दूषित पानी की आपूर्ति समस्या का समाधान कर दिया जाएगा। गुरुवार की शाम को वार्ड में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति होगी।

पुलिस ने दो बदमाशों को चोरी की बाइक समेत पकड़ा

सोहना। पुलिस ने शहर के पलवल मार्ग पर चोरी की बाइक व अवैध हथियार समेत दो बदमाशों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार बदमाशों के खिलाफ सिटी थाना में मामला दर्ज कराया गया है। सीआईए 40 गुरुग्राम पुलिस को बुधवार की शाम को गश्त के दौरान सूचना मिली कि जिला पलवल का गावं छपरौला निवासी कृष्ण और टहरकी निवासी प्रेमचंद चोरी की बाइक पर सवार है। दोनों ही बदमाशा पलवल मार्ग पर बना पैट्रोल पंप पर बाइक में तेल डलवा रहे है। पुलिस टीम ने तुरन्त छापामारी करते हुए दोनों ही बदमाशों को चोरी की बाइक समेत गिरफ्तार कर लिया। जिनकी तलाशी ली गई तो कृष्ण के पास से अवैध हथियार व प्रेमचंद के पास से दो जिन्दा कारतूश बरामद हुए। गिरफ्तार बदमाशों के खिलाफ बाइक चोरी करने तथा अवैध हथियार रखने का मामला दर्ज कर लिया है।

सीएम राहत कोष से उपचार को वित्तीय सहायता लेना आसान

गुरुग्राम। मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी.उमाशंकर ने कहा कि अंत्योदय के भाव के साथ हरियाणा सरकार कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के मार्गदर्शन में 22 गंभीर बीमारियों को मुख्यमंत्री राहत कोष में शामिल करने के साथ ही सभी आवेदनों को जिला स्तर पर उपायुक्त की संस्तुति पर मंजूरी देने का फैसला किया है। वे गुरुवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के जिला उपायुक्तों को नई प्रक्रिया के बारे में बताने को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। वी. उमाशंकर ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मिले निर्देशों के तहत पूर्व प्रक्रिया की विषमताओं को देखते हुए इस प्रक्रिया को आम जनता के लिए सरल बनाने के साथ ही समयबद्ध भी किया गया है। अब आर्थिक सहायता के लिए प्रार्थी आवेदक सरल पोर्टल के माध्यम से इस सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। मुख्यमंत्री राहत कोष से मिलने वाली आर्थिक सहायता की राशि सीधे आवेदक या लाभार्थी के बैंक खाते में ट्रांसफर की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि कोई आवेदक दूसरे राज्य में इलाज करवा रहा और वह चाहता है कि उपचार की राशि सीधे अस्पताल को मिले तो वह संबंधित अस्पताल की बैंकिंग डिटेल्स भी साझा कर सकता है। श्री उमाशंकर ने बताया कि आर्थिक सहायता के लिए आवेदक को इलाज से पूर्व अथवा इलाज के उपरांत जैसे दोनों विकल्प दिए गए हैं।

मेला : 20 साल में पहली बार ग्राहक का मुंह तक नहीं देखा

मेले में 1992 से आ रहे हैं, पहली बार 11 दिनों में नहीं हुई कोई बिक्री

कविता। फरीदाबाद

संत कबीर और नेशनल आवार्डी गुजरात के कच्छ से सन 1992 से सूरजकुंड मेले में आ रहे दया भाई ने कहा कि इस बार 11 दिनों में एक भी रुपये की बिक्री नहीं हुई।

इस बार संत कबीर आवार्डी सभी हस्तशिल्पियों के लिए अलॉट स्टॉल दर्शकों की पहुंच से दूर हैं। वहीं 605 नम्बर स्टॉल पर बैठे सलाउद्दीन ने कहा कि वे उत्साह और उमंग लेकर आए थे। पिछले 11 दिनों से मनोबल टूट रहा है। इस बार का मेला गलत समय पर लगा है। यदि मेला इस समय रखना था, तो पूरे मेले को ढकना चाहिए था।

606 स्टॉल पर बैठे दयाभाई।

605 स्टॉल पर मौजूद सलाउद्दीन।

35वें सूरजकुंड मेले में नेशनल और संत कबीर आवार्डी हस्तशिल्पियों का इस बार आकर मनोबल टूट गया है। उनका कहना है कि फरवरी में लगने वाला मेला ही ठीक था, कुछ बिक्री तो होती थी। लेकिन इस बार मार्च और अप्रैल की गर्मी के कारण बिक्री नहीं हुई है। वहीं उन्हें ऐसा स्थान दिया है, जहां दर्शक पहुंच ही नहीं सकते है। ऐसे में पिछले 11 दिनों में उनकी बिक्री ही नहीं हुई।

जमीन आसमान का अंतर : संत कबीर और नेशनल आवार्डी वनीकर दया भाई अला गुजरात के भूज कच्छ को मेले में 606 नम्बर स्टॉल मिला है। उन्होंने बताया कि वह 1992 से सूरजकुंड मेले में आ रहे है। यहां पहली बार ऐसा हुआ है कि उनकी पूछ ही नहीं हो रही। सभी संत कबीर आवार्डी को एक तरफ फैंक दिया है। इस बार मेले में जमीन आसमान का अंतर देखने को मिल रहा है। वे वूलन आयटम स्टॉल, शॉल, दुप्पटा, कार्टन की साड़ी लेकर आए हैं। लेकिन 11 दिनों में एक रुपये की भी बिक्री नहीं हुई।

टूट गया मनोबल : मेले में 605 नम्बर स्टॉल पर मौजूद सलाउद्दीन ने कहा कि वह पुस्तैनी हैंडलूम का काम बनारस में संभालते हैं। उनके सभी भाई भी यह काम करते है। केंद्र सरकार ने उनके भाई मगुआलम को 2017 में नेशनल आवार्ड दिया था। वहीं कमालुद्दीन को वर्ष 2018 में संत कबीर पुरूस्कार मिला। वर्ष 2018 में मगुआलम को यूपी के सीएम ने विवरस पुरस्कार दिया था। वह मेले में उम्मीद लेकर आए थे। लेकिन 11 दिन से बिक्री न होने से मलोबल टूट चुका है। संत कबीर पुरूस्कार विजेताओं को यहां एक तरह से फैंक दिया है।

हेरोइन तस्कर गिरफ्तार

फरीदाबाद। डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादियान के द्वारा शहर में अपराधियों की धरपकड़ के दिए गए दिशा निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर 17 की टीम में अवैध नशा बेचने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी रणधीर और झाड़ी फरीदाबाद के एसजीएम नगर में रहता है। आरोपी दिल्ली के कर्ण से हेरोइन लेकर आता था। आरोपी को 29 मार्च को गिरफ्तार कर 7 ग्राम हेरोइन बरामद की गई थी। आरोपी से पूछताछ में पता चला कि आरोपी कर्ण के घर दिल्ली से नशीले पदार्थ लाता है। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी कर्ण के घर पर रेड की तो आरोपी मौके से फरार हो गया। घर से क्राइम ब्रांच टीम में 36 ग्राम हेरोइन बरामद कर दिल्ली पुलिस के साथ मिलकर दिल्ली के थाना गुलाबी बाग में मुकदमा दर्ज कर दिया।

सरकार का प्रदेश में 500 सरकारी कालेज खोलने का लक्ष्य : गुर्जर

सुपर 100 के बच्चों का आईआईटी व एमबीबीएस में दाखिला होना सरकार के साथ-साथ गरीब तबके की बड़ी कामयाबी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

हरियाणा के शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि हरियाणा सरकार हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाने को कृत संकल्पित है। इसी उद्देश्य से सरकार ने 134 ए के नियमों में बदलाव करके नए शैक्षणिक सत्र से राइट टू एजुकेशन के तहत 25 फीसदी सीटें रिजर्व की हैं।

शिक्षा मंत्री गुरुवार को जिले के गांव बडौली निवासियों की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में बोल रहे थे। इस स्कूल को अपग्रेड करके 10 + 2 करने पर ग्रामीणों की ओर से यह समारोह आयोजित किया गया था। शिक्षा मंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद हरियाणा में 22 सरकारी कॉलेज थे। अब हरियाणा में 138 सरकारी कॉलेज है। हरियाणा सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश में 500 सरकारी कालेज खोले जाएं। विशेषकर महिलाओं की उच्चतर शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए अधिक से अधिक कॉलेज खोले जा रहे हैं। गुर्जर ने कहा कि यह हरियाणा सरकार की पॉलिसी का ही नतीजा है कि हरियाणा सरकार की सुपर 100 योजना के तहत पढ़ रहे 100 बच्चों में से 29 बच्चों का आईआईटी, 26 बच्चों का एमबीबीएस तथा 6 बच्चों का एम्स में दाखिला हुआ है। यह सभी बच्चे गरीब तबके से संबंध रखते हैं।

गांव बडौली में आयोजित सम्मान समारोह को संबोधित करते शिक्षा मंत्री कुंवर पाल गुर्जर।

यह केवल सरकार ही नहीं गरीब समाज की भी बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के स्किल डेवलपमेंट पर भी विशेष फोकस दे रही है ताकि वे अपना स्वरोजगार स्थापित करके प्रदेश के विकास में अपना योगदान दे सकें।

इस अवसर पर तिगांव के विधायक राजेश नागर ने कहा की शिक्षा मंत्री हमेशा प्रदेश के बच्चों की भलाई के लिए कार्यरत रहते हैं। हमारी तरफ से जब भी शिक्षा से संबंधित कोई मांग रखी गई है उसे तुरंत पूरा किया गया है। इस कार्यक्रम के आयोजन में ग्राम विकास युवा मंडल का विशेष योगदान रहा। इस मौके पर एसडीएम परमजीत सिंह चहल, जिला शिक्षा अधिकारी ऋतु चौधरी, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी मुनेश, रणबीर चंदीला, दयानंद नागर, सीमा भारद्वाज, मास्टर भरत सिंह, लाल मिश्रा, बाबू चंदीला, कर्मवीर खटाना, पूर्व सरपंच रामपाल के अलावा अन्य अधिकारी तथा गणमान्य नागरिक भी मौजूद थे।

यातायात पुलिस ने नहर में कूदी महिला की बचाई जान

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

सुबह सेक्टर-28 के नजदीक आगरा कैनाल में एक महिला ने छलांग लगा दी वहां पर तैनात यातायात पुलिस के जवानों को किसी अज्ञात व्यक्ति ने सूचन दी। यातायात पुलिस में तैनात उपनिरीक्षक विजय कुमार यादव होमगार्ड अभिषेक, विनोद तथा कुलदीप के साथ मौके पर पहुंचे।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस कर्मियों ने देखा कि 28/29 वर्षीय महिला नहर में डूब रही है। यदि जल्द ही कुछ नहीं किया गया तो महिला की जान जा सकती है। पुलिस कर्मियों ने महिला की जान बचाने के लिए नहर में छलांग लगा दी। वहां पर मौजूद अन्य लोगों की सहायता से महिला को सकुशल बाहर निकाल लिया। प्राथमिक उपचार देने के पश्चात महिला की हालत ठीक हो गई। पुलिस कर्मियों ने उसका नाम पता पूछा जिस पर महिला ने बताया कि वह भारत कॉलोनी की रहने वाली है। उसने बताया कि पति घर खर्च के लिए पैसे नहीं देता है। इसलिए उनका कुछ दिनों से झगड़ा चल रहा था। आगे की कार्रवाई के लिए ट्रैफिक पुलिस ने थाना खेड़ी पुल संपर्क किया। जहां से महिला को ले जाकर उसके लिए बयान करवाए जा रहे हैं। यह अक्सर देखा गया है कि ऐसी गंभीर दुर्घटना को लेकर आम आदमी जागरूक नहीं है। चाहे सड़क दुर्घटना का मामला हो या फिर बिजली के करंट का मामला हो या ऐसी वर्तमान जैसी परिस्थिति हो। यातायात पुलिस कर्मियों ने मानवता का फर्ज अदा किया है, जो अपनी ड्यूटी से हटकर समाज को एक आईना दिखा दिया है बल्कि जागरूक किया है।

नदी में कूदी महिला को बाहर निकालते यातायात पुलिसकर्मी

डॉक्टरों को बेगुनाही साबित करने को जान की कुर्बानी देनी पड़ेगी ?

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

बड़े ही दुख की बात है राजस्थान के जिला दौसा में लालसोट की गोल्ड मेडलिस्ट डॉक्टर अर्चना शर्मा जब अपनी एक मरीज को नहीं बचा पाई तो उसके विरुद्ध धारा 302 में मर्डर केस दर्ज कर दिया गया। जिससे वो इतनी ज्यादा आहत हुई कि उसने आत्महत्या कर ली।

डा सुरेश अरोड़ा ने बताया कि, 27 मार्च को डॉ अर्चना शर्मा ने अपने आनंद हॉस्पिटल में एक महिला का ऑपरेशन किया। उसके बाद जब उस पेशेंट को पीपीएच नामक कॉम्प्लिकेशन की वजह से ब्लीडिंग हुई तो उन्होंने अपनी जी जान लगा कर बचाने की कोशिश की, लेकिन असमर्थ रही। मरीज के घरवाले पहले से ही उस डॉक्टर पर बहुत विश्वास करते थे और उनके यहां इलाज भी कराते रहते हैं, इसलिए उन्होंने इसे अपना भाग्य समझते हुए अपने मरीज को बिना पोस्टमार्टम कराए अपनी मर्जी से घर ले गए, लेकिन घर पहुंचने पर कुछ स्वार्थी तत्वों ने उन्हें भड़काया और लालच दिलाने की कोशिश की। कहा कि आप शव को नर्सिंग होम के आगे ला कर रख दीजिए। इस प्रकार दबाव डालने की कोशिश की गई। स्वार्थी और शरारती तत्वों के दबाव में पुलिस ने डॉ अर्चना शर्मा के खिलाफ दफा 302 में केस दर्ज कर दिया। इसके पश्चात डॉ अर्चना शर्मा इतनी ज्यादा दबाव में आ गई, कि उन्होंने एक सुसाइड नोट लिखकर अपने आप को खत्म कर लिया। इस सुसाइड नोट में उन्होंने यह लिखा कि मैं इनोसेंट हूं मेरे बच्चों को मेरे परिवार को कुछ ना कहा जाए और इनोसेंट डॉक्टर की रक्षा की जाए। यह एक कॉम्प्लिकेशन है जिससे कि मरीज की मौत हुई है। यह एक बहुत ही दुखद घटना है जिसकी वजह से इस समय पूरे देश के डॉक्टर बहुत महसूस कर रहे हैं।

डा पुनीता हसीजा ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइंस के अनुसार किसी भी डॉक्टर के खिलाफ कोई भी एफआईआर दर्ज करने से पहले एक सरकारी अथॉरिटी से इन्वेस्टिगेशन होने के बाद ही एफआईआर दर्ज की जा सकती है और 302 के तहत तो प्राथमिकी हो ही नहीं सकती क्योंकि 302 के तहत मर्डर केस की प्राथमिकी होती है। जो कि एक प्रीमेडीटेटेड मर्डर होता है।

रबर, केमिकल और पेट्रोकेमिकल के लिए स्किल ट्रेनिंग

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

रबर, केमिकल और पेट्रोकेमिकल (प्लास्टिक) सेक्टर, विशेष तौर पर एमएसएमई से जुड़ी सैकड़ों इकाइयों में कौशल विकास के लक्ष्य के साथ तमिलनाडु स्किल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (टीएनएसडीसी) ने रबर, केमिकल एंड पेट्रोकेमिकल स्किल डेवलपमेंट काउंसिल (आरसीपीएसडीसी) से हाथ मिलाया है। आरसीपीएसडीसी इन तीनों क्षेत्रों के लिए सेक्टर स्किल काउंसिल है और अब तक विभिन्न राज्यों में कौशल विकास अभियानों के साथ मिलकर देशभर में 2.5 लाख से ज्यादा लोगों का कौशल विकास कर चुका है।

आरसीपीएसडीसी तमिलनाडु में उद्योग जगत की जरूरतों के अनुरूप पाठ्यक्रम तैयार करेगा और सुनिश्चित करेगा कि तीनों सेक्टर में लोगों का गुणवत्तापूर्ण कौशल विकास किया जाए। प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया जाएगा और उन्हें प्रमाणपत्र दिया जाएगा। साथ ही उद्योगों को भी इससे जोड़ा जाएगा। आरसीपीएसडीसी की सीओओ शिवानी नागपाल ने कहा, 'टीएनएसडीसी, जो राज्य में कौशल विकास के लिए प्रतिबद्ध है, के साथ जुड़कर हमें खुशी हो रही है। तमिलनाडु देश में टायर का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य है और प्लास्टिक मैन्यूफैक्चरिंग में भी अग्रणी है। इससे आरसीपीएसडीसी के पास यहां विशेषतौर पर रबर, टायर और प्लास्टिक के क्षेत्र में कौशल विकास की व्यापक संभावनाएं हैं।'

शिवानी नागपाल ने आगे कहा, 'कारखानों में तेजी से टेक्नोलॉजी उन्नत हो रही हैं और उत्पादकता बढ़ाने के लिए कुशल लोगों की जरूरत बढ़ी है। तमिलनाडु में कौशल विकास की मजबूत व्यवस्था है। आरसीपीएसडीसी से जुड़ने से इन तीन अहम सेक्टर में ट्रेनिंग की गुणवत्ता एवं मानकों को उन्नत करने में मदद मिलेगी, जिससे कौशल की कमी पूरा करने, प्रतिव्यक्ति उत्पादकता बढ़ाने और कुशल लोगों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने में भी सहायता मिलेगी।' समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत आरसीपीएसडीसी नेशनल स्किल क्वालिफिकेशन फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) के अनुरूप पाठ्यक्रम तैयार करेगा, जिससे ट्रेनिंग के उच्च मानकों का पालन किया जा सके। प्रतिभागियों का मूल्यांकन एवं उन्हें

प्रमाणपत्र देने का कार्य नेशनल ऑक्यूपेशनल स्टैंडर्ड्स (एनओएस) के आधार पर किया जाएगा। अप्रेंटिसशिप और प्लेसमेंट में उद्योग जगत की सहभागिता को बढ़ाने की दिशा में भी आरसीपीएसडीसी काम करेगा। प्रशिक्षकों को संबंधित कौशल, ज्ञान, टूल्स एवं टेक्नोलॉजी में निपुण करने के लिए आरसीपीएसडीसी समय-समय पर ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स (टीओटी) का आयोजन भी करेगा। इसके अतिरिक्त टीएनएसडीसी के अनुरोध पर आरसीपीएसडीसी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना भी करेगा। आरसीपीएसडीसी ने इससे पहले उत्तराखंड स्किल डेवलपमेंट मिशन, उत्तर प्रदेश स्किल डेवलपमेंट मिशन, एडिशनल स्किल्स एक्विजिशन प्रोग्राम, केरल, असम स्किल डेवलपमेंट मिशन और आंध्र प्रदेश स्टेट स्किल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के साथ गठजोड़ किया है।

केरल में 74 एथलीटों का दल दिखाएगा जलवा

फरीदाबाद। एथलेटिक्स हरियाणा के मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 25वीं नेशनल फैडरेशन कप सीनीयर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन 2 से 6 अप्रैल चौधरी मौहम्मद कोया स्टेडियम कालीकट (केरल) में किया जा रहा है। एथलेटिक्स फैडरेशन आफ इंडिया के संयुक्त सचिव और एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव राजकुमार मिटान ने बताया कि 54 पुरुष और 20 महिलाओं सहित 74 एथलीट खिलाड़ियों का दल नेशनल चैंपियनशिप कालीकट (केरल) में भाग लेगा।

राजकुमार मिटान ने बताया कि पुरुष वर्ग में 100 मीटर दौड आशीष और संदीप, 200 मीटर दौड में पंकज, 400 मीटर दौड में कपिल, लक्षदीप, पंकज, विमल हुड्डा, मोहित कुमार, अमित कुमार, परवीन कुमार, विक्रांत पांचाल, अंगरेज सिंह और कुलजीत सिंह, 800 मीटर दौड में अंकित, मंजीत, मंजीत, कृष्ण कुमार, सुमित कुमार और मंजीत सिंह भाग ले रहे हैं। 1500 मीटर दौड में अमन, जसबीर, विकास, रमन कुमार, इशु सोलंकी, 5000 मीटर दौड में अजय, बालकिशन, 400 मीटर हर्डल में विजय मलिक आदि शामिल रहे।

सेक्टर-10 का आजाद पार्क बना पार्किंग स्थल

पार्क में झूले, ट्रेक मौजूद हैं लेकिन निवासी नहीं कर पा रहे इस्तेमाल

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

सेक्टर दस स्थित आजाद पार्क को लोगों ने अपने दुपहिया वाहनों के खड़ी करने की जगह बना कर एक पार्किंग स्थल में तब्दील कर दिया है। यह केवल नाम का ही पार्क है। पार्क जो बच्चों के खेलने कूदने और बुजुर्गों के टहलने के लिए होते हैं। वहीं यह पार्क वाहनों के पार्किंग की ज़गह बन कर रह गया है। जिस कारण इस पार्क का इस्तेमाल सेहत के लिए नही बल्कि पार्किंग के लिए किया जा रहा है।

पायनियर की तरफ से सेक्टर दस में मौजूद पार्क का दौरा किया गया गया। जहां देखने पार्क की बजाय पार्किंग स्थल देखने को मिला। यहां मौजूद आज़ाद पार्क की हालत लोगों ने ऐसी कर दी है कि पार्क और पार्किंग स्टैंड में अंतर कर पाना कठिन है। क्षेत्रफ़ल में पहले से छोटा यह पार्क पार्किंग के कारण और अधिक छोटा हो गया है। यहीं वजह है कि वाहनों से घिरे इस पार्क में अब लोगों ने खेलने कूदने और टहलने के लिए भी जाना छोड़ दिया है। वाहनों के पहियों से होने वाले घर्षण के कारण पार्क की घास की चमक भी अब पहले जैसी नही रह गई है। धीरे-धीरे यह पार्क पूरी तरह से पार्किंग लॉट में बदलता जा रहा है। संभव है कि आने वाले समय में इसका नाम आज़ाद पार्क से बदलकर आजाद पार्किंग स्टैंड हो जाए तो कोई अचंभा नहीं होगा। पार्क की यह हालत समाज़ के प्रति लोगों के गैर जिम्मेंदाराना रवैये को ही दर्शाती है। पार्क में अपनी बाइक खड़ी कर रहे एक युवक से जब हमने पार्क और पार्किंग स्टैंड में अंतर पूछा तो वह उत्तर देने के बजाय चुपी साध कर निकल गया।

आजाद पार्क के अंदर खड़ी गाड़िया।

पार्क के ही नजदीक रहने वाली महिला ने बताया कि पहले इक्का दुक्का लोग ही अपने वाहनों को खड़ा करते थे, लेकिन अब एक दूसरे को देख कर मिल रहे साहस के कारण अन्य लोगों ने भी अपने वाहन खड़े करना शुरू कर दिया है। यही वज़ह है कि अब यह केवल नाम का ही पार्क रह गया है, साथ ही सरकार पर तंज कसते हुए महिला ने कहा कि प्रशासन को अब इसे पार्किंग स्टैंड घोषित कर देना चाहिए। ताकि लोगों द्वारा बिना किसी डर के इसका लाभ उठाया जा सके।

अधिग्रहण से मुक्त जमीन की याचिका खारिज

ग्रेफ किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष शिवदत्त की अध्यक्षता में बैठक करते किसान।

फरीदाबाद। ग्रेटर फरीदाबाद के पांच गांवो की अधिग्रहण से मुक्त जमीन की याचिका उच्च न्यायालय ने खारिज कर दी। इससे पहले सर्वोच्च न्यायालय सेक्टर-75 व 80 के पांच गांवों की किसानों की रिव्यू पिटीशन खारिज कर चुका है। आज ग्रैटर फरीदाबाद किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष शिवदत्त वशिष्ठ एडवोकेट ने एक बैठक कर उच्च न्यायालय के आदेश की जानकारी किसानों को दी।

वशिष्ठ ने कहा कि पांच गांवों के किसानों की जमीन को कांग्रेस की पिछली सरकार ने बगैर किसानों की मर्जी के मुआवजा 16 लाख में अधिग्रहित कर लिया था। इस अधिग्रहण के खिलाफ किसानों ने अपिल दायर की थी।

संक्षिप्त समाचार

फेस पेंटिंग में एमबीपी स्कूल की कीर्तिका ने मारी बाजी

फेस पेंटिंग में भाग लेने वाले विद्यार्थी।

फरीदाबाद। मेला परिसर स्थित छोटी चौपाल पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही विभिन्न विधाओं की प्रतियोगिताओं का सिलसिला जारी है। गुरूवार को डिजाइनर गैलरी में फेस पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें जिलाभर के दस स्कूलों के 58 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें माडर्न बीपी स्कूल की कीर्तिका ने प्रथम, सेंट जानसन स्कूल की युक्ता और आर्य विद्या मंदिर स्कूल की प्राची ने संयुक्त रूप से दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार माडर्न बीपी स्कूल से अतुल कुमार और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अनंगपुर की शिवानी तृतीय स्थान पर रहे। आर्य विद्या मंदिर की सरिता ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

फन कैंप : कम्युनिकेटिव स्किल्स में दक्षता का पाठ पढ़ रही छात्राएं

फरीदाबाद। हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के आदेशानुसार राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एनआईटी तीन फरीदाबाद में प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में कौशल विकास हेतु आयोजित किए जा रहे फन कैंप में बालिकाएं कम्युनिकेटिव स्किल्स में दक्षता का अध्याय पढ़ कर निपुण हो रही हैं। इस शिविर में पचास छात्राएं प्रतिभागिता कर रही हैं। विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड प्रभारी प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि शिविर में भागीदारी कर रही छात्राएं बहुत ही उत्साहित हैं तथा कौशल विकास के लिए आयोजित किए जा रहे फन कैंप में स्किल डिवेलप करने के साथ साथ विभिन्न विषयों के बारे में ज्ञानोपार्जन भी कर रही हैं कम्युनिकेटिव स्किल्स एक्सपर्ट रिचा ने छात्राओं को अपनी वोकेबलरी एनरिच करने के मेथड्स पर चर्चा की और विशेष रूप से जिस भाषा में कम्युनिकेटिव स्किल डिवेलप करनी है उस भाषा में न्यूजपेपर, न्यूज चैनल के माध्यम से न्यूज सुनना और उसी भाषा की ख्याति प्राप्त पुस्तकें पढ़ने के लिए कहा। वहीं जिला स्वास्थ्य विभाग से स्वास्थ्य कर्मी काउंसलर अनुक्रमा भाटी ने युवावस्था में हो रहे शारीरिक परिवर्तनों एवम बालिकाओं की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के बारे में विस्तृत ज्ञानवर्धन किया। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने अध्यापकों मोनिका, अंशुल, पूनम सहित सभी अध्यापकों, बालिकाओं और रिसोर्स पर्सन का भी बहुत बहुत आभार प्रकट किया।

परीक्षा परिणाम घोषित होने पर खुश हुए विद्यार्थी

फरीदाबाद। प्राइमरी कक्षाओं का परीक्षा परिणाम गुरुवार को घोषित किया गया। पास होकर विद्यार्थी खुशी दिखे। अब इन विद्यार्थियों का नई कक्षाओं में एडमिशन किया जाएगा। जिले में 200 से अधिक प्राइमरी स्कूल हैं और इनमें मॉडल संस्कृति स्कूल भी हैं, लेकिन दो साल बाद इन सभी विद्यार्थियों की ऑफ लाइन परीक्षाएं हुई और गुरुवार को इनका परिणाम घोषित किया गया। शिक्षा के अधिकार के तहत सभी विद्यार्थियों को पास किया गया, लेकिन बेहतर अंक लेने पर विद्यार्थियों को पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर नाम बोल कर सम्मानित किया गया। गांव लकड़पुर के प्राइमरी स्कूल में मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों को बैग दिए गए। स्कूल की प्रिंसीपल किरण सिंह, मुख्य शिक्षक भगत सिंह, जेबीटी अध्यापक रेखा राज शर्मा, कविता देवी, ममता शर्मा, दीपा व वेदप्रकाश गौड़ मौजूद थे। ऐसे ही एतमादपुर, वजीरपुर समेत गांव भूपानी में भी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला भूपानी में मेधावी विद्यार्थियों को स्कूल प्राचार्य संदेश कुमारी, मिडिल हेड अनीता चुग व स्कूल इंचार्ज अमित ने पुरस्कृत किया।

सेवानिवृत हुए दस पुलिस कर्मियों को दी विदाई

फरीदाबाद। विकास कुमार अरोड़ा पुलिस आयुक्त ने स्मृति चिन्ह देकर, नए जीवन की शुरुआत अच्छे स्वास्थ्य एवं सुखमय भविष्य की शुभकामनाओ के साथ दी विदाई पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि आज पुलिस आयुक्त कार्यालय के प्रांगण में फरीदाबाद पुलिस विभाग के सेवानिवृत्ति पाने वाले निरीक्षक करतार सिंह, जोगिन्द्र सिंह, सतपाल, सहायक उप निरीक्षक प्रदीप, अजीत, टेकन लाल, रमेश चन्द, सुरेन्द्र, मुख्य सिपाही राजपाल एवं ग्रुप-डी कर्मचारी कालू राम की सेवानिवृत्ति विदाई पार्टी आयोजित की गई किया गई। विकास कुमार अरोड़ा आईपीएस पुलिस आयुक्त द्वारा स्मृति चिन्ह देकर उनके अच्छे स्वास्थ्य एवं उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विदाई दी गई। जवान निरीक्षक करतार सिंह को अपने 37 साल 5 महिने की लम्बी सेवा पुलिस विभाग में सेवानिवृत्त है। वही निरीक्षक जोगिन्द्र सिंह पुलिस विभाग में 36 वर्ष 9 माह की लम्बी सेवा के उपरान्त पुलिस विभाग में सेवानिवृत्त है। निरीक्षक सतपाल ने पुलिस विभाग में 39 वर्ष 10 महिने की लम्बी सेवा के उपरान्त पुलिस विभाग में सेवानिवृत्त है। उप निरीक्षक प्रदीप ने पुलिस विभाग में 38 की लम्बी सेवा उपरान्त फरीदाबाद पुलिस में कार्य किया है। उप निरीक्षक अजीत सिंह ने पुलिस विभाग में 33 वर्ष 04 माह की लम्बी सेवा के उपरान्त पुलिस विभाग में सेवानिवृत्त है। उप निरीक्षक टेकन लाल ने पुलिस विभाग में 33 वर्ष 04 माह की लम्बी सेवा के उपरान्त पुलिस विभाग में सेवानिवृत्त है।

अस्पताल में चोरी करने वाला वार्ड बॉय गिरफ्तार

फरीदाबाद। डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादियान के द्वारा अपराधियों की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-65 की टीम ने अस्पताल टिकेट काउंटर से चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी रमेश स्थाई रूप से हरियाणा के झज्जर जिले के गांव भदानी का रहने वाला है और अस्थाई रूप से फरीदाबाद के ऊंचा गांव में रहता है। आरोपी मानवता हॉस्पिटल में चार-पांच महीने पहले नौकरी करता था। जो अब दोबारा 15 मार्च को मानवता हॉस्पिटल में वार्ड बॉय की नौकरी पर लगा था। आरोपी ने 17 मार्च की रात को मानवता अस्पताल के कैश काउंटर से 200000 चोरी करने की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी 18 मार्च को हॉस्पिटल में ड्यूटी पर आया था। अस्पताल की कैश काउंटर के स्टाफ ने जब पैसों के बारे में पूछा तो आरोपी ने पैसे निकालने के बारे में कुबूल किया और मौके से फरार हो गया। मानवता अस्पताल के कैश काउंटर कर्मचारी की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। मामले की तफ्तीश क्राइम ब्रांच सेक्टर 65 को मिली जिस पर क्राइम ब्रांच सेक्टर 65 की टीम ने कार्रवाई करते हुए गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर आरोपी को बल्लभगढ़ के सेक्टर 65-64 चौक से गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ में पता चला है कि आरोपी अस्पताल में वार्ड बॉय की नौकरी करता था। उसने कैश काउंटर पर इतने पैसे देखे तो उसकी नियत खराब हो गई जिसके कारण उसने चोरी की योजना बनाई। उसने 1 दिन पहले सीसीटीवी कैमरे की तार हटा दी और मौका देख कर कैश काउंटर से 200000 रुपये चोरी कर लिए। आरोपी ने चोरी किए हुए पैसे एक औरत और एक आदमी को दिए गए। क्राइम ब्रांच टीम दोनों महिला और पुरुष आरोपियों की तलाश कर रही है जल्द ही गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया जाएगा।

विधायक ने निगम संग चलाया सफाई अभियान

फरीदाबाद। विधायक नीरज शर्मा ने चौ. राणबीर सिंह हुडड्ा लेजर वैली पार्क जिसको पूर्व मंत्री स्व: शिवचरण लाल शर्माजी ने अपने कार्यकाल में बनाया था। एनआईटी विधानसभा का यह सबसे बड़ा पार्क है। विधायक नीरज शर्मा ने पब्लिक को जागरूक करने के लिए विशेष सफाई अभियान की शुरूवात की, क्योंकि विधायक का कहना था की सफाई में आम जनता की भागीदारी की भी आवश्यकता है जब जनता जगरूक होगी तो यह गंदगी खत्म हो जाएगी। विधायक नीरज शर्मा कहना है कि सफाई को लेकर एक जन अंदोलन खडा करने की आवश्कता है। इस मौके पर नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नितिश पारवाल, हेडक्वाटर इंचार्ज राजेन्द्र दाहिया, विधानसभा इंचार्ज बिशन तेवातिया, वार्ड-8 के ईचांर्ज ओमप्रकाश शर्मा, वार्ड-10 से देशराज शर्मा, वार्ड-10 से पार्षद प्रतयाशी पकंज शर्मा, चौ. पूरन सिंह, बोबी शर्मा एंव गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 1 अप्रैल, 2022

बंदियों के अधिकार

अनुशासन जरूरी

जेल में बंद कैदियों को अनुशासित करने की आवश्यकता है, पर यह मानवीय तरीके से होना चाहिए। दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को महानिदेशक जेल से ऐसे तरीके खोजने को कहा जिनसे राजधानी की जेलों में हिंसा घटा कर अनुशासन बढ़ाया जा सके। अदालत की यह टिप्पणी एक याचिका पर सुनवाई के समय आई जिसमें दावा किया गया था कि अराजक बंदियों को अनुशासित करने में अत्यधिक बल का प्रयोग किया जाता है। अधिकारी ने अदालत को बताया कि जब दुर्दान्त अपराधियों की जगह बदली जाती है या जब उनसे बरामद प्रतिबंधित सामग्री के बारे में पूछताछ होती है तब हिंसा होती है। इनमें मोबाइल फोन, हथियार व यहां तक कि नशीले पदार्थ भी शामिल हैं। जेल निदेशक सुनवाई की अगली तारीख 20 मई को विस्तृत विवरण के साथ अदालत में पेश होंगे। राष्ट्रीय राजधानी तथा एक प्रकार से पूरे देश में जेल व्यवस्था में सुधार एक पवित्र रास्ता तलाशने की तरह है। दिल्ली में 16 जेलें हैं। उन सबमें बंदियों की संख्या बहुत अधिक तथा कर्मचारियों की संख्या कम है। ऐसे में रहने की स्थितियां, स्वच्छता मानक, स्वास्थ्यप्रद भोजन की उपलब्धता तथा व्यायाम पर सवाल उठते हैं। विधिक सहायता की कमी, विचारधीन या सजा काट चुके लोगों का अधिक समय तक बना रहना तथा बंदियों में अपराधी गैंगों का विकास समस्यायें और बढ़ाते हैं। ऐसे में काम के बोझ से लदे तथा कम वेतन पाने वाले कर्मचारी मानवीय व सभ्य बनने का प्रयास नहीं करते हैं। उनको विरले ही इस बात का प्रशिक्षण मिलता है कि जेलों को पुनर्वास का केन्द्र समझें। अधिकांश जेलरों की नजर में जेलें वह स्थान हैं जहां दोषियों को दंड देने के लिए भेजा जाता है। आप सरकार ने 2019 में उच्च न्यायालय को बताया था कि उसने दिल्ली की जेलों में एक नया जेल मैनुअल लागू किया है। लेकिन तथ्य यह है कि तीन साल बाद उसी अदालत की सुनवाई में मंगलवार को स्पष्ट हुआ कि मैनुअल का ज्यादा असर नहीं हुआ।



संयुक्त राष्ट्रसंघ ने 2019 को एक रिपोर्ट में कहा था कि जेलों में भीड़ व हिंसा अथवा जेल अधिकारियों द्वारा अनुशासन लाने के लिए अवैध या अत्यधिक बल प्रयोग के कारण हिंसा भयानक रूप से बढ़ रही है। कैद तनहाई के अत्यधिक प्रयोग से विरले ही बंदी आज्ञाकारी बनते हैं। जेल कर्मचारियों द्वारा अत्याचार की जवाबदेही बहुत कम या एकदम गायब है। ऐसे में जेल मैनुअल भला किस उद्देश्य की पूर्ति कर सकता है? थाईलैंड के इंस्टीट्यूट आफ जस्टिस की रिपोर्ट 'ग्लोबल प्रिज़न ट्रेंड्स 2020' में कहा गया था, 'जेल सेवा का काम सुरक्षा और रक्षा सुनिश्चित करना, जेल में दिन-प्रतिदिन का जीवन व्यवस्थित करना, यह सुनिश्चित करना कि व्यवहार बंदियों की मानव गरिमा का उल्लंघन न करे, सार्थक व्यावसायिक गतिविधियां उपलब्ध कराना, हस्तक्षेप करना तथा इस प्रकार बंदियों की रिहाई व उनको समाज में पुनः शामिल होने के लिए तैयार करना है।' ये काम तभी पूरे हो सकते हैं जब जेल के कर्मचारी शिक्षित, पेशेवर रूप से प्रशिक्षित, अच्छा वेतन पाने वाले तथा नियमित कार्यदिवस वाले हों। लेकिन विरले ही किसी जेल अधिकारी को अपने काम से संतुष्ट देखा जाता है। कथित रूप से उनमें से अनेक मिलीभगत करते हैं, जातीय राजनीति करते हैं, सामान छीनने तथा बंदियों में व्यापार को प्रोत्साहित करते हैं। हमें जेलों में जेल एवं बंदी प्रबंधन, अपराध विज्ञान, विधि, सामाजिक कार्य तथा पुनर्वास सहायता के नियमित व उच्चस्तरीय प्रशिक्षण की जरूरत है। ऐसा न होने के कारण ही दिल्ली उच्च न्यायालय ने तिहाड़ के अधिकारियों से जून, 2021 में कहा था, 'इन कार्रवाइयों के कारण लोग हमारे देश में प्रत्यर्पण से बचते हैं। वे कहते हैं कि देखो भारतीय जेलों में क्या हो रहा है। लोगों की वहां पिटाई होती है। मुझे वहां न भेजें।'

राजनीति में गरिमाहीन शब्दावली

राजनीति में जो लोग गरिमापूर्ण भाषा का प्रयोग नहीं करते हैं वे देश तथा खासकर व्यवस्था का संचालन कैसे कर सकते हैं?

राजेंद्र प्रसाद गुप्ता
(लेखक बिहार विधान परिषद के सदस्य हैं)

पिछले कुछ दशकों से जैसे निन्दाजनक शब्दों का प्रयोग भारतीय राजनीति में एक स्वीकृत मानक बन गया है। जाति, धर्म व क्षेत्र के आधार पर अक्सर अशालीन टिप्पणियां की जाती हैं। महिलाओं को अक्सर तथाकथित 'सम्मानित' लोगों द्वारा अपमानजनक अभिव्यक्तियों का शिकार बनना पड़ता है जो अपनी राजनीति को चमकाने के लिए ऐसा करते हैं। इन राजनेताओं को यह चिन्ता नहीं है क उनकी इन अनुपयुक्त टिप्पणियों का दीर्घकालीन रूप से जनता पर क्या प्रभाव पड़ेगा। जहां तक बिहार का सवाल है, लालू यादव के राजनीति में आने और अशालीन भाषा के प्रयोग को वैध बनाने के बाद अन्य नेताओं ने भी बिना किसी जवाबदेही के अपमानजनक व असंसदीय भाषा का प्रयोग करना शुरू कर दिया। यह बीमारी अब संसद और विधानसभाओं तक पहुंच गई है। हालांकि, ऐसी अभिव्यक्तियों को 'रिकार्ड' से हटाने का प्राविधान है, लेकिन चौबीसों घंटे व सातों दिन मीडिया कवरेज के युग में सुधारात्मक उपाय करने से पहले ही नुकसान हो जाता है।

24 अक्टूबर, 2021 को लालू यादव ने कांग्रेस के बिहार इन्चार्ज भक्त चरण दास को 'भक्चोनहर दास' कहा। इसके पहले भी उन्होंने ऐसे विवादास्पद बयान दिए थे। उदाहरणार्थ, उन्होंने रायबरेली में 21 फरवरी, 2017 को समाजवादी पार्टी की एक रैली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ ऐसी टिप्पणियां की थीं जिनको सभ्य समाज में दुहराया नहीं जा सकता है। 10 जनवरी, 2017 को उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सांसद साक्षी महाराज को गुंडा एक्ट के अंतर्गत जेल भेज दिया जाना चाहिए। उन्होंने उनको 'लफंदर' कहा था। उन्होंने गिरिराज सिंह को 'मेंटल केस' कहा था। 18 दिसंबर, 2016 को उन्होंने नोटबंदी की तुलना कांग्रेस काल के नसबंदी से की। अक्टूबर 2015 को दादरी घटना होने पर उन्होंने हिंदुओं को 'बीफ खाने वाला' बता दिया। जनवरी, 2017 में उन्होंने अनिल विज़ को भारत का 'नालायक बेटा' कहा। जनवरी, 2017 में उन्होंने विनय कटियार को 'टिकुली' व 'सिंदूर' लगाने की सलाह दी। 26 मार्च, 2017 को जब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री आवास की गंगा जल से धुलाई का आदेश दिया तो लालू ने उनको 'पिछड़ी जातियों का उत्पीड़क' तथा 'मुस्लिम-विरोधी' बता दिया। लालू यादव ने भाजपा सांसद हेमा मालिनी के बारे में भी विवादास्पद बयान दिया था। 'बुड़बक' शब्द हमेशा उनकी जबान पर रहता है। लालू यादव ने पत्रकारों के प्रति भी यही दृष्टिकोण बनाए रखा। जून, 2017 में उन्होंने पत्रकारों से पूछ सवालों के जवाब में कहा था, 'दे देंगे दो मुक्का, नाच कर गिर जाओगे'।

महिलायें भी इस देश में राजनेताओं की अनुपयुक्त भाषा का शिकार बनी हैं। 'यत्र नार्यस्तु पूजयंते, रमन्ते तत्र देवता' वाले इस देश में महिलाओं के प्रति ऐसी अपमानजनक भाषा का प्रयोग करने वाले राजनेता महिलाओं को सम्मान व अधिकार कैसे दे सकते हैं? उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री रहते हुए मुलायम सिंह यादव ने 2014 में युवाओं के खिलाफ बलात्कार के आरोपों पर कहा था, 'लड़कों से गलतियां हो जाती हैं, लेकिन इसके लिए उनको फांसी नहीं दी जा सकती है।'

जुलाई, 2013 में कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने मंदसौर की महिला सांसद मीनाक्षी नटराजन को मध्य प्रदेश की एक रैली में 'सौ टका टंच माल' कहा था। वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमल नाथ ने कैबिनेट मंत्री इमरती देवी का 'आइटम' कहा था। महिलाओं के प्रति ऐसी अनेक अशिष्ट टिप्पणियों से ये नेता महिलाओं की सुरक्षा और गरिमा को चोट पहुंचाते हैं। लालू यादव के अलावा उद्धव ठाकरे, ममता बनर्जी, अखिलेश यादव, मायावती, दिग्विजय सिंह, कपिल सिब्बल, कमल नाथ, मणिशंकर अय्यर, शशि थरूर, इमरान मसूद, व सोनिया गांधी भी ऐसे मामलों में शामिल रहे हैं। मणि शंकर अय्यर ने 7 दिसंबर, 2017 को मोदी को 'नीच आदमी' कहा था। प्रियंका गांधी ने भी मोदी पर 'घटिया राजनीति' का आरोप लगाया था। 2007 में गुजरात विधानसभा चुनाव के दौरान सोनिया गांधी ने मोदी को 'मौत का सौदागर' कहा था। ममता बनर्जी ने अमित शाह और नरेन्द्र मोदी को दक्षिण दीनाजपुर में 22 अप्रैल, 2021 को हुई रैली में 'दिल्ली के गुंडे' कहा था। कांग्रेस नेता शशि थरूर ने 18 जुलाई, 2018 को कहा था कि 'हिंदूवाद का तालिबानीकरण' हो रहा है। उद्धव ठाकरे ने भी 2018 में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को 'चप्पलों से मारने' की बात कही थी। उन्होंने राहुल गांधी को 'मूर्ख' नेता बताते हुए मणि शंकर अय्यर को 'जूतों से पीटने' की बात कही थी। जम्मू कश्मीर में नेशनल कान्फ्रेंस के विधायक जावेद राना ने राष्ट्र ध्वज का अपमान करते हुए कहा था कि 'यदि जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 35 ए हटाया गया और अनुच्छेद 370 हटाने का प्रयास हुआ तो जम्मू कश्मीर में भारतीय ध्वज का कोई निशान नहीं बचेगा।'

राजनेताओं के इन अस्वीकार्य व विवादास्पद भाषणों को स्वीकार कर उनके वारिस भी रोज ऐसी गालीगलौज वाली भाषा प्रयोग करने लगे हैं। ऐसे विवादास्पद बयान इन नेताओं की असलियत बताते हैं। कहा जाता है कि 'यदि आप किसी को जानना चाहते हैं तो उसे बोलने दें।' किसी व्यक्ति की भाषा उसके व्यक्तित्व का प्रतिबिंब होती है। जिनको भाषा की गरिमा का पालन नहीं करना है वे व्यवस्था कैसे चला सकते हैं? देश में ऐसे अनेक नेता रहे हैं जिन्होंने हमेशा भाषा की गरिमा बनाए रखी है और जनता ने उनका बहुत सम्मान किया है। लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने 1974 में राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया था, पर वे कभी उत्तेजित नहीं दिखे। उन्होंने हमेशा सरलता और गंभीरता से अपनी बातें रखीं। इस कारण यह आंदोलन एक व्यापक व परिणामदायक आंदोलन बन गया। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने हमेशा गरिमापूर्ण ढंग से विरोधियों का विरोध किया।

उनकी बुद्धिमत्तापूर्ण शैली से सभी परिचित हैं। अपनी अलग शैली से वे विपक्ष को जवाब देते थे। राम मनोहर लोहिया, जार्ज फर्नान्डीज़ व लालकृष्ण आडवाणी भी ऐसे राजनेताओं में थे जिन्होंने अपने संयमित भाषणों से लोगों के दिलों पर राज किया और इसके बदले जनता ने उनको समुचित सम्मान दिया। राजनीतिक बहसों के लिए शाब्दिक युद्ध की जरूरत नहीं होती है, बल्कि उनको सुनने तथा संयम के साथ जवाब देने की जरूरत होती है। कोई भी अच्छा नेता सामाजिक सद्भावना के साथ देश की प्रगति के लिए काम करता है। ऐसे में जनता के लिए बेहतर है कि वह समाज के कल्याण हेतु काम के लिए नेता को स्वीकृति दे क्योंकि विवादास्पद टिप्पणियों से किसी खास वर्ग की आंख का तारा बनना उचित नहीं है।

अच्छे काम से मिलने वाली प्रशंसा स्थाई होती है तथा उसे युगों तक याद किया जाता है। राजनीति उकसावे वाले भाषणों पर जीवित नहीं रहेगी। तकनीक की प्रगति से सूचना तक पहुंच ज्यादा आसान हो गई है। अब जनता जानती है कि कौन काम करेगा और उकसावे वाले भाषण देने वाला केवल बातें ही करेगा। जनता अपने नायक पहचानती है। इसलिए विवादास्पद लफ्फाजी के बजाय अच्छे कामों और व्यवहार की राजनीति समाज व देश के लिए लाभदायक है।

अन्नाद्रमुक की स्वर्ण जयंती

कुमार चेलप्पन
(लेखक दि पायनियर के वरिष्ठ पत्रकार हैं)

अपने एक काम में, विक्टर ह्यूगो ने कहा कि 40 जवानी की बुढ़ापा है जबकि 50 बुढ़ापे की जवानी है। अगर वह आज जीवित होते, तो ह्यूगो अन्नाद्रमुक में चल रही गतिविधियों से हैरान होते, जिसकी स्थापना 1972 में दिवंगत एमजी रामचंद्रन द्वारा की गई थी (वह 1977 में सत्ता में आए और 1987 में अपनी मृत्यु तक मुख्यमंत्री बने रहे) और जे जयललिता द्वारा मजबूत किया गया। पार्टी नेतृत्व, कैडर और कार्यकर्ता मनोभ्रंश से पीड़ित होने की संभावना है। 2016 में जयललिता के निधन के बाद से अन्नाद्रमुक एक अभूतपूर्व नेतृत्व संकट का सामना कर रही है। एमजीआर के निधन के बाद, एक मंथन प्रक्रिया ने देखा कि जयललिता, दक्षिण भारतीय फिल्म प्रशंसकों की एक दिल की धड़कन, अन्नाद्रमुक की निर्विवाद नेता के रूप में उभरीं और 5 दिसंबर 2016 को अंतिम सांस लेने तक नंबर वन बनी रहीं। प्रारंभ में, जयललिता को एमजीआर द्वारा निर्देशित किया गया था, हालांकि उन्होंने अपने तेज को साबित किया। इसी समय, तमिलनाडु सरकार के एक सहायक पीआरओ की पत्नी वीके शशिकला ने उनके जीवन में प्रवेश किया। तब से, मैट्रिक पास शशिकला ने पीछे मुड़कर नहीं देखा, जो चेन्नई के पोएस गार्डन में अम्मा के विशाल बंगले वेद निलयम में जया की लिव-इन पार्टनर बनीं। हालांकि 1996 के विधानसभा चुनाव में जयललिता को अपमानजनक हार का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने 2001 और 2011 के चुनावों में एक चमत्कारी वापसी की, जिसमें द्रमुक को उखाड़ फेंका गया। 2014 का लोकसभा चुनाव केक पर आइसिंग था क्योंकि,द्बष्ठरू्य ने तमिलनाडु की 39 में से 37 सीटें जीती थीं। जया ने 2016 के विधानसभा चुनाव में भी अपनी पार्टी को जीत दिलाई लेकिन तब तक वह स्वास्थ्य और ऊर्जा खो चुकी थीं। उनके निधन से अन्नाद्रमुक के स्वर्ण युग का अंत हो गया।

ओ पनीरसेल्वम, जिन्होंने 6 दिसंबर की तड़के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी, को शशिकला और उनके भतीजों के नेतृत्व वाली एक मंडली ने हटा दिया था, जिन्होंने 5 और 6 दिसंबर, 2016 की मध्यरात्रि में वेद निलयम पर नियंत्रण कर लिया था। शशिकला और उनके पूरे परिवार को अक्टूबर 2011 में जयललिता ने वेद निलयम से बाहर कर दिया था, जिन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा था कि वे कबीले के साथ कोई संपर्क न करें। लेकिन शशिकला को अप्रैल 2012 में पोएस गार्डन में यह घोषित करने के बाद फिर से भर्ती कराया गया कि वह केवल अपनी अक्का (जया) की सेवा करने में रुचि रखती हैं और राजनीति में प्रवेश नहीं करेंगी। उनके भतीजे टीटीवी दिनाकरन, जिन्हें भी 2011 में वेद निलयम से हटा दिया गया था, जया के निधन के बाद बंगले में घुसपैठ करने में कामयाब रहे। शशिकला ने उन्हें उप महासचिव नियुक्त किया, जो पार्टी में अब तक नहीं सुना गया था। दिसंबर 2016 तक, शशिकला को अन्नाद्रमुक के कार्यवाहक महासचिव के रूप में पदोन्नत किया गया था। तत्कालीन लोकसभा उपाध्यक्ष थम्बी दुरई ने महासचिव के रूप में शशिकला की पदोन्नति के लिए खुले तौर पर पैरवी की। पार्टी सुप्रीमो के रूप में कार्यभार संभालने के कुछ ही हफ्तों के भीतर, दुरई ने मुख्यमंत्री के रूप में उनकी नियुक्ति की मांग की। उसके बाद, चीजें बहुत तेजी से आगे बढ़ीं। फरवरी 2017 के पहले सप्ताह तक, अन्नाद्रमुक विधायक दल के एक विशेष सत्र ने सर्वसम्मति से शशिकला को मुख्यमंत्री के रूप में चुना। शपथ ग्रहण समारोह 15 फरवरी के लिए निर्धारित किया गया था, जब सुप्रीम कोर्ट के आदेश के रूप में बिजली गिरी थी, जिसमें कर्नाटक विशेष अदालत के फैसले को बरकरार रखा गया था, जिसमें शशिकला, उनके भतीजे सुधाकरन और चचेरे भाई इलावरसी को आय से अधिक आय के मामले में चार साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई थी। जिस दिन उन्हें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेनी थी, छिन्नम्मा एडप्पादी पलानीस्वामी को मुख्यमंत्री की नौकरी सौंपने के बाद परप्पना अग्रहारा सेंट्रल जेल जा रही थीं। पलानीस्वामी ने शैली में शुरुआत की लेकिन दिनाकरन ने शॉट लगाना शुरू कर दिया। उनका मिशन (जया के) आरके नगर निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित होना, पलानीस्वामी को गिराना और मुख्यमंत्री बनना था। शशिकला के जेल में होने के कारण, पलानीस्वामी ने भाजपा में अपने संपर्कों का इस्तेमाल पन्नीरसेल्वम को वश में करने के लिए किया, जिन्होंने अनिच्छा से उपमुख्यमंत्री का पद स्वीकार कर लिया था।

सितंबर 2017 में एक सामान्य परिषद की बैठक ने शशिकला और दिनाकरन को पार्टी से बाहर कर दिया। दिनाकरन ने अम्मा मक्कल मुनेत्र कज़कम नामक एक संगठन लॉन्च किया, और अभी भी राज्य की राजनीति में पैर जमाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। 2021 में अन्नाद्रमुक को द्रमुक के नेतृत्व वाले गठबंधन ने हराया था, लेकिन जीत का अंतर वास्तव में प्रभावशाली नहीं था। पन्नीरसेल्वम पलानीस्वामी को विपक्ष का नेता नहीं बनाने से नाराज हैं। मुख्यमंत्री स्टालिन विघटन को गति देने के लिए हर संभव कोशिश कर रहे हैं। पलानीस्वामी के भरोसेमंद सहयोगियों (सभी गौंडर समुदाय से संबंधित) पर अधिकारियों द्वारा छापा मारा जा रहा है। पनीरसेल्वम और शशिकला, दोनों शक्तिशाली थेवर समुदाय से हैं, फरवरी 2017 में उनके खिलाफ धर्म युद्ध की घोषणा करने के बावजूद साथ मिल रहे हैं। सवाल यह है कि क्या शशिकला में उस पार्टी की नेता बनने की हिम्मत है जो अपने अस्तित्व के लिए जिम्मेदार है।

एमजीआर और जयललिता को? अपने नॉट-सो-महान बैकरूम युद्धाभ्यास के अलावा, शशिकला ने अभी तक एक नेता के रूप में अपनी साख स्थापित नहीं की है। द्रमुक अन्नाद्रमुक के विघटन को देखना पसंद करेगी- यदि यह लंबवत रूप से विभाजित होता है, तो स्टालिन एकमात्र लाभार्थी होंगे

स्वर्गीय जयललिता ने पन्नीरसेल्वम को उनकी दासता के कारण दो बार मुख्यमंत्री के रूप में चुना था। यहां तक कि उनके करीबी सहयोगियों का कहना है कि ओपीएस में पलानीस्वामी के विपरीत कोई नेतृत्व गुण नहीं है, जिन्होंने डीएमके को एक मजबूत झटका दिया। अन्नाद्रमुक के लिए स्वर्ण जयंती वर्ष एक महत्वपूर्ण चरण साबित हो रहा है। शशिकला, पनीरसेल्वम और दिनाकरण बिल में फिट नहीं बैठते, हालांकि ईपीएस में उम्मीद की एक किरण है। भगवान मुरुगा अन्नाद्रमुक को बचाएं!

आप की बात

त्वरित कदम उठाए सरकार

पश्चिम बंगाल का बीरभूम हिंसा का मामला वहां की स्थानीय पुलिस एवं सरकार की घोर लापरवाही का द्योतक है। लोगों के घरों में आग लगाकर उन्हें जिंदा जला देना अराजकता की पराकाष्ठा है। विधानसभा चुनावों में तृणमूल कांग्रेस की जीत के बाद भी पश्चिम बंगाल में हिंसा का तांडव हुआ था। बेलगाम कार्यकर्ताओं पर वहां की सरकार लगाम लगाने में असमर्थ रही थी। बांग्लादेश की सीमा से सटा हुआ सीमावर्ती राज्य होने के कारण पश्चिम बंगाल में सत्ता के सूत्र एक सशक्त पार्टी के हाथ में होना चाहिए। पर तृणमूल कांग्रेस की सरकार इसमें असफल सिद्ध हो रही है। सुनियोजित तरीके से बहुसंख्यक लोगों को डरा धमका कर एवं उनके आत्मसम्मान को चोट पहुंचाकर वहां की सरकार आखिर क्या संदेश देना चाहती है? कोलकाता हाईकोर्ट ने बीरभूमि मामले की सीबीआई से जांच का आदेश देकर बिलकुल सही कदम उठाया है क्योंकि राज्य सरकार की एसआईटी जांच सही तथ्यों को तोड़ मरोड़ कर प्रस्तुत कर सकती है। समय रहते केंद्र को हस्तक्षेप कर पश्चिम बंगाल में सामान्य जनजीवन बहाल करने के लिए एवं बहुसंख्यक हिंदुओं के हितों की रक्षा के लिए त्वरित कदम उठाना चाहिए।

– **ललित महालकरी**, इंदौर

पेपर आउट का खेल

उप्र में बृहस्पतिवार को देश की सबसे बड़ी माध्यमिक शिक्षा विभाग की परीक्षा में इंटर अंग्रेजी का प्रश्नपत्र आउट हो गया। जिसके कारण 24 जिलों की परीक्षा शाम की पारी की निरस्त कर दी गई। जिलाविद्यालय निरीक्षक बलिया के साथ 17 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। बोर्ड परीक्षाओं में नकल कराने के लिये बलिया जिला कुख्यात था। बुद्धवार को दो बजे इंटर का अंग्रेजी प्रश्नपत्र परीक्षा से पहले ही इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो गया। सरकार द्वारा नकल रोकने के लिए बोर्ड परीक्षाओं को सी सीटीवी कैमरों की व्यवस्थामें करवा रही है। सख्त व्यवस्था और सरकार की मनसा परीक्षा बिना नकल के सम्पन्न हो। लेकिन पेपर लीक करके राज्य सरकार के प्रशासनतन्त्र पर सवाल और देश की बदनामी करा दी। पूर्व भी कई परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक हुये। अब सरकार को बोर्ड, विश्विद्यालय, सरकारी सेवाओं के प्रश्नपत्र सरकारी प्रिंटिंग प्रेस में करवाने की व्यवस्था करनी चाहिये। साथ ही निम्न से उच्च लोकसेवकों के तबादले तीन वर्ष बाद कर देना चाहिये है। योगी जी को देखना चाहिये। तमाम कर्मी सारी जिंदगी एक जगह पार कर देते हैं। योगी जी द्वारा दोबारा सीएम पद पर बैठने के 5 दिन ही बाद ही पेपर आउट मामला हो गया।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव, उन्नाव

जल संरक्षण अनिवार्य

जल संकट गर्मी में विशेष चिंता का विषय होता है। बड़ी संख्या में लोग साफ-सुथरे पानी के लिए तरसते हैं। बड़ी मात्रा में व्यर्थ बहने वाले पानी की उपयोगिता संकट के समय ही समझ आती है ऐसे में पानी के लिए इंदौर की तड़प प्रशंसनीय है। पानी बचाने और उसके दूसरी बार उपयोग के लिए जिस तरह सीवरेज की तरफ ध्यान दिया गया है वह एक मॉडल हो सकता है। आने वाला समय पानी के नाम पर संकटदायी है ऐसे में इसे विविध तरीकों से सहेजे जाने की जरूरत है। इंदौर में पानी के क्षेत्र में भी सफाई की उपलब्धि हासिल की है। कर जल पुरस्कार प्राप्त किया है। यह वाकई प्रशंसनीय है कि सीवरेज में बहने वाला अनुपयोगी पानी आज उपचारित होकर दूसरी बार उपयोग में आ रहा है। इसके अलावा जल संरक्षण और पुनर्भरण से जलस्तर भी सुधरा है। इस तरह के प्रयास अब शहरों से होकर गांव तक पहुंचना जरूरी है। प्रदेश भर में जल समाशोधन और उसके संचय के प्रयास होंगे तो तृप्त होती धरती से निस्संदेह हमारी जरूरत पूरी होने की आशा की जा सकती है।

– **अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

फरमाया

यदि समाज में हिंसा की प्रवृत्ति हो तो उसका विरोध किया जाना चाहिए।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

भाजपा बार-बार इस देश के संघीय ढांचे पर हमले का प्रयास करती है।

– **ममता बनर्जी**
पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री द्वारा भाजपा पर केन्द्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग के आरोपों में नया कुछ नहीं है।

– **सामिक भट्टाचार्य**
पश्चिम बंगाल भाजपा प्रवक्ता

जनप्रतिनिधि ही नहीं, अधिकारी भी गोद लें स्कूलः सीएम

चार अप्रैल को सीएम करेंगे स्कूल चलो अभियान की शुरुआत

● अगले पांच साल में एक करोड़ नए छात्र पंजीकरण का लक्ष्य

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

योगी सरकार दूसरे कार्यकाल में कामकाज संभालते ही प्राइमरी शिक्षा की तस्वीर बदलने में जुट गई है। आगामी 4 अप्रैल को मुख्यमंत्री श्रावस्ती में स्कूल चलो अभियान की शुरूआत करेंगे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये है कि कम साक्षरता वाले जिलों पर ज्यादा ध्यान दिया जाय। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी 1.58 लाख प्राइमरी स्कूलों को स्मार्ट सुविधाओं से लैस किया जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों के साथ बैठक में कहा कि 4 अप्रैल से श्रावस्ती से स्कूल चलो अभियान की शुरुआत होगी। इसको ध्यान में रखते हुए विभाग समय से सभी तैयारियां पूरी कर ले। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी अध्यापक घर-घर जाकर अभिभावकों से मिलकर बच्चों को स्कूल आने के लिए प्रेरित करें। स्कूल चलो अभियान के साथ सभी जनप्रतिनिधियों को भी जोड़ा जाए। सभी विधायक एक-एक विद्यालय को गोद जरूर लें। इसके साथ ही अधिकारी भी स्कूलों को गोद लें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन जिलों की साक्षरता दर कम है उन जिलों पर विशेष ध्यान दिया जाय। वहां के विद्यालयों में वृहद स्तर पर अभियान चलाया जाए। स्कूल चलो अभियान की शुरुआत श्रावस्ती से की जा रही है, वहां की साक्षरता दर प्रदेश में सबसे कम है। इसके बाद बहराइच, बलरामपुर, बदायूं और रामपुर हैं।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि ऑपरेशन कायाकल्प से बेसिक शिक्षा परिषद के सभी 1.58 लाख विद्यालयों को आच्छादित किया जाए। प्रत्येक प्राथमिक विद्यालय को सभी बुनियादी सुविधाओं से लैस किया जाए। इसके लिए निजी संस्थाओं, स्कूल के पुराने विद्यार्थियों को अभियान चलाकर जोड़ा जाए।

कोरोना संक्रमण खत्म होने की कगार पर



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सभी के समूहिक प्रयासों से कोरोना संक्रमण का खत्म होने की कगार पर है। उन्होंने सभी जनपदों में इण्टीग्रेटेड कमाण्ड सेन्टर को संचालित रखे जाने के निर्देश दिये हैं ताकि आवश्यकता पड़ने पर लोग सम्पर्क कर सकें।

मुख्यमंत्री गुरूवार को लोक भवन में टीम-9 की बैठक में कोविड-19 की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि पिछले 24 घण्टों में राज्य में कोरोना संक्रमण के 62 नए मामले सामने आए हैं। इस अवधि में 44 व्यक्तियों को सफल उपचार के उपरान्त डिस्चार्ज किया गया। पिछले 24 घण्टे में प्रदेश में 1 लाख 39 हजार 16 कोरोना टेस्ट किए गए। अब तक राज्य में 10 करोड़ 80 लाख 29 हजार 303 कोविड टेस्ट सम्पन्न हो चुके हैं। राज्य में अब तक 29 करोड़ 98 लाख 77 हजार से अधिक कोरोना वैक्सीन की डोज लगाई जा चुकी हैं। प्रदेश में 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के प्रत्येक नागरिक का कोरोना टीकाकरण किया जा चुका है। 83 प्रतिशत से अधिक पात्र वयस्क व्यक्तियों को कोरोना टीके की दोनों डोज देकर कोविड सुरक्षा कवच प्रदान किया जा चुका है। 29 करोड़ 98 लाख से अधिक कोविड टीके की डोज लगाने तथा 10 करोड़ 80 लाख से अधिक कोरोना सैम्पल की जांच करने वाला उत्तर प्रदेश एक मात्र राज्य है। विगत दिवस तक 15 से 17 वर्ष आयु वर्ग के 93 प्रतिशत से अधिक किशोरों ने कोरोना टीकाकरण की प्रथम डोज प्राप्त कर ली है। 24 लाख 19 हजार से अधिक पात्र व्यक्तियों ने प्री कॉशन डोज भी प्राप्त कर ली है। 12 से 14 वर्ष आयु वर्ग में 08 लाख 78 हजार से अधिक बच्चों ने कोरोना टीकाकरण की प्रथम डोज प्राप्त कर ली है।

चयन आयोगों के अध्यक्षों के साथ सीएम की बैठक

सौ दिनों में सरकार देगी दस हजार नौकरियां

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चयन आयोगों के अध्यक्षों के साथ बैठक में यह अपेक्षा की है कि सभी सेवा चयन बोर्ड 100 दिनों का लक्ष्य तय करते हुए 10000 से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी प्रदान करने की कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि एक सत्र से जुड़ी सभी भर्ती परीक्षाएं उसी सत्र में सम्पन्न हों।

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को सरकारी नौकरी से जोड़ने एवं उन्हें रोजगार प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार ने विगत 5 वर्षों में प्रदेश के युवाओं को साढ़े चार लाख सरकारी नौकरियों से जोड़ा है। पूर्व की भांति सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल की शुरुआत से ही युवाओं को सरकारी नौकरी प्रदान करने के लिए सभी चयन आयोगों बोर्डों को 100 दिवसीय 6 माह एवं वार्षिक लक्ष्यों को तय करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी विभागों को अधियाचन समय से भेजने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि भर्ती प्रक्रियाओं में आरक्षण के नियमों का पूर्णतः पालन किया जाए। भर्ती के विज्ञापन में आरक्षण के नियमों का स्पष्ट उल्लेख हो। भर्ती प्रक्रिया को शुचितापूर्ण, पारदर्शी, निष्पक्ष एवं भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के लिए परीक्षा एजेंसी के चयन एवं परीक्षा केन्द्रों के चयन में विशेष सावधानी बरती जाए। परीक्षा केन्द्रों को निर्धारित करने में शासकीय विद्यालयों को वरीयता दी जाए। जिला प्रशासन यह सुनिश्चित करे कि कोई भी दागदार छवि वाला केन्द्र, परीक्षा केन्द्र न बने। परीक्षा केन्द्र निर्धारण में अभ्यर्थियों की सहूलियतों का ध्यान रखा जाए। उन्होंने भर्ती प्रक्रियाओं को पालीवाल समिति की अनुशंसाओं के अनुरूप करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि भर्ती परीक्षाओं को सम्बन्धित संस्थाएं, शासन सम्बन्धित विभाग एवं जिला प्रशासन के साथ संवाद एवं समन्वय बनाते हुए पूर्ण करें। साथ ही भर्ती प्रक्रिया की अवधि को कम करने के सार्थक प्रयास किए जाएं तथा नियुक्ति प्रक्रिया को सरल एवं समयबद्ध तरीके से पूर्ण किया जाए। भर्ती प्रक्रियाओं में तकनीक का अधिक से अधिक उपयोग किया जाए। साक्षात्कार पैनल में सदस्यों के अतिरिक्त अनुभव प्राप्त व्यक्तियों को भी शामिल किया जाए। उन्होंने कहा कि मृतक आश्रितों की भर्ती प्रक्रिया को बेहतर एवं संवेदनापूर्ण तरीके से निर्धारित समय में पूर्ण किया जाए। बैठक के दौरान लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष, अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष, उच्चतर शिक्षा सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष, माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड के अध्यक्ष, पुलिस सेवा भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के अध्यक्ष मौजूद थे। इस अवसर पर मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एसपी गोयल, अपर मुख्य सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक देवेश चतुर्वेदी, अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल, अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा आराधना शुक्ला, अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा मोनिका एस गर्ग, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री एवं सूचना संजय प्रसाद, सचिव मुख्यमंत्री आलोक कुमार, सूचना निदेशक शिशिर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

नसीमुद्दीन ने दोबारा बसपा में जाने की अटकलों को किया खारिज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने कहा है कि वह कांग्रेस छोड़कर न कहीं जा रहे है और न कहीं जाएंगे। कभी बसपा के शीर्ष नेताओं में शामिल रहे सिद्दीकी ने बसपा प्रमुख मायावती के साथ मुलाकात के दावों को भी खारिज किया है। बसपा में जाने की अटकलों के बीच नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने बृहस्पतिवार को एक वीडियो संदेश जारी करके अपनी बात रखी है। सिद्दीकी ने कहा कि मेरी बसपा अध्यक्ष मायावती से कोई मुलाकात नहीं हुई है। मैं कांग्रेस पार्टी में हूं और कांग्रेस में ही रहूंगा। मेरी पूरी निष्ठा और ईमानदारी कांग्रेस पार्टी के साथ है और मैं आजीवन अंतिम सांस तक कांग्रेस पार्टी का कार्यकर्ता रहूंगा। उन्होंने कहा कि मेरी नेता प्रियंका गांधी, राहुल गांधी और सोनिया गांधी है ।एक जमाने में बसपा के कद्दावर नेता रहे नसीमुद्दीन सिद्दीकी बसपा अध्यक्ष मायावती के बेहद खास माने जाते थे। वह मायावती सरकार में ताकतवार मंत्री रहे। 2008 में मायावती से कुछ मसलों पर अनबन होने के बाद वह अपने समर्थकों सहित कांग्रेस में शामिल हो गए थे। कांग्रेस ने उन्हें बीते लोकसभा चुनाव में बिजनौर से लड़ाया था लेकिन वह पराजित हो गए। वर्तमान में नसीमुद्दीन सिद्दीकी प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन हैं।

छह हजार केंद्रों पर आज से गेहूं खरीद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश मे कल पहली अप्रैल से 6000 क्रय केंद्रों पर गेंहू की खरीद एक शुरू होगी। सरकार ने गेहूं का एमएसपी 2015 रूपये प्रति कुन्तल तय किया है। खरीद का लक्ष्य 60 लाख मिट्रिक टन रखा गया है। गेहूं की खरीद के लिए किसानों को आनलाइन रजिस्ट्रेशन कराना होगा लेकिन धान बेंचने के लिए विपणन वर्ष 2021-22 में जिन किसानों ने पंजीकरण कराया है तो उन्हें दोबारा रजिस्ट्रेशन की आवश्यकता नहीं है। बल्कि उन्हें अपने पुराने विवरण को अपडेट कर लाक करना होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरूवार को बैठक में अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी क्रय केन्द्र पर गेहूं बेंचने में किसानों के समक्ष कोई समस्या नही आनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि क्रय केन्द्रों का चयन इस प्रकार किया जाए ताकि किसानों को अपना गेहूं बेंचने के लिए अधिक दूरी तय न करना पड़े। भंडारण गोदामों और क्रय केंद्रों पर गेहूं की सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिये कि गेहूँ की खरीद सीधे किसानों के माध्यम से की जाये और जिलाधिकारी यह सुनिश्चित करें कि किसानों से गेहूँ न्यूनतम समर्थन मूल्य 2015 रूपए प्रति कुन्टल से कम दर पर क्रय न किया जाय तथा गेहूँ क्रय में विचौलियों की संलिप्तता कदापि न हो। खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा तय कार्यक्रम के मुताबिक 1 अप्रैल से 15 जून तक गेहूं की खरीद होगी।

सरकार ने 60 लाख मैट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य रखा है। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं विकय के लिए हर किसान को खाद्य विभाग के पोर्टल पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। हालांकि खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 में धान खरीद के लिए पंजीकरण करा चुके किसानों को दोबारा पंजीयन की जरूरत नहीं होगी, केवल अपने पुराने विवरण को अपडेट कर लॉक करना होगा।

दुबई में 9 से 12 मई तक ब्राडिंग व मार्केटिंग कार्यक्रम में शामिल होगा पर्यटन विभाग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप पर्यटन विभाग द्वारा आगामी 100 दिन की कार्ययोजना तैयार कर ली गयी है। विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये गये है कि निर्धारित अवधि में लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए हर सम्भव प्रयास किये जाए। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि विभाग द्वारा तैयार की गयी कार्ययोजना एवं निर्धारित लक्ष्यों पर तेजी से कार्य करते हुए उसे जमीन पर उतारने के लिए अधिकारियों को निर्देश दे दिये गये है। इसमें किसी प्रकार की उदासीनता को गम्भीरता से लिया जायेगा। पर्यटन मंत्री ने बताया कि आगामी 100 दिनों के अन्तर्गत 5 मई 2022 को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर बौद्ध पर्यटन स्थलों पर भव्य आयोजन कराये जायेंगे। इसके अलावा जून में ट्रैवल राइटर्स ट्रैवल ब्लागर्स एवं टूर आपरेटर्स का अन्तर्राष्ट्रीय कान्क्लेव आयोजित किया जायेगा। श्री सिंह ने यह भी बताया कि मई में ही राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर के प्रख्यात सोशल मीडिया ब्लागर्स के लिए फैन टूअर्स का आयोजन किया जायेगा।

इसके अलावा पर्यटन स्थलों की ब्राडिंग एवं मार्केटिंग के लिए अरेबियन ट्रैवल मार्केट दुबई में 9 मई से प्रतिभाग किया जायेगा। 19 अगस्त को मथुरा में कृष्णोत्सव को भव्य रूप से मनाये जाने की कार्य योजना बनायी जायेगी तथा 14 जूनको कबीर उत्सव का भव्य आयोजन किया जायेगा।

ईंधन की मूल्य वृद्धि पर रोक लगाए सरकारः मायावती

लखनऊ। देश के पांच राज्यों में सरकारों के गठन के बाद तेजी से आसमान छू रही पेट्रोल डीजल की बढ़ती कीमतों को लेकर बसपा सुप्रीमो मायावती ने सरकार को आड़े हाथ लिया है। उन्होंने कहा कि सरकार ईंधन की मूल्य वृद्धि पर रोक लगाए। गुरुवार को टवीट करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने बताया कि देश के पांच राज्यों में विधानसभा आमचुनाव सम्पन्न होने के बाद अब तक उप्र सहित पूरे देश में डीजल पेट्रोल आदि के कई बार दाम बढ़ चुके हैं, जिसकी सीधी मार गरीब एवं मध्यम वर्गो पर पड़ रही है। केन्द्र सरकार इसे कम करने हेतु उचित कदम जरूर उठाये।

सिडबी ने 1000 करोड़ के क्लस्टर डेवलपमेण्ट फंड को दी मंजूरी

लखनऊ। प्रदेश में एमएसएमई क्लस्टरों में ठोस बुनियादी ढांचे के विकास के लिए भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक सिडबी ने 1000 करोड़ रुपए के सिडबी क्लस्टर डेवलपमेण्ट फंड को सैद्धान्तिक मंजूरी प्रदान की है। इस सहायता से राज्य में एमएसएमई समूहों के विकास को गति मिलेगी। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि फंड के क्रियान्वयन के लिए राज्य सरकार द्वारा उन पात्र परियोजनाओं की प्राथमिकता निर्धारित की जाएगी जिन्हें एससीडीएफ सहायता के अन्तर्गत वित्त पोषित किया जाना है। क्लस्टर बुनियादी ढांचों को सहायता प्रदान

महंगाई भारत मुक्त अभियान के तहत कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

कांग्रेस ने महंगाई भारत मुक्त अभियान की शुरूआत करते हुए प्रदेश के सभी जनपदों में भाजपा सरकार के जनविरोधी नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन किया और भाजपा सरकार की देश के नागरिकों से धोखेबाजी, विश्वासघात और छल के खिलाफ घरों के बाहर गैस सिलेंडर और मोटरसाइकिल पर माला पहनाकर विरोध दर्ज कराया।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा पेट्रोल, डीजल, गैस सिलेंडर, पीएनजी और सीएनजी का दाम लगातार बढ़ाकर जनता की कमर तोड़ दी है। प्रदेश कांग्रेस के मीडिया संयोजक और प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने बताया कि मंहगाई मुक्त भारत अभियान के तहत पूरे प्रदेश में प्रदर्शन हुआ और आम जनता का ब्यापक समर्थन मिला। प्रदर्शन के प्रथम चरण में आज कांग्रेस नेताओं-कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों ने मंहगाई के विरोध में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में नेताओं ने गैस सिलेंडर को माला पहनाकर मार्च कर विरोध किया तो सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, अलीगढ़, एटा और बरेली, मुरादाबाद, शाहजहांपुर, लखीमपुर, सीतापुर लखनऊ, बाराबंकी सहित सभी जिलों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कमरतोड़ मंहगाई के खिलाफप्रदर्शन किया।

पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के मनोज यादव ने लखनऊ हाइकोर्ट पर प्रदर्शन किया। लखनऊ में जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश त्रिपाठी व युवा कांग्रेस के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मंहगें सिलेंडर पर माला चढ़ाई व मोटरसाइकिल पर माला चढ़ा बढ़ती मंहगाई पर जनविरोधी भाजपा सरकार को कोसा। लखनऊ के प्रदर्शन में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ला, जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी, पूर्व विधायक इंदल रावत, प्रदेश मीडिया संयोजक व प्रवक्ता अंशू अवस्थी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता वीरेंद्र मदान, अमरनाथ अग्रवाल सहित भारी संख्या में कांग्रेसजन शामिल रहे।

खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के जरिए हो रोजगार का सृजन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह ग्रामीण स्तर पर खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को स्थापित करने के लिए अधिक से अधिक बढ़ावा दें और इन इकाइयों के माध्यम से अधिक से अधिक रोजगार सृजन करने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति- 2017 में सुधार के लिए एक सप्ताह के अंदर ड्राफ्ट प्रस्तुत करें।

उन्होंने खाद्य प्रसंस्करण विभाग में अधिकारियों व कर्मचारियों के रिक्त पदों के चयन एवं भर्ती की कार्रवाई शीघ्र नियमानुसार सुनिश्चित कराए जाने के भी निर्देश दिए। केशव प्रसाद मौर्य बुधवार को अपने कैंप कार्यालय पर खाद्य प्रसंस्करण विभाग की योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। मौर्य ने उत्तर प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को बढ़ावा देकर रोजगार सृजन की दिशा में अभिनव प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए ठोस व प्रभावी रणनीति तैयार कर चलाई जा रही योजनाओं का बेहतर ढंग से क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि विभाग की विभिन्न योजनाओं का पूरे प्रदेश में ग्रामीण स्तर तक वास्तविक पात्र लोगों को लाभ दिलाने के हर संभव प्रयास किए जाएं। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय कच्चे माल का संस्करण एवं मूल्य संवर्धन कर किसानों की आय बढ़ायी जाए।

रोजगार सृजन मे खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों का योगदान सुनिश्चित किया जाए। पर्याप्त मात्रा में कच्चे माल की उपलब्धता एवं असीमित संभावनाओं के दृष्टिगत प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को बढ़ावा देना सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्पदा योजना, उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति, महात्मा गांधी खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की जानकारी हासिल की व अधिकारियों को महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। बैठक में अपर मुख्य सचिव उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण, निदेशक, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण फ ल उद्योग विकास अधिकारी सहित अन्य अधिकारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री के संवाद कार्यक्रम परीक्षा पर चर्चा का पांचवां संस्करण आज होगा आयोजित

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पहली अप्रैल 2022 को परीक्षा पे चर्चा के पांचवें संस्करण के दौरान दुनियाभर के छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ बातचीत करेंगे। लगभग 15.7 लाख प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ रचनात्मक लेखन प्रतियोगिता के लिए पंजीकरण कराया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक अनूठे संवाद कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा की संकल्पना की जिसमें देश के साथ-साथ विदेशों से भी छात्र, अभिभावक, शिक्षक परीक्षा की वजह से होने वाले तनाव को दूर करने और जीवन को उत्सव की तरह जीने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए उनके साथ बातचीत करते हैं। पत्र सूचना कार्यालय और क्षेत्रीय लोकसंपर्क ब्यूरो उतर प्रदेश में पत्रकारों से बात करते हुए पीआईबी के एडीजी आरपी सरोज ने केंद्रीय भवन लखनऊ में पत्रकारों, विद्यार्थियों और अभिभावकों से बातचीत के दौरान इस बात पर प्रकाश डाला कि परीक्षा पे चर्चा युवाओं के लिए तनाव मुक्त माहौल उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक बड़े आंदोलन एग्जाम वॉरियर्स का हिस्सा है।

अयोध्या में दुष्कर्म का शिकार हुई बच्ची के परिजन से मिले अखिलेश

● सपा अध्यक्ष ने की एक करोड़ मुआवजे की मांग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

अयोध्या में दुष्कर्म की शिकार एक पांच वर्षीय मासूम बच्ची के चाचा और पिता ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से सपा मुख्यालय में भेंट की और अपना दर्द बयान किया। जिसके बाद अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा झूठ-फरेब की राजनीति करती है। बड़े जोरशोर से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं का नारा दिया गया लेकिन हकीकत यह है कि भाजपा राज में बेटियां सर्वाधिक दुराचार की शिकार हुई हैं। छेड़खानी से परेशान कई छात्राओं की पढ़ाई छूट गई और कुछ ने तो आत्महत्या तक कर ली। समाजवादी सरकार में महिलाओ की सुरक्षा और अपराध नियंत्रण के लिए 1090 वूमेन पावर लाइन सेवा शुरू की थी। उसे भी चौपट कर दिया गया। सपा प्रवक्ता ने बताया कि अयोध्या के हनुमानगढ़ी चौराहा के पास 16 मार्च 2022 को जब रात्रि 8 बजे बच्ची खेल रही थी तभी किसी हैवान ने उसे अपना शिकार बनाया। बच्ची को मारापीटा और धमकाया गया। वह अभी तक सदमें में है। उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ में उसी रात्रि 11 बजे भर्ती कराया गया है। बच्ची के पिता ने बताया कि 16 मार्च की घटना से आज 15 दिन हो गए। प्रशासन ने कोई मदद नहीं की। उसका एक वर्ष तक इलाज चलेगा। बच्ची ने बताया था कि दुष्कर्म की घटना में तीन लोग शामिल थे। अब तक सभी आरोपितों की गिरफ्तारी भी नहीं हुई है। सरकार ने परिवार की कोई सुध नहीं ली।

अखिलेश यादव ने दुखी परिवार को ढांढ़स बंधाते हुए कहा कि पवित्र धाम में ऐसी अपवित्र घटना होना दुखद और विचलित करने वाली है। पांच वर्ष की मासूम बच्ची मेडिकल कालेज लखनऊ में तड़प रही हैं पर शासन-प्रशासन संवेदनहीन बना हुआ है। अभियुक्त को बचाने में सरकार लगी हुई है। यह निंदनीय है। भाजपा जश्न मनाने में व्यस्त है। अखिलेश यादव ने पीड़ित परिवार को न्याय दिए जाने की मांग करते हुए सरकार से एक करोड़ रूपए की आर्थिक मदद और आजीविका के लिए परिवार में एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी दिए जाने की भी मांग की है।

संचारी रोग नियंत्रण को हर दरवाजे पर दस्तक देगी टीम

● दो अप्रैल से शुरू होगा संचारी रोग नियंत्रण अभियान सिद्धार्थनगर से होगी शुरुआत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

योगी सरकार 2.0 ने कोरोना संक्रमण के साथ ही दूसरी बीमारियों को मात देने की तैयारी कर ली है। यूपी में 2 अप्रैल को सिद्धार्थनगर से संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरुआत होने जा रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आला अधिकारियों गुरुवार को उच्चस्तरीय बैठक में संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरुआत करने के आदेश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को अभियान से जुड़ी सभी तैयारियों को पूरा को कहा है। सीएम ने बैठक में कहा कि प्रदेश में आमजन के बेहतर स्वास्थ्य के लिए इस अभियान के माध्यम से जागरूकता इलाज और सुविधाओं के उच्चीकरण के साथ साथ स्टाफ की तैनाती को गति दी जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने रणनीति तैयार कर ली है। सिद्धार्थनगर से शुरू होने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर विभाग सभी प्रकार की तैयारियों को समय से पूरा करने के आदेश सीएम ने दिए हैं। सीएम ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रदेश के सभी जिलों में मरीजों को किसी प्रकार की कोई समस्या न आए। इस बात को चिकित्सा विभाग सुनिश्चित करें। उन्होंने बैठक में कहा कि कोई भी मरीज इलाज के बिना अस्पताल से वापस न जाए। अस्पतालों में फुल ओपीडी की व्यवस्था को भी सुनिश्चित किया जाए।

मलेरिया, डेंगू, वायरल बुखार जैसी बीमारियों पर प्रभावी नियंत्रण और दिव्यांग, कुपोषित बच्चो की खोज के लिए इस अभियान को शुरू किया जाएगा। अभियान के तहत आशा कार्यकत्रियां घर.घर जाकर हेल्थ सर्वे करेंगी।

प्रदेश भर में हर घर नल योजना की रफ्तार बढ़ाएगी सरकार

● आला अफसरों के साथ खुद जमीन पर उतरेंगे जल शक्ति मंत्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

हर घर नल योजना को योगी सरकार बड़ी रफ्तार देने जा रही है। बुंदेलखंड और विंध्य के साथ ही प्रदेश भर में पूरी गति से योजना को चलाने की तैयारी है । जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह कार्यभार संभालते ही इस अभियान पर जुट गए हैं। जल शक्ति मंत्री ने योजना को रफ्तार देने के लिए निरंतर निरीक्षण अभियान की योजना तय की है। इसकी शुरुआत वे अगले सप्ताह बुंदेलखंड और विंध्य के गांवों में अफसरों के साथ दौरे से होने जा रही है। उनके साथ प्रमुख सचिव नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग अनुराग श्रीवास्तव भी रहेंगे ।

प्रदेश सरकार की दूसरी पारी में जल शक्ति मंत्री का कार्यभार संभालने के बाद स्वतंत्र देव सिंह ने सबसे पहले नमामि गंगे व ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने बुंदेलखंड और विंध्य के 9 जिलों में चल रहे कार्यों का प्रजेंटेशन देखा और अधिकारियों से सवाल जवाब भी किये। देर रात तक चली समीक्षा बैठक में जल शक्ति मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी के मिशन को तेजी से पूरा करना है। इसके लिए उन्होंने अगले 100 दिन के कार्य का लक्ष्य तय कर पूरा करने में अफसरों से जुटने को कहा। स्वतंत्र देव सिंह ने विभाग की एक-एक योजना की नियमित मॉनीटरिंग और समय पर काम को पूरा करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। यूपी में सालों से पानी की किल्लत से जूझ रहे बुंदेलखंड में सीएम योगी आदित्यनाथ ने पहले कार्यकाल में जल जीवन मिशन की योजना को लांच किया और बाद में सोनभद्र और मिर्जापुर को भी इसमें शामिल कर लिया। तेजी से पानी की पाइपलाइनें गांव-गांव तक बिछाने का काम शुरू हुआ। सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में पानी के टैप घर-घर तक लगाए गये। पुरानी योजनाओं को नए सिरे से रेट्रोफिटिंग के तहत फिर से चालू करने का काम तेजी से किया गया। देखते ही देखते 22 नवम्बर 2020 से शुरू हुई योजना ने इतने कम समय में बुंदेलखंड और विंध्य क्षेत्र की सूरत बदलकर रख दी। पानी की बूंद-बूंद के लिए त्राहिमाम करने वाले बुंदेलखंड की कहानी अब काफी हद तक बदल चुकी है। झांसी, ललितपुर, जालौन, हमीरपुर, बांदा, चित्रकूट, महोबा में ही नहीं, विंध्य के मिर्जापुर और सोनभद्र में पानी की समस्या समाप्ति की ओर है। घर-घर तक पहुंचा शुद्ध पानी लोगों के लिए वरदान साबित हो रहा है। जल जीवन मिशन की हर घर नल योजना से बुंदेलखंड के 60 हजार से अधिक घरों में पाइप से जलापूर्ति शुरू हो चुकी है। 3 लाख से ज्यादा ग्रामीणों को योजना का सीधा लाभ मिल रहा है। जल जीवन मिशन की रेट्रोफिटिंग योजना से 1 लाख से ज्यादा घरों में पानी कनेक्शन किये गये हैं।

निधि खर्चने में राकेश राठौर अव्वल और रामकृष्ण फिसड्डी

संवाददाता। सीतापुर

● **वित्तीय वर्ष 2021-22 में विधायक निधि का 2 करोड़ 11 लाख 60 हजार 47 रूपए नहीं खर्च कर पाए माननीय**

सीतापुर वासियों के लिए चिंता की बात यह है कि उनके 9 विधायक और एक एमएलसी अपनी निधि का 2 करोड़ 11 लाख 60 हजार 47 रूपए खर्च ही नहीं कर पाए, बजट की यह भारीभरकम धनराशि लेप्स हो गई। विधायक निधि का बजट खर्च करने में जहां सबसे आगे सदर से पूर्व विधायक राकेश राठौर रहे, वहीं न बजट खर्च कर पाने वालों में सबसे फिसड्डी मिश्रिख से भाजपा विधायक रामकृष्ण भार्गव का स्थान रहा। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि महोली से दूसरी बार भाजपा से विधायक बने शंशाक त्रिवेदी अपनी निधि का 69 लाख 61 हजार 10 रूपए खर्च ही नहीं कर सके। सदर से पूर्व विधायक राकेश राठौर ने अपनी विधायक निधि का सबसे ज्यादा उपयोग किया। उनकी विधायक निधि में सिर्फ 6 हजार 250 रूपए ही खर्च होने से बचे। हरगांव से दूसरी बार भाजपा से विधायक बने और योगी सरकार के कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही भी 10 लाख 30 हजार 448 रूपए खर्च नहीं कर सकें। लहरपुर से पूर्व विधायक सुनील वर्मा 14 लाख 22 हजार 571 रूपए खर्च नहीं कर पाए। बिसवां से पूर्व विधायक महेंद्र यादव का भी ऐसा ही हाल रहा 18 लाख 33 हजार 306 रूपए खर्च नहीं कर सके। सेवता से दूसरी भाजपा के विधायक बने ज्ञान तिवारी विधायक निधि खर्च करने में काफी हदतक सफल रहे, फिर भी 10 हजार 822 रूपए खर्च करने से रह गए। महमूदाबाद से 6 बार विधायक रहे पूर्व मंत्री नरेंद्र वर्मा भी 47 हजार 351 रूपए खर्च नहीं कर सके। सिधौली से पूर्व विधायक डा. हरगोविंद भार्गव भी 32 हजार 321 रूपए खर्च नहीं कर पाए। विधायकों में मिश्रिख से पांचवी बार विधायक रामकृष्ण भार्गव अपनी विधायक निधि का सबसे ज्यादा 86 लाख 51 हजार 736 रूपए खर्च नहीं कर पाए। एमएलसी आनंद भदौरिया भी 80 हजार 232 रूपए खर्च नहीं कर सके, इस तरह से कुल 2 करोड़ 11 लाख 60 हजार 47 रूपए विधायक निधि के लेप्स हो गए, 31 मार्च को यह पैसा लेप्स हो गया। नए वित्तिय वर्ष में विधायक निधि का जो अनुमन्य बजट आएगा उसमें लेप्स हुआ यह पैसा कटकर सीतापुर को मिलेगा। यानि सीतापुर वासियों को 9 विधायक और एक एमएलसी के विधायक निधि के रूप में मिलने वाले 30 करोड़ रूपए की धनराशि में 2 करोड़ 11 लाख 60 हजार 47 रूपए कम कर दिए जाएंगे।

एसडीएम से आश्वासन पर धरना समाप्त

संवाददाता। सीतापुर

बिसवां एसडीएम पर अभद्रता का आरोप लगाते हुए बुधवार की देर शाम तहसील परिसर में लेखपाल संघ के बैनर तले बुधवार की देर शाम लेखपाल धरने पर बैठ गए थे। गुरुवार को दोपहर बाद एसडीएम से वार्ता के दौरान आश्वासन पर धरना समाप्त हो गया। दरअसल, संगठन के तहसील अध्यक्ष सौरभ यादव व सचिव नीलेश कुमार यादव की अगुवाई में लेखपाल विकास वर्मा के साथ एसडीएम बिसवां द्वारा अपने कक्ष में बुलाकर अभद्र भाषा करने के आरोप समेत सात सूत्रीय मांगो को लेकर लेखपाल धरना प्रदर्शन कर रहे थे। मांगे माने जाने के आश्वासन पर लेखपालों ने आंदोलन स्थगित कर दिया। इस मौके पर सौरभ यादव, अमर सिंह, रामकुमार, विनीत सिंह, पूनम समेत दर्जनों लेखपाल मौजूद थे।

जेंडर एक्टिविटी कार्यशाला का आयोजन

सीतापुर। समग्र शिक्षा अभियान के तहत ब्लॉक संसाधन केंद्र लहरपुर में जेंडर एक्टिविटी कार्यशाला का आयोजन हुआ। प्रशिक्षकों द्वारा बालिकाओं की समस्याओं और अधिकारों के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा कर कार्य योजना तैयार की गई और उसे विद्यालयों में व्यवहार में लाने का संकल्प लिया गया। बीईओ रणजीत कुमार ने कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए कहा कि बालिकाओं की शिक्षा, पोषण, स्वास्थ्य, रोजगार और सुरक्षा के मुद्दे पर सरकार द्वारा बहुत सारे अभियान और कार्यक्रम संचालित है। विद्यालयों में प्रारंभ में हीऐसा वातावरण बताना जाए जिसमें बालक, बालिका में किसी तरह की भेदभाव की भावना विकसित ना हो पाए। इस मौके पर प्रशिक्षक अनवर अली, संदर्भदाता अल्पना वर्मा, अनुज वर्मा, संदीप कुमार, पंकज वर्मा, सिंकल वर्मा, सौरभ शुक्ला, रामचंद्र वर्मा जमील अहम, हरगोविंद वर्मा, सेवक राम, हंस दीपक खरे आदि मौजूद थे।

क्विक न्यूज

सेंट्रल जेल में कैदी की मौत

बरेली । सेंट्रल जेल में सजा काट रहे एक कैदी की आज सुबह इलाज के लिए जिला अस्पताल लाते समय रास्ते में ही मौत हो गई शब को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।अमरोहा जिले के डिडौली थाना क्षेत्र के गांव भूड़ा डिडौली निवासी 54 वर्षीय राहुल पुत्र मोहम्मद नफीस को आज सुबह बरेली सेंट्रल जेल के बंदी रक्षक राजकुमार और प्रिंस कुमार जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां पहुंचते ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि राहुल अपनी पत्नी मेहरूलजहां की हत्या के आरोप में लगभग 11 सालों से आजीवन कारावास की सजा काट रहा था उसे पहले अमरोहा जेल से मुरादाबाद और फिर आगरा भेजा गया जहां से उसे बरेली की सेंट्रल जेल भेजा गया था यहीं पर वह पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहा था उसका इलाज भी जारी था आज सुबह तड़के उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई तब उसे सेंट्रल जेल के प्रबंधन में इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा लेकिन उसकी रास्ते में ही मौत हो चुकी थी और अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया वह दो तीन बच्चों का पिता था शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।

करंट लगने से युवक की जान गई

बरेली। करंट लगने से एक युवक की हालत बिगड़ गई जिला अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई और डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया ।बिशारतगंज थाना क्षेत्र के गांव खजुआई निवासी 25 वर्षीय अहमद नवी पुत्र मेहंदी हसन को आज सुबह जिला अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया मृतक के घर वालों ने बताया कि अहमद नवी के घर में पिछले कुछ दिनों से निर्माण कार्य चल रहा था आज वह इसी काम में लगाने के लिए घर के दरवाजे के बाहर सरिया काट रहा था सरिया काटने के दौरान जब उसने सरिया को खड़ा किया तभी सरिया ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन से टकरा गया और सरिया का करंट अहमद नवी के शरीर में उतर गया घर के लोग उसे एक एंबुलेंस से इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन उसकी रास्ते में ही मौत हो चुकी थी और अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया मृतक दो बच्चों का पिता था उसकी पत्नी का नाम सईदन है घर वालों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार किया ।

गरम सब्जी गिरने से किशोरी झुलसी

बरेली । खाना बनाने के बाद सब्जी को ऊंचाई पर रखने की कोशिश कर रही एक किशोरी पर सब्जी से भरा कटोरा गिर पड़ा जिससे वह झुलस गई उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया । सुभाष नगर थाना क्षेत्र के मोहल्ला शांति विहार निवासी महेश यादव की 15 वर्षीय बेटी अंशिका को आज सुबह झुलसी हुई अवस्था में जिला अस्पताल लाया गया जहां अंशिका ने बताया कि आज सुबह रोजाना की तरह जल्दी खाना बनाने के बाद गरम सब्जी से भरे कटोरे को पास मे ही अलमारी में रख रही थी लेकिन कटोरा उसके हाथ से फिसल गया और उसकी पीठ पर गिर पड़ा जिससे वह झुलस गई उसकी मां ने उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया ।

एसडीएम ने सीज करवाई अवैध खनन से भरी ट्रैक्टर ट्राली

मोहम्मदी-खीरी। मोहम्मदी मे लगातार अवैध मिट्टी खनन बदस्तूर बेखौफ होकर जारी है। इसकी जानकारी उपजिलाधिकारी को मिली तो तहसीलदार के साथ नगर की सड़कों पर निकले जिसमे उन्हें एक ट्रैक्टर ट्राली मिट्टी से भरी नगर की सड़कों पर बेखौफ होकर निकल रही थी। उन्होंने तत्काल रूकवाई और थाने ले जाकर सीज की कार्यवाही की है। जानकारी के अनुसार, उपजिलाधिकारी पंकज श्रीवास्तव ने नगर में गुलौली तिराहे के पास अवैध खनन कर लाई गई मिट्टी की ट्रैक्टर-ट्राली को किया सीज किया है। देखना है ऐ खनन माफिया अपने इस खेल को बंद करते हैं या बदस्तूर जारी रखते हैं। उपजिलाधिकारी ने बताया कि पकडी गयी ट्रैक्टर ट्राली को सीज कर दिया गया है तथा इसकी रिपोर्ट खनन अधिकारी को भेजी जा रही हैं। किसी भी कीमत पर अवैध खनन नहीं होने दिया जाएगा।

प्रशासन ने मुक्त कराई जमीन, चला बुलडोजर

लखीमपुर खीरी। गुरुवार को प्रशासन फुल एक्शन में दिखाई दिया। तहसील व ब्लॉक लखीमपुर के ग्राम लखीमपुर देहात में भूमि गाटा संख्या 1187 रकबा 0.182 हेक्टेयर से प्रशासन ने बुलडोजर के जरिए अवैध कब्जा हटवाया।

एसडीएम सदर राजेश कुमार के नेतृत्व में राजस्व, विकास व पुलिस विभाग के अफसरों की मौजूदगी में उक्त भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया। अवैध कब्जे व निर्माण को प्रशासन ने ध्वस्त कर दिया। अब चर्चा हो रही है कि जिले में बुलडोजर का असर दिखना शुरू हो गया है।बताते चलें कि उक्त भूमि पर अवैध कब्जा था पूर्व में कई बार कब्जा हटाने का प्रयास हुआ किंतु पूर्व ग्राम प्रधान मोहम्मद अलीम के परिवारवालो के विरोध के चलते कब्जा नही हटवाया जा सका। उक्त भूमि पर प्रशासन द्वारा पंचायत घर बनवाने के लिए चिन्हित किया गया था।गुरुवार को बीडीओ लखीमपुर की जानकारी व सूचना पर उप जिला मजिस्ट्रेट सदर राजेश कुमार, नायब तहसीलदार अतुल सेन सिंह, बीडीओ पीयूष कुमार सिंह ने चौकी इंचार्ज जेल गेट वा भारी पुलिस बल के साथ अवैध कब्जा बुलडोजर के माध्यम से हटवाया। अवैध कब्जे की भूमि का मूल्य लगभग 70 लाख रुपए है। कब्जे हटवाने के बाद प्रशासन ने पंचायत भवन की नींव भी खुदवानी शुरू कर दी।

नि:शुल्क नेत्र शिविर आयोजित

संवाददाता। सीतापुर

लहरपुर के केसरीगंज क्षेत्र के प्रसिद्ध बाबा औघड़नाथ धाम चंदेसुवा में श्री श्याम सेवा संस्थान मानव सेवा चौरिटेबल संस्थान के तत्वावधान में आयोजित नि:शुल्क नेत्र शिविर, सीतापुर आंख अस्पताल के नेत्र विशेषज्ञ डाक्टरों की टीम द्वारा आयोजित किया गया।

जिसमें डॉक्टर अनुराग पांडेय व सहयोगी टीम द्वारा 300 नेत्र रोगियों का नि:शुल्क परीक्षण किया गया। जिसमें से 82 नेत्र रोगियो को ऑपरेशन योग्य चिन्हित कर संस्थान द्वारा जिला मुख्यालय भेजा गया।

इस मौके पर संस्थान के अध्यक्ष अजय पांडेय सरल, अनूप कुमार पांडेय, प्रधान कौशल किशोर पांडेय, प्रमोद त्रिवेदी आदि लोग मौजूद थे।

गेहूं खरीद अभियान 1 अप्रैल से 15 जून तक

संवाददाता। सीतापुर

जिला पंचायत सीतापुर के नेहरू सभागार में जनपद के सभी क्रय एजेन्सियों के जिला प्रबन्धक, केन्द्र प्रभारियों की कार्यशाला एडीएम व जिला खरीद अधिकारी राम भरत तिवारी की अध्यक्षता में हुई। जिसमें बताया गया कि गेहूं खरीद की अवधि 01 अप्रैल से 15 जून तक है। जिले में विभिन्न क्रय संस्थाओं के 170 गेंहू कय केन्द्र खुले है। समर्थन मूल्य 2015 रुपये प्रति कुन्तल निर्धारित है। केन्द्र के खुलने का समय प्रात: 9 बजे से सांय 06 बजे तक है। केन्द्र रविवार एवं राजपत्रित अवकाश को छोड़कर प्रत्येक दिवस खुलेगें। केन्द्र पर गेंहू खरीद हेतु 02 इलेक्ट्रानिक कॉटा, 01 नमी मापक यंत्र, विनोइंग फैन, पावर डस्टर, डबल जाली छलना अनिवार्य रूप से रखे जायेगे। प्रत्येक केन्द्र पर बैनर का प्रदर्शन ऐसे स्थान पर किया जायेगा जहाँ पर कृषकों को स्पष्ट रूप से प्रदर्शित हो। बैनर में सम्पूर्ण विवरण व टोल फ्री नंबर 18001800150 बड़े-बड़े अक्षरों में अंकित करना अनिवार्य है। गेंहू खरीद इलेक्ट्रानिक प्वाइंट आफपरचेज (ई-पॉप) मशीन के माध्यम से किसानों से बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण द्वारा की जानी है। जिला खरीद अधिकारी ने निर्देश दिये कि गेहूं खरीद का प्रत्येक विवरण ई-उपार्जन माड्यूल पर फीड करना होगा। केवल उसी खरीद को मान्यता दी जायेगी जो ऑनलाइन फीड होगी। खरीद ऑनलाइन फीडिंग (रियल टाइम) व शत-प्रतिशत ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से की जायेगी। कृषक की गेहूँ खरीद ऑनलाइन टोकन व्यवस्था द्वारा निधारित तिथि पर ही होगी। मंडियों में नीलामी का पालन अनिवार्य रूप से किया जायेगा। यदि बोली समर्थन मूल्य से कम पर आती है तो अनिवार्य रूप से उस कृषक का गेहूँ क्रय केन्द्र पर क्रय किया जायेगा। प्रत्येक दिवस में नीलामी प्रक्रिया की शार्ट वीडियो क्लिप बनाकर जनपद के व्हाट्सएप ग्रुप पर सम्बन्धित मंडी सचिव प्रेषित करेंगे। साथ ही मण्डी में गेहूँ की आवक का सम्पूर्ण विवरण दैनिक रूप से रजिस्टर में अंकित करेगें। गेहूँ क्रय केन्द्रों पर कृषकों के बैठने के लिए तख्त, कुर्सियाँ, पीने के लिए स्वच्छ पानी, वर्षा से सुरक्षा हेतु त्रिपाल, क्रेटस इत्यादि व्यवस्थाये केन्द्र पर अनिवार्य रूप से होनी चाहिए। जिला खरीद अधिकारी ने गेहूँ, क्रय योजना का प्रचार-प्रसार व्यापक रूप से कराये जाने के भी निर्देश दिये। गेहूँ का भुगतान पीएफएमएस प्रणाली द्वारा किया जायेगा। केन्द्र पर, विक्रय के लिए आने वाले किसानों के साथ सौम्य एवं मृदु व्यवहार किया जायेगा। कार्यशाला में सहायक आयुक्त, सहायक निबन्धक सहकारिता नवीन शुक्ला, जिला खाद्य विपणन अधिकारी अरविन्द कुमार दुबे, जिला प्रबन्धक पीसीएफपंकज कुमार, जिला प्रबन्धक पीसीयू शशिकान्त मोर्या, जिला प्रबन्धक यूपीएसएस ओपी सिंह, मण्डी सचिव सीतापुर देवेन्द्र प्रताप, विपणन निरीक्षक शान्तनु मिश्र, वैभव मिश्र आदि मौजूद थे।

बढ़ती महंगाई के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

बढ़ती महंगाई के विरोध में कांग्रेस पार्टी द्वारा किए जा रहे देश व्यापी प्रदर्शन के क्रम में नगर गोला गोकरणनाथ के विकास चौराहे पर जोरदार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम की अगुआई करते हुए जिला अध्यक्ष प्रह्लाद पटेल व अन्य कांग्रेस जनों ने गैस सिलिंडर, मोटरसाइकिल को माला पहनाकर, केन्द्र सरकार के खिलाफ नारेबाज़ी करते हुए अपना विरोध किया और सरकार से इस्तीफे की मांग की।

जिला अध्यक्ष प्रह्लाद पटेल ने कहा कि कांग्रेस की सरकार के वक्त तब के मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी और स्मृति ईरानी को चार सौ का गैस सिलिंडर भी महंगा लगता था और अब एक हजार रुपये का सिलिंडर भी सस्ता लगता है। महंगाई से मुक्ति और संविधान की रक्षा के लिये काँग्रेस पार्टी सतत संघर्ष कर रही है और जब इस जन विरोधी सरकार को हटा ना दे तब तक चुप नहीं बैठेगी। सभी को संबोधित करते हुए जिला प्रवक्ता अमित गुप्ता ने कहा कि 2014 से लेकर अभी तक भाजपा की केंद्र सरकार ने 26 लाख करोड़ रुपये पेट्रोल और डीजल पर कर के रूप में जनता से वसूले हैं द्य इस पैसे को केंद्र सरकार द्वारा किस मद में प्रयोग में लाया गया है ये सरकार जनता को बताएं। जो सरकार रोजगार नहीं दे पा रही। सुरक्षा नहीं दे पा रही। शिक्षा नहीं दे पा रही। गड्ढा मुक्त सड़क नहीं दे पा रही। बिजली नहीं दे पा रही। उद्योग धंधे नहीं लगा पा रही वो जनता की गाढ़ी कमाई का कहां इस्तेमाल कर रही हैं ये सरकार बतायें। जिला उपाध्यक्ष शिप्रा खरे ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार पांच किलो मुफ्त अनाज तो दे रही है लेकिन उस मुफ्त अनाज को पकाने के लिए एक हजार का सिलिंडर कहाँ से आयेगा।

प्रदर्शन के समापन पर सिलिंडर बजा कर और सरकार विरोधी नारें लगाकर पेट्रोल, डीजल, दवाई के बढ़ते दाम वापस लेने की मांग की गई। प्रदर्शन में पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ प्रदेश महासचिव राम कुमार वर्मा, विश्व रिकॉर्ड धारी यतीश शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष सहजेंद्र दीक्षित, जिला महासचिव प्रेम वर्मा, जिला सचिव केके मिश्रा, युवा नेता प्रदीप रघुनायक, दीपक अर्कवंशी, रोहित वर्मा, हरिवंश मौर्य, राम नरेश भार्गव, शरीफ अहमद, फकीर मोहम्मद व रविंद्र कुमार शुक्ल आदि काँग्रेसजनों ने सहभागिता की।

अस्पताल जाते समय हुई प्रसव पीड़ा, एंबुलेंस में हुई डिलीवरी

ढखेरवा खीरी। स्वास्थ्य केंद्र रमियांबेहड़ में आपात सेवा 102 नंबर एंबुलेंस एक बार फिर वरदान साबित हुई है। प्रमोधापुर से सीएचएससी रमियांबेहड़ ले जाते समय करीब गांव से 2 किलोमीटर की दूरी पर 102 नंबर एंबुलेंस के कर्मियों ने एंबुलेंस में ही सुरक्षित प्रसव करा कर जच्चा बच्चा की जान बचाई। इसके बाद जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। प्रसव के बाद महिला के परिजनों ने राहत की सांस ली और एंबुलेंस में मौजूद डॉक्टरों का आभार व्यक्त किया।मरीज के परिजनों ने 102 एंबुलेंस की सेवा ली एंबुलेंस सही समय पर मिली। मरीज को 102 एंबुलेंस में लेकर गांव से करीब 2 किलोमीटर आगे चले थे कि मरीज को बहुत देश का प्रसव पीड़ा होने लगा। इस दौरान एंबुलेंस कर्मचारी पायलट पंकज कुमार एवं ईएनटी कृष्ण देव शर्मा जीने मरीज का प्रसव एंबुलेंस में कराया जहां पर जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ और सही हैं। एंबुलेंस कर्मचारी द्वारा मरीज को सफलतापूर्वक सीएचसी रमिया बेहड़ में भर्ती कराया गया।

परीक्षाफल का किया गया वितरण

संवाददाता। रमियाबेहड़-खीरी।

विकासखंड रमियाबेहड़ के गांव रमिया बेहड में स्थित सरस्वती ज्ञान मंदिर कानपुर संभाग में वार्षिक परीक्षाफल का वितरण किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बिलाल अहमद के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजन किया। उसके बाद परीक्षा फल वितरण का कार्यक्रम शुरू किया गया। इसमें जो बच्चे अपनी कक्षा में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान मिला उनके उत्साहवर्धन के लिए विद्यालय की तरफ से उन्हें गिफ्ट एवं प्रधान बिलाल अहमद के द्वारा 101 रुपए देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर काफी संख्या में अभिभावक भी उपस्थित रहे। सरस्वती ज्ञान मंदिर के परीक्षा फल वितरण में कक्षा 8 के शुभम मौर्य कक्षा 7 से अंकुश मौर्य कक्षा 6 से करन मिश्रा एवं कक्षा 5 से अनिकेत मौर्य कक्षा 4 से खूब लाल कक्षा तीन से गौरव चौधरी द्वितीय से सिमरन वर्मा कक्षा प्रथम से विनायक जयसवाल कक्षा उदय से मोहम्मद उर्स कक्षा अरुण से अभिशौर्य मौर्य आदि बच्चों को कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य भानु कुमार शुक्ला ने कहा कि मैं विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को अधिक पढ़ाई करने के लिए हमेशा अग्रसर करता हूं। और लक्ष्य बनाकर अपनी शिक्षा ग्रहण करें। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त आचार्यगण अपनी अपनी जिम्मेदारियां निभाते नजर आए।

पेज एक का शेष

यदि चीन...

गैर भरोसेमंद आपूर्तिकर्ता पर अपनी निर्भरता घटाने के रास्ते तलाशते भी देखना चाहेगा। रूस के खिलाफ अमेरिकी प्रतिबंधों का मसौदा तैयार करने में अहम भूमिका निभाने वाले अमेरिकी डिप्टी एनएसए दो दिनों की यात्रा पर बुधवार को नई दिल्ली पहुंचे थे। यूक्रेन पर रूस के हमले को लेकर मास्को की आलोचना नहीं करने के भारत के रुख पर पश्चिमी देशों में बेचैनी बढ़ने की पृष्ठभूमि में उनकी यह यात्रा हुई है। उन्होंने संवाददाताओं के एक छोटे समूह से कहा, हम डॉलर आधारित वित्तीय प्रणाली की अनदेखी करने वाले तंत्र या हमारे वित्तीय प्रतिबंधों में गतिरोध उत्पन्न करने वाले तंत्र को नहीं देखना चाहेंगे। उनकी यह टिप्पणी ऐसे दिन आई है, जब रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव भारत की अपनी दो दिवसीय यात्रा शुरू कर रहे हैं, जिसमें नई दिल्ली के रूसी तेल खरीदने सहित द्विपक्षीय व्यापार के लिए रूबल(रूसी मुद्रा)-रुपया भुगतान तंत्र पर चर्चा देखने को मिल सकती है। सिंह ने कहा, हम यह नहीं देखना चाहेंगे कि रूस से भारत के आयात में तीव्र वृद्धि हो क्योंकि यह ऊर्जा या किसी अन्य निर्यात से जुड़ी होगी जिस पर अमेरिका ने प्रतिबंध लगा रखा है या अन्य अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध हैं। सिंह ने रूस से रियायती दर पर तेल खरीदने के भारत के फैसले के बारे में पूछे जाने पर यह कहा। उन्होंने कहा कि अमेरिका, भारत की ऊर्जा और रक्षा उपकरणों की जरूरत को पूरा करने में मदद करने को तैयार है।

भारत से...

रोकने के लिए लोकतांत्रिक देशों के मिलकर काम करने के महत्व को रेखांकित करेंगी। गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों में कई विदेशी गणमान्य लोगों ने भारत की यात्राएं की है। अमेरिका के उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार दलीप सिंह बुधवार को भारत पहुंचे, जबकि रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव भी बृहस्पतिवार को दौरे पर आए हैं। ट्रस रूस की आक्रामकता का मुकाबला करने और देश पर वैश्विक रणनीतिक निर्भरता को घटाने के लिए एकजुटता चाहती हैं। ब्रिटिश उच्चायोग के बयान के अनुसार, उनका दौरा अगले सप्ताह होने वाली प्रमुख नाटो और जी-7 बैठकों से पहले हुआ है।

दिल्ली में...

किसी भी परिदृश्य से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए सभी एजेंसियों को गार्ड कम किए बिना सतर्क रहने की सलाह भी दी गई। मालूम हो कि पिछली डीडीएमए बैठक में मास्क नहीं पहनने पर जुर्माना 2,000 रुपये से घटाकर 500 रुपये कर दिया गया था। फरवरी की शुरुआत में कोरोना संबंधी पाबंदियों में ढील दी गई थी। दिल्ली सरकार ने फरवरी में एक आदेश जारी करके निजी कार में मास्क पहनने की अनिवार्यता को भी खत्म कर दिया था।

नगालैंड, असम...

क्षेत्र को छोड़कर पूरे मणिपुर में 2004 से आफस्पा लागू है। बृहस्पतिवार के फैसले के बाद मणिपुर के छह जिलों के 15 थान क्षेत्रों को एक अप्रैल से अशांत क्षेत्र अधिसूचना से बाहर कर दिया जाएगा। आफस्पा 2015 में अरुणाचल प्रदेश के तीन जिलों की असम से लगती 20 किलोमीटर की पट्टी पर और नौ अन्य जिलों के 16 थाना क्षेत्रों में लागू था। इसका दायरा आहिस्ता-आहिस्ता कम किया गया और अब अरूणाचल प्रदेश के कानून राज्य के सिर्फ तीन जिलों और एक अन्य जिले के दो थाना क्षेत्रों में लागू हैं। पूरे नगालैंड में 1995 से अशांत क्षेत्र अधिसूचना लागू है। केंद्र सरकार ने चरणबद्ध तरीके से आफस्पा हटाने के लिए गठित समिति की सिफारिशों को मान लिया है। नगालैंड के सात जिलों के 15 थाना क्षेत्रों से एक अप्रैल से अशांत क्षेत्र अधिसूचना को हटाया जा रहा है। नगालैंड में 14 आम लोगों की हत्या ने तानव बढ़ा दिया था जहां लोगों ने आफस्पा को हटाने के लिए कई हफ्तों तक प्रदर्शन किया। हाल में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव से पहले, मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बिरेन सिंह ने कहा था कि वह और मणिपुर के लोग चाहते हैं कि आफस्पा को हटाया जाए लेकिन सुरक्षा एजेंसियों को राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दों को देखना होगा।

दिल्ली-मेरठ...

वाहनों के टोल का रेट बाकी जिलों में रजिस्टर्ड वाहनों से कम रखा गया है। इस सुविधा से बिजनेस के लिए चलने वाले वाहनों को काफी राहत मिलने की उम्मीद है। एचएचएआई के अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली से डासना तक सफर करने पर दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे और एनएच-9 पर लोगों से टोल नहीं वसूला जाएगा, लेकिन वाहन चालक यदि एनएच-9 से हापुड़ की तरफ और दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे से मेरठ की तरफ जाते हैं तो पूरे हिस्से का टोल लगेगा। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर टोल वसूली ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रीडर के माध्यम से होगी। इसके लिए तैयारी पूरी हो चुकी है। काशीपुर, भोजपुर और रसूलपुर सिकरोड़ के बीच टोल प्लाजा से टोल वसूली की जाएगी, जबकि बाकी जगह पर ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रीडर के माध्यम से की जाएगी। नई व्यवस्था में प्रतिदिन करीब 30 हजार वाहन चालकों से टोल लिया जाएगा। मतलब, रोजाना दिल्ली और मेरठ के बीच इस एक्सप्रेसवे के जरिए 30,000 से ज्यादा वाहन आवागमन कर रहे हैं।

इमरान और...

(पीपीपी) के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी ने बृहस्पतिवार को कहा कि संयुक्त विपक्ष को खान को सुरक्षित रास्ता नहीं देना चाहिए। उन्होंने कहा, निर्वाचित प्रधानमंत्री को बिना किसी और देरी के इस्तीफा दे देना चाहिए क्योंकि वह संसद में बहुमत खो चुके हैं। विपक्षी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के महासचिव अहसान इकबाल ने पीटीआई-भाषा से कहा कि उनकी पार्टी तत्काल नए सिरे से चुनाव चाहती है। उन्होंने कहा, हम नेशनल असेंबली का कार्यकाल पूरा होने तक (अगले साल के मध्य तक) इमरान खान का कचरा नहीं ढोना चाहते। यदि संयुक्त विपक्ष एक साल से अधिक समय तक बिना नए जनादेश के सत्ता में रहता है, तो यह खान की तरह अलोकप्रिय हो जाएगा। इकबाल ने कहा कि सिर्फ नए सिरे से चुनाव ही पाकिस्तान को मौजूदा राजनीतिक संकट से आगे ले जा सकता है। दूसरी ओर इमरान खान के खिलाफ संयुक्त विपक्ष द्वारा पेश अविश्वास प्रस्ताव पर बहस के लिए संसद के निचले सदन की बैठक बृहस्पतिवार को हुई।

सोनिया ने...

मिलने और समय पर मजदूरी के भुगतान की कानूनी गारंटी कमजोर पड़ रही है। इस साल मनरेगा का बजट 2020 की तुलना में 35 प्रतिशत कम है, जबकि बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है। बजट में कटौती से कामगारों के भुगतान में देरी होती है, जिसे माननीय उच्चतम न्यायालय ने फोर्स्ड लेबर माना है। उनके मुताबिक, इसी वर्ष 26 मार्च को, दूसरे सभी राज्यों ने इस योजना के तहत अपने खाते में नकारात्मक संतुलन दिखाया है, जिसमें कामगारों को भुगतान का लगभग 5,000 करोड़ रुपए बकाया है। इसके बाद ग्रामीण विकास मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा, वह (सोनिया) देश की एक वरिष्ठ नेता हैं। उन्होंने सदन में जो विषय रखा है वो पूर्ण रूप से तथ्यों से परे है। साल 2013-14 में (संप्रग सरकार के समय) मनरेगा का 33 हजार करोड़ रुपए का बजट था, जो आज एक लाख करोड़ रुपए से अधिक है। खेल और सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा, संप्रग के समय आवंटित बजट खर्च नहीं होता था। लेकिन मोदी सरकार ने एक लाख करोड़ रुपए से अधिक का प्रावधान किया। इनके (कांग्रेस) समय सिर्फ भ्रष्टाचार होता था। इस दौरान कांग्रेस सदस्य हंगामा करने लगे। इस पर ठाकुर ने कहा, ए लोग मंत्री की ओर से जवाब देने का विरोध कर रह है। यह दिखाता है कि विपक्ष सिर्फ राजनीति करता है। बाद में पीठासीन सभापति रमा देवी ने व्यवस्था देते हुए कहा कि सोनिया गांधी ने शून्यकाल में जो विषय उठाए हैं, सरकार उसका उत्तर देना चाहे, तो दे सकती है।

हवाई अड्डों...

प्रजातियों में रेड-ईयर स्लाइडर टर्टल को सबसे अधिक संख्या में जब्त किया गया है। इसके बाद चीनी तालाबों में पाया जाने वाला कछुआ मौरेमिस रीवेसी रहा। इसी तरह, कई वनस्पति प्रजातियों, जिनमें एगरवुड एक्विलारिया मैलाकेंसिस, रेड सैंडर्स पटरोकार्पस सैंटलिनस, सैंडलवुड सैंटलम एल्बम और औषधीय और सुगंधित पौधे (एमएपी) जैसे कुथ सौसुरिया कॉस्टस जड़ें भी भारी मात्रा में हवाई अड्डों पर जब्त की गईं। चेन्नई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर तस्करी का सबसे अधिक सामान पकड़ा गया। उसके बाद मुंबई के छत्रपति शिवाजी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और नई दिल्ली के इंदिरा गांधी हवाई अड्डे का नंबर आता है। हवाई अड्डों के माध्यम से तस्करी बढ़ने से वन्यजीवों को अधिक खतरा पैदा हो गया है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के इंडिया प्रमुख अतुल बगई ने कहा कि सीमा शुल्क, सीआईएसएफ और वन्यजीव अपराध नियंत्रण बोर्ड (डब्ल्यूसीसीबी) समेत अन्य संबंधित एजेंसियों के साथ साझेदारी की है, ताकि वन्यजीव तस्करी रोकने के लिए ठोक कार्यक्रम बनाया और उसे लागू किया जा सके। डब्ल्यूसीसीबी के अतिरिक्त निदेशक तिलोत्तमा वर्मा ने कहा कि कम यात्रा समय और व्यापक पहुंच के कारण हवाई अड्डे वन्यजीवों की तस्करी प्रमुख साधन के रूप में उभरे हैं।

अधिकरण ने जाकिर नाइक के आईआरएफ पर पांच साल का प्रतिबंध बढ़ाने की पुष्टि की

भाषा। नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय के एक अधिकरण ने इस्लामिक रिसर्च फाउंडेशन (आईआरएफ) पर लगाए गए प्रतिबंध को पांच साल बढ़ाने की पुष्टि की है। आईआरएफ की स्थापना ज़ाकिर नाइक ने की है जो फरार है और उसपर भारत और विदेश के मुस्लिम युवाओं को आतंकी कृत्य करने के लिए उकसाने का आरोप है। केंद्र सरकार ने 17 नवंबर 2016 को गैर कानूनी गतिविधि (रोकथाम) कानून 1967 के तहत पहली बार आईआरएफ को प्रतिबंधित किया था। सरकार ने 15 नवंबर 2021 को प्रतिबंध को पांच साल के लिए बढ़ा दिया था। एक अधिसूचना में, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा कि केंद्र सरकार ने इस बात पर फैसला करने के लिए 13 दिसंबर 2021 को एक अधिकरण गठित क था कि आईआरएफ को गैर कानूनी संगठन घोषित करने के लिए पर्याप्त कारण हैं या नहीं। इस अधिकरण में दिल्ली उच्च न्यायालय के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश डी एन पटेल शामिल थे। मंत्रालय ने कहा कि इस अधिकरण ने नौ मार्च 2022 को एक आदेश पारित करके आईआरएफ को गैर कानूनी संगठन घोषित किए जाने की पुष्टि की। अधिकरण के पीठासीन अधिकारी न्यायमूर्ति पटेल ने कहा कि वह केंद्र की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की ओर से दी गई दलीलों से पूर्ण सहमति हैं और यह दिखाने के लिए सामग्री है कि आईआरएफ गैरकानूनी गतिविधियों में लिप्त था। अधिकरण ने कहा कि आईआरएफ उन गतिविधियों में शामिल है जो न केवल युवाओं को भारत की संप्रभुता, एकता, अखंडता और सुरक्षा को खतरे में डालने के इरादे से गैरकानूनी गतिविधियों को करने के लिए उकसाती है, बल्कि देश के खिलाफ असंतोष पैदा कराती है और इस निष्कर्ष पर पहुंचने की वजह है कि संगठन को गैर कानूनी घोषित किया जाए। उसने कहा कि सबूतों के अवलोकन करने से पता चलता है कि "डॉ. जाकिर नाइक के कार्य और आचरण भारत के राष्ट्रीय हित के प्रतिकूल हैं। यह आदेश 30 मार्च को गृह मंत्रालय की वेबसाइट पर प्रकाशित किया गया है।

अधिकरण ने आईआरएफ की इस दलील को खारिज कर दिया कि 2016 में प्रतिबंध लगने के बाद, उसने ऐसी कोई गतिविधि नहीं की जो देश के राष्ट्रीय हित के लिए हानिकारक हो और कहा कि "ऐसा प्रतीत होता है कि आईआरएफ और उसके पदाधिकारियों ने गैरकानूनी गतिविधियों में लिप्त रहना जारी रखा है जो राष्ट्रहित के लिए हानिकारक है। उसने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों के अवलोकन से यह स्पष्ट होता है कि न केवल डॉ नाइक सोशल मीडिया पर सक्रिय हैं बल्कि विभिन्न खाड़ी देशों में अपनी गतिविधियों का प्रचार-प्रसार भी करते रहते हैं। प्रतिबंध की मियाद बढ़ाते हुए मंत्रालय ने कहा था कि अगर आईआरएफ की गतिविधियों पर लगाम नहीं कसी गई और उसे तत्काल नियंत्रित नहीं किया गया तो उसे अपनी विनाशक गतिविधियों को जारी रखने का मौके मिलेगा और वह अपने लोगों को फिर से जमा कर सकता है जो अब भी फरार हैं। उसने कहा था कि केंद्र सरकार की राय है कि आईआरएफ की गतिविधियों के संबंध में, यह जरूरी है कि उसे फौरन गैर कानूनी संगठन घोषित किया जाए। मुंबई में जन्मे नाइक ने एक जुलाई 2016 को ढाका के एक कैफे में हुए विस्फोट के मद्देनजर भारत छोड़ दिया था।

नई दिल्ली में केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता गुलाम नबी आजाद, राज्यसभा उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह 72 सांसदों की विदाई समारोह में शिरकते करते हुए

ईडी ने धन शोधन मामले में नागपुर के वकील, उनके भाई को गिरफ्तार किया

नई दिल्ली, नागपुर। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार को नागपुर के वकील सतीश उके और उनके भाई प्रदीप को धन शोधन जांच के सिलसिले में गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दोनों को धन शोधन निवारण कानून (पीएमएलए) के तहत हिरासत में लिया गया और शुक्रवार को अदालत में पेश किए जाने की उम्मीद है। वकील ने पिछले कुछ वर्षों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के खिलाफ याचिकाएं दायर की थी। केंद्रीय जांच एजेंसी ने सुबह करीब छह बजे नागपुर के पार्वती नगर इलाके में उनके आवास पर छापा मारा। छापेमारी करने वाली टीम के साथ सुरक्षा के लिए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के कर्मी भी थे। अधिकारियों ने दावा किया कि दोनों भाइयों के खिलाफ धन शोधन का मामला कुछ समय पहले नागपुर में लगभग 1.5 एकड़ जमीन की खरीद से संबंधित है और जमीन की खरीद के लिए इस्तेमाल किए गए दस्तावेज कथित तौर पर जाली थे। उन्होंने कहा कि खरीदी गई जमीन भाइयों के नाम पर थी। बाद में वकील और उनके भाई को दिन में करीब 11 बजे पूछताछ के लिए शहर के सेमिनरी हिल्स इलाके में प्रवर्तन निदेशालय के कार्यालय ले जाया गया। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि ईडी की टीम सतीश उके का लैपटॉप, कुछ दस्तावेज और उनके परिवार के चार सेलफोन साथ में जांच के लिए ईडी कार्यालय ले गई।

वकील ने भाजपा नेताओं, खासकर फडणवीस के खिलाफ अदालतों में कई याचिकाएं दायर कर रखी है। एक याचिका में वकील ने चुनावी हलफनामे में आपराधिक मामलों का खुलासा नहीं करने के लिए फडणवीस के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही का अनुरोध किया था।

तमिलनाडु में वन्नियार से अलग व्यवहार का कोई ठोस आधार नहीं है : न्यायालय

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने तमिलनाडु में अति पिछड़े समुदाय (एमबीसी) वन्नियार को सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में दाखिले में दिए गए 10.5 प्रतिशत आरक्षण को बृहस्पतिवार को रद्द कर दिया और कहा कि उनके साथ अलग व्यवहार करने का कोई ठोस आधार नहीं है। न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव और न्यायमूर्ति बी आर गवई की पीठ ने मद्रास उच्च न्यायालय के फैसले को बरकरार रखा, जिसने आरक्षण को रद्द कर दिया था।

पीठ ने कहा, हमारी राय है कि वन्नियाकुल क्षत्रियों के साथ एमबीसी समूहों के बाकी के 115 समुदायों से अलग व्यवहार करने के लिए उन्हें एक समूह में वर्गीकृत करने का कोई ठोस आधार नहीं है और इसलिए 2021 का अधिनियम संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 16 का उल्लंघन है। अत: हम उच्च न्यायालय के फैसले को बरकरार रखते हैं। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि हालांकि जाति आंतरिक आरक्षण का आधार हो सकती है लेकिन यह एकमात्र आधार नहीं हो सकती। इससे पहले, उच्चतम न्यायालय ने मामले को वृहद पीठ को सौंपने से इनकार करते हुए कहा था कि उसका मानना है कि इस मामले पर वृहद पीठ के सुनवाई करने की आवश्यकता नहीं है। पीठ ने कहा, हम इस मामले को वृहद पीठ के पास भेजने की दलील मानने के पक्ष में नहीं हैं, आप अपनी दलीलें रख सकते हैं। उच्चतम न्यायालय याचिकाओं पर सुनवाई करने के लिए राजी हो गया था और उसने कहा था कि इस आरक्षण के तहत हुए दाखिले या नियुक्तियां प्रभावित नहीं होंगी। न्यायालय का फैसला तमिलनाडु राज्य, पट्टाली मक्कल काची (पीएमके) अन्य द्वारा याचिका उन याचिकाओं पर आया है जिसमें वन्नियार को दिया आरक्षण रद्द करने के उच्च न्यायालाय के एक नवंबर 2021 के आदेश को चुनौती दी गई थी।

उच्च न्यायालय ने कहा था कि राज्य सरकार आबादी पर बिना मात्रात्मक आंकड़ों के वन्नियार को आरक्षण देने वाला ऐसा कानून नहीं ला सकती है। गौरतलब है कि तमिलनाडु विधानसभा ने पिछले साल फरवरी में वन्नियार समुदाय को 10.5 फीसदी आरक्षण देने के तत्कालीन सत्तारूढ़ अन्ना द्रमुक द्वारा पेश किए विधेयक को पारित कर दिया था। मौजूदा द्रमुक सरकार ने इसके क्रियान्वयन के लिए जुलाई 2021 में एक आदेश पारित किया। उसने एमबीसी को दिए कुल 20 प्रतिशत आरक्षण को विभाजित कर दिया था और जातियों को फिर से समूहों में बांटकर तीन अलग श्रेणियों में विभाजित किया तथा वन्नियार को 10 प्रतिशत उप-आरक्षण मुहैया कराया था। वन्नियार को पहले वन्नियाकुल क्षत्रिय के नाम से जाना जाता था।

एचसीएल वनीकरण में करेगा मदद

नोएडा। एचसीएल टेक्नोलॉजीज की सीएसआर शाखा एचसीएल फाउंडेशन एचसीएलएफ ने अपने एन्वायरन्मेंट एक्शन फ्लैगशिप प्रोग्राम एचसीएल हरित के तहत एलडी के साथ ग्रीन एरिया ग्रीन कनेक्टर का वनीकरण करने हेतु एक समझौता ज्ञापन पर लखनऊ में हस्ताक्षर किए। यह एमओयू देशी प्रजातियों के वृक्षारोपण और पक्षियों, मधुमक्खियों तथा अन्य जानवरों की आवासीय जगहों को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस साझेदारी के माध्यम से एचसीएलएफ जैव विविधता को पनपने में मदद करते हुए शहर के फेफड़े कहे जाने वाले इलाकों को पुनर्जीवित करने पर ध्यान केंद्रित करेगा। इस समझौता ज्ञापन पर अवनींद्र कुमार सिंह, कार्यकारी अभियंता एलडीए तथा निधि पुंधीर, निदेशक, एचसीएल फाउंडेशन के बीच रंजन कुमार, आयुक्त लखनऊ, अक्षय त्रिपाठी आईएएसए वाइस चेयरमैन, एलडीए और पवन कुमार गंगवार, सचिव एलडीए की गरिमामयी उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए।

क्विक न्यूज

देश, प्रधानमंत्री और शाह पर भड़काऊ टिप्पणी करने के आरोप में कव्वाली गायक के खिलाफ मामला दर्ज

भोपाल, रीवा (मप्र)। मध्य प्रदेश पुलिस ने उत्तरप्रदेश के कव्वाली गायक शरीफ परवाज के खिलाफ रीवा जिले में एक संगीत कार्यक्रम के दौरान देश, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर कथित रूप से भड़काऊ टिप्पणी करने के आरोप में मामला दर्ज किया है। शरीफ ने रीवा जिले के मनगवां कस्बे में उर्स के दौरान आयोजित कार्यक्रम में 28 मार्च को यह कथित टिप्पणी की थी, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इसी बीच, मध्य प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने बृहस्पतिवार को संगीत कलाकारों को चेतावनी जारी करते हुए कहा कि भारत के खिलाफ किसी भी गाने को बर्दाश्त नही किया जाएगा और उन्हे पहले देश को ध्यान में रखना चाहिए क्योंकि केंद्र में अब राष्ट्रवादी सरकार है। वीडियो में शरीफ परवाज को कथित तौर पर यह कहते हुए सुना जा सकता है, मोदी जी कहते हैं हम है, योगी जी (उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ) कहते है हम है, अमित शाह जी कहते है हम है, लेकिन ए है कौन? अगर गरीब नवाज चाह ले तो पता ही नही चलेगा कि हिन्दुस्तान कहां पर बसा था, कहां पर है। मिश्रा ने भोपाल में संवाददाताओं को बताया, इस प्रकरण में कव्वाल शरीफ परवाज के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 505, 153 और 298 के तहत मामला दर्ज हो चुका है। हमारी दो टीमें कानपुर उनको गिरफ्तार करने के लिए पहुंच चुकी है। कानपुर पुलिस सहयोग कर रही है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने संगीत कलाकारों को चेतावनी जारी करते हुए कहा, ऐसे लोगों से मेरा यही कहना है कि चाहे कोई कव्वाली गाए, ठुमरी गाए, दादरा गाए (भारतीय शास्त्रीय संगीत की शैलियां) या कुछ भी गाए, लेकिन देश के खिलाफ गाने का ख्याल ही निकाल दें, क्योंकि यह राष्ट्रवाद का युग है। अब राष्ट्रवादी सरकार है। इस तरह नही चलेगा। रीवा जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा ने बताया, शरीफ एवं इस कार्यक्रम के आयोजक उर्स ईदगाह कमेटी मनगवां के खिलाफ मनगवां पुलिस थाने में यह मामला बुधवार को दर्ज किया गया। कई सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं और भाजपा नेताओं ने शरीफ की टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति जताई है।

चित्तौड़गढ़ में 12 किलो विस्फोटक बरामद, तीन गिरफ्तार

जयपुर। राजस्थान पुलिस ने चित्तौड़गढ़ जिले के निंबाहेड़ा कस्बे में एक वाहन से 12 किलोग्राम विस्फोटक सामग्री जब्त किया है तथा इस सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पांच अन्य लोगों को हिरासत में लिया गया है, जिनमें दो मध्यप्रदेश के रहने वाले हैं। इस मामले में जब्त वाहन भी मध्य प्रदेश में पंजीकृत है। पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ते व विशेष कार्यबल (एटीएस-एसओजी) ने बृहस्पतिवार को एक बयान में यह जानकारी दी। इसके अनुसार, निंबाहेड़ा सदर पुलिस थाना क्षेत्र में नाकेबंदी के दौरान एक संदिग्ध वाहन को रोका गया और इसकी तलाशी ली गई, जिसमें कुल 12 किलोग्राम विस्फोटक, बैटरी के साथ तीन ऑपरेटिंग घड़ी व तार के साथ तीन कनेक्टर आदि बरामद हुए। पुलिस ने विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की सम्बद्ध धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है एवं मामले की जांच आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) द्वारा की जा रही है। इस सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है, पांच अन्य को हिरासत में लिया गया है, जिनमें से दो व्यक्ति मध्य प्रदेश के रतलाम के रहने वाले हैं, जिनसे वहां की एटीएस पूछताछ कर रही है। राजस्थान में गिरफ्तार व दस्तयाब किए गए आरोपियों को जयपुर लाया गया है। आरोपियों की पहचान उजागर नही की गई है और अभी यह भी पता नही चला है कि ए किस आतंकी संगठन से जुड़े है।

श्रीलंकाई नौसेना ने तीन भारतीय मछुआरों को किया गिरफ्तार

रामेश्वरम (तमिलनाडु)। श्रीलंका की नौसेना ने अपने समुद्री क्षेत्र में मछली पकड़ने के आरोप में तीन भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है जो तमिलनाडु के रहने वाले है। मत्स्य पालन विभाग के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को बताया कि ए गिरफ्तारियां बुधवार देर रात की गई, जब पुडुकोट्टई जिले के तीन मछुआरे कच्चातीवू के समीप मछली पकड़ने गए थे। एक नौका भी जब्त की गई है। इस घटना से दो दिन पहले ही श्रीलंकाई नौसेना ने अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा के कथित उल्लंघन के लिए चार मछुआरों को गिरफ्तार किया था और उनकी नौका जब्त कर ली थी। मछुआरों के प्रतिनिधियों ने ताजा घटना पर आक्रोश जताया है और वे इस मुद्दे का स्थाई समाधान चाहते है।

बोम्मई श्रद्धालुओं पर हमले के बाद आंध्र के अधिकारियों के संपर्क में

बेंगलुरु। आंध्रप्रदेश के कुरनूल जिले की मंदिर नगरी श्रीशैलम में मल्लिकार्जुन मंदिर के आसपास विक्रेताओ एवं कर्नाटक के श्रद्धालुओ के बीच हिसक झड़प के बाद कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने कहा है कि उन्होंने अपने समकक्ष वाई एस जगनमोहन रेड्डी से श्रद्धालुओं की रक्षा करने का अनुरोध किया है। बोम्मई ने यहां संवाददाताओ से कहा, श्रीशैलम में कर्नाटक के श्रद्धालुओ पर हमला किया गया। अन्य राज्यो से बड़ी संख्या मे श्रद्धालु तीर्थयात्रा पर जाते है। बाहर के श्रद्धालुओ के लिए उपयुक्त सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र एवं कर्नाटक से बड़ी संख्या मे श्रद्धालु श्रीशैलम जाते है। उन्होंने कहा, मै बुधवार रात से ही आंध्रप्रदेश के अधिकारियो के संपर्क मे हूं।

जयपुर में गुर्जर नेता किरोरी सिंह बैसला की लम्बी बीमारी के बाद मौत हो गई। श्रद्धांजलि देते हुए राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत।

तृणमूल ने भाजपा उम्मीदवार के खिलाफ शिकायत दायर की

कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस ने आसनसोल लोकसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवार अग्निमित्रा पॉल के एक बयान को लेकर उनके खिलाफ मुख्य निर्वाचन अधिकारी के पास एक शिकायत दी है। बुधवार को एक वीडियो वायरल हुई थी, जिसमें पॉल आसनसोल में एक बैठक के दौरान पार्टी समर्थकों से कथित तौर पर कह रही थीं, मैं आपको बता रही हूं कि अगर हम पर हमला हुआ, तो हम उसी तरह पलटवार करेंगे। पॉल ने बाद में अपनी कथित टिप्पणी को सही ठहराते हुए पत्रकारों से कहा था, यदि कोई हमें मुक्का मारता है, तो हम उसे नमस्कार नहीं कर सकते। हम पलटवार करते हुए हमलवार को भी मुक्का मारेंगे। टीएमसी प्रदेश महासचिव कुणाल घोष ने भाजपा नेता अग्निमित्रा की वीडियो और संवाददाता सम्मेलन के फुटेज को संलग्न करते हुए मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को एक ईमेल भी भेजा।

संविधान और अदालत के आदेश का सम्मान नहीं करने वालों को सबक सिखाया जाना चाहिएः ज्ञानेंद्र अरागा

भाषा। कोप्पल

कर्नाटक के गृह मंत्री अरागा ज्ञानेंद्र ने हलाल विवाद के बीच बृहस्पतिवार को कहा कि संविधान और अदालत के फैसले का सम्मान नहीं करने वालों को सबक सिखाया जाना चाहिए। दरअसल कुछ दक्षिणपंथी संगठनों ने हिंदुओं से होसा तड़ाकू महोत्सव के दौरान हलाल मांस का इस्तेमाल नहीं करने का अनुरोध किया है।

मंत्री का बयान ऐसे समय में आया है जब हिजाब पर कर्नाटक उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ मुसलमानों के एक वर्ग ने राज्यव्यापी बंद का आह्वान किया है। न्यायालय ने कक्षाओं में स्कूल में वर्दी के साथ हिजाब पहनने की अनुमति देने की उडुपी गवर्नमेंट गर्ल्स प्री यूनिवर्सिटी कॉलेज की मुस्लिम छात्राओं की याचिका को खारिज कर दिया था।

ज्ञानेंद्र ने यहां पत्रकारों से कहा, जो लोग भारतीय संविधान का सम्मान नहीं करते और कहते हैं कि अदालत का फैसला उन पर लागू नहीं होता, उन्हें सबक सिखाया जाना चाहिए। हम उन्हें विनम्रतापूर्वक कह रहे हैं कि आपको इस देश में इस तरह के काम नहीं करने चाहिए। कोई भी आपसे नफरत नहीं करता और हमें भाइयों की तरह रहना है।

मंत्री ने कहा कि हलाल से संबंधित मुद्दे पर सरकार की सीमित भूमिका है, जिसे लोगों की समझ पर छोड़ दिया गया है। ज्ञानेंद्र ने कहा कि हलाल भोजन का बहिष्कार अभियान कानून-व्यवस्था का मामला नहीं है, बल्कि आस्था और भावनाओं से जुड़ा है, जिसे हर कोई जानता है। एक अप्रैल को मनाए जाने वाले उगाड़ी उत्स्व के एक दिन बाद हिंदुओं का एक वर्ग जो मांसाहारी भोजन करते हैं, वे होसा तड़ाकू का आयोजन करते है। जहां वे मांस पकाते हैं।

मोदी से मिले स्टालिन, श्रीलंकाई तमिलों को मानवीय सहायता मुहैया कराने के लिए केंद्र की अनुमति मांगी

नई दिल्ली। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एवं द्रमुक प्रमुख एमके स्टालिन ने बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने श्रीलंका में जारी आर्थिक संकट के बीच राज्य सरकार द्वारा वहां रह रहे तमिलों को मानवीय सहायता मुहैया कराने के लिए केंद्र की अनुमति मांगी। स्टालिन ने मोदी के साथ अपनी मुलाकात के दौरान विभिन्न मुद्दों को लेकर उन्हें एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा, जिसमें द्वीपीय देश में आर्थिक संकट से जुड़े मुद्दे भी शामिल थे।

श्रीलंकाई तमिलों द्वारा झेली जा रही मुश्किलों का जिक्र करते हुए स्टालिन ने कहा कि इनमें से कई तमिलनाडु की दूभर यात्रा पर निकल पड़े, क्योंकि द्वीपीय देश में जरूरी वस्तुओं की कीमतें उनकी पहुंच के बाहर हो गई हैं और वे राज्य में एक ट्रांजिट शिविर में रह रहे हैं। ज्ञापन में इस बात का जिक्र किया गया है कि श्रीलंका में गहराते आर्थिक संकट के बीच राज्य में वहां से और लोग भी आ सकते हैं। इस पड़ाव पर तमिलनाडु सरकार एक जीवनरक्षक उपाय के तौर पर गंभीर खाद्य संकट से जूझ रहे श्रीलंका के उत्तरी और पूर्वी भाग में रह रहे तमिलों तथा वहां के बागानों में काम करने वाले मजदूरों को जरूरी वस्तुएं व जीवनरक्षक दवाएं उपलब्ध कराने की इच्छुक है। तमिलनाडु सरकार श्रीलंकाई महिलाओं व बच्चों सहित अन्य संवेदनशील समूहों की मदद करने की भी इच्छुक है। इसमें कहा गया है, परोपकारी गतिविधि को अंजाम देने के लिए केंद्र सरकार से जरूरी अनुमति प्रदान करने का अनुरोध किया जाता है। स्टालिन ने सुबह संसद में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से भी मुलाकात की। दिल्ली में स्टालिन का स्वागत करते हुए सोनिया उनसे मिलने संसद परिसर में बन रहे द्रमुक कार्यालय पहुंचीं।

सोनिया ने कहा कि वह स्टालिन को वणक्कम कहने आई हैं और दो अप्रैल को राष्ट्रीय राजधानी में उनके पार्टी कार्यालय के उद्घाटन के दौरान उनसे दोबारा मिलेंगी। स्टालिन ने एक शॉल भेंटकर उनका आभार जताया। द्रमुक प्रमुख तीन दिवसीय दौरे पर दिल्ली आए हैं और इस दौरान उनके कई शीर्ष नेताओं से मुलाकात करने की संभावना है। पार्टी सांसद कनिमोई ने बताया कि द्रमुक दो अप्रैल को राष्ट्रीय राजधानी में पार्टी कार्यालय का उद्घाटन करेगी और इस अवसर पर उसने भाजपा और कांग्रेस सहित विभिन्न दलों के नेताओं को आमंत्रित किया है। मोदी के सामने तमिलनाडु के मछुआरों से संबंधित मुद्दे उठाते हुए स्टालिन ने केंद्र से भारत और श्रीलंका के बीच मछुआरों के स्तर की वार्ता की व्यवस्था करने का आग्रह किया, जो 2016 के बाद से नहीं हुई है, ताकि मछुआरों की गिरफ्तारी और उनकी नौकाओं की जब्ती की घटनाओं पर लगाम लगाई जा सके। 1974 में श्रीलंका को सौंपे गए कच्चातीवू को वापस लाना और पाक खाड़ी क्षेत्र में भारतीय मछुआरों के मछली पकड़ने के पारंपरिक अधिकारों को बहाल करना इस समस्या का स्थाई समाधान सुनिश्चित करेगा। कावेरी नदी पर कर्नाटक सरकार की मेकेदातु परियोजना को लेकर स्टालिन ने प्रधानमंत्री से जल शक्ति मंत्रालय को यह निर्देश देने का अनुरोध किया कि वह इस परियोजना या कावेरी घाटी में कर्नाटक की किसी भी नई जलाशय परियोजना को अपनी मंजूरी न दे। उन्होंने कहा कि कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण को मेकेदातु परियोजना को अस्वीकार करने और तमिलनाडु की सहमति के बगैर किसी नई परियोजना का निर्माण शुरू न करने का निर्देश दिया जाना चाहिए। यह कहते हुए कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को रद्द किया जा सकता है।

गुजरातः नेहरू के बारे में पूर्व उपमुख्यमंत्री की टिप्पणी के बाद विधानसभा में हंगामा

गांधीनगर। गुजरात विधान सभा में भाजपा के नेता व पूर्व उपमुख्यमंत्री नितिन पटेल ने भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के बारे में टिप्पणी की, जिसपर विपक्षी कांग्रेस ने कड़ी आपत्ति जताई और हंगामा शुरू हो गया। हंगामे के चलते सदन की कार्यवाही 15 मिनट के लिए स्थगित कर दी गई। कांग्रेस विधायकों ने पटेल की इस टिप्पणी पर आपत्ति जताई कि नर्मदा नदी पर सरदार सरोवर बांध बनाने का श्रेय नेहरू को नहीं दिया जा सकता। पटेल के इस बयान पर कांग्रेस विधायकों ने उनके खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी और प्रश्न काल के दौरान वेल के निकट एकत्रित हो गए। जब जल संसाधन मंत्री रुशिकेश पटेल ने कांग्रेस पर सरदार सरोवर बांध परियोजना में देरी करने का आरोप लगाया, तो कांग्रेस विधायक सी.जे. चावड़ा ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने ही कई बाधाओं का सामना करने के बावजूद 85 मीटर उंचा बांध बनाया था।

कश्मीर में हमलों के लिए सक्रिय महिला सदस्यों का इस्तेमाल कर रहे हैं आतंकी समूहः अधिकारी

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर के सोपोर में सुरक्षा बलों के एक बंकर पर बुर्का पहने महिला द्वारा पेट्रोल बम फेंके जाने ने आतंकी समूहों की हताशा को उजागर किया है। आतंकवादी घाटी में विध्वंसक गतिविधियों को अंजाम देने के लिए सक्रिय महिला कार्यकर्ताओं का इस्तेमाल कर रहे हैं। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यहां यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, महिला की पहलान उत्तरी कश्मीर के बारामूला इलाके की हसीना अख्तर के रूप में हुई है। वह 2008 के दौरान कथित तौर पर पाकिस्तान समर्थक अलगाववादी आसिया अंद्राबी के संपर्क में आई थी, जो पहले से ही राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) द्वारा दर्ज आतंकी वित्त पोषण मामले में जेल में बंद थी।

बुर्का पहने महिला मंगलवार शाम सोपोर में सुरक्षा बंकर पर पेट्रोल बम फेंकते हुए सीसीटीवी की तस्वीरों में नजर आई थी। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ और वह भागने में सफल रही। महिला की तस्वीरें घाटी में विभिन्न स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के दायरे में आई थी और बाद में उसकी पहचान तब हुई जब पुलिस ने सेब के लिए प्रसिद्ध शहर सोपोर के साथ-साथ निकटवर्ती हंदवाड़ा जिले में विभिन्न स्रोतों से बात की।

अख्तर (38) के खिलाफ दो मामले दर्ज हैं, जिनमें से एक 2021 में उत्तरी कश्मीर के हंदवाड़ा में प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा आतंकवादी समूह के पोस्टर चिपकाने से संबंधित है। अधिकारियों ने कहा कि सुरक्षा बलों की कार्वाई का सामना कर रहे आतंकी समूह अब हथगोले फेंकने, कूरियर के तौर पर काम करने जैसे अपने नापाक मंसूबों को अंजाम देने के लिए सक्रिय महिला कार्यकर्ताओं को शामिल कर रहे हैं। हनाफिया स्कूल से 10वीं की पढ़ाई करने वाली अख्तर को 2021 में जम्मू कश्मीर पुलिस ने गिरफ्तार किया था। वह पिछले साल दिसंबर से जमानत पर थी।

कई जगहों पर छापेमारे की गई है और सोपोर पुलिस उसे पकड़ने के लिए सक्रियता से काम कर रही है। पुलिस महानिरीक्षक (कश्मीर रेंज) विजय कुमार ने पीटीआई-भाषा को बताया कि वह लश्कर-ए-तैयबा की सक्रिय कार्यकर्ता के तौर पर काम कर रही थी। उन्होंने कहा, हम कुछ समय से आतंकवादी समूह द्वारा महिलाओं को काम देते हुए देख रहे हैं। पिछले साल, दो बुर्का पहने महिलाओं ने नौगाम में श्रीनगर शहर के बाहरी इलाके में एक भाजपा कार्यकर्ता के आवासीय सुरक्षाकर्मी पर हमले में आतंकवादियों की सहायता की थी जिसमें हमने एक पुलिसकर्मी को खो दिया था। पुलिस महानिरीक्षक ने कहा, ऐसी कुछ और महिलाएं पुलिस की नजर में हैं और हम इससे पेशेवर तरीके से निपट रहे हैं।

रूसी हमले के खिलाफ सुरक्षा अहम मोड़ पर है : राष्ट्रपति

एपी। कीव

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रूस के आक्रमण के खिलाफ अपने देश की सुरक्षा को अहम मोड़ पर बताते हुए एक बार फिर अमेरिका से अधिक मदद देने का अनुरोध किया। उनका यह बयान तब आया है कि जब रूस की सेना अपने अभियान को कम करने के वादे से पीछे हटती दिखाई दे रही है।

रूसी सेना ने कीव और उत्तरी शहर चेर्निहीव के आसपास के इलाकों में बमबारी की तथा बुधवार को देश के अन्य हिस्सों में हमले तेज कर दिए, जिससे युद्ध खत्म करने की ओर किसी भी प्रगति को लेकर संदेह पैदा हो गया है। यूक्रेन के प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख डेविड अराखमिया ने बताया कि यूक्रेन और रूस के बीच वार्ता डिजिटल माध्यम से शुक्रवार को बहाल होने की उम्मीद है। इस बीच, यूक्रेन की संसद के सदस्यों के एक प्रतिनिधिमंडल ने सहायता बढ़ाने के लिए अमेरिका पर जोर देने के वास्ते वाशिंगटन की यात्रा की। उन्होंने कहा कि उनके देश को और सैन्य उपकरण, और वित्तीय सहायता तथा रूस के खिलाफ कड़े प्रतिबंधों की आवश्यकता है। यूक्रेन की संसद की सदस्य एनेस्तासिया रेडिना ने यूक्रेन के दूतावास में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमें रूसी सैनिकों को अपनी सरजमीं से खदेड़ने की आवश्यकता है और उसके लिए हमें हथियारों की जरूरत है। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के समक्ष सीधे यह मांग रखी। उन्होंने देश को रात को वीडियो संबोधन में कहा, अगर हम वास्तव में आजादी और लोकतंत्र की रक्षा के लिए लड़ रहे हैं तो हमारे पास इस मुश्किल, अहम मोड़ पर मदद मांगने का अधिकार है। टैंक, विमान, तोपों की आवश्यकता है। उन्होंने कीव में बेहद कम रोशनी में राष्ट्रपति कार्यालय के बाहर खड़े होकर देश को संबोधित किया। उन्होंने बुधवार को घोषित अतिरिक्त 50 करोड़ डॉलर की सहायता के लिए अमेरिका का आभार व्यक्त किया।

रूस को रोकने के लिए और मदद की आवश्यकता हैः जेलेंस्की

कीव (एपी)। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने 50 करोड़ डॉलर की अतिरिक्त मदद देने का संकल्प जताने के लिए व्हाइट हाउस का आभार व्यक्त किया लेकिन साथ ही कहा कि वह रूसी आक्रमण को रोकने के लिए यूक्रेन को अधिक सहायता दिए जाने के बारे में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन से बात करने के लिए तैयार हैं। जेलेंस्की ने बुधवार रात को देश को दिए गए एक वीडियो संबोधन में कहा, अगर हम आजादी और लोकतंत्र की रक्षा के लिए वास्तव में मिलकर लड़ रहे हैं तो हमारे पास इस मुश्किल अहम मोड़ पर मदद मांगने का अधिकार है। टैंक, विमान, तोप प्रणालियां। जेलेंस्की ने कहा कि रूस से बातचीत चल रही है लेकिन अभी तक के लिए वे बिना कुछ स्पष्ट किए केवल बातें किए जा रहे हैं।

यूक्रेन-रूस के बीच समझौते के लिए वार्ता वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए आज फिर होगी शुरू

इस्तांबुल (एपी)। यूक्रेन और रूस के बीच संभावित शांति समझौते के लिए वार्ता वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए शुक्रवार को फिर से शुरू होगी। यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख ने यह जानकारी दी। यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल के सदस्य एवं संसद में सत्तारूढ़ पार्टी का नेतृत्व करने वाले डेविड अरखामिया ने बताया कि प्रतिनिधिमंडलों ने दो सप्ताह तक वीडियो के जरिए वार्ता करने के बाद मंगलवार को इस्तांबुल में प्रत्यक्ष रूप से आमने-सामने मुलाकात की थी। अभी तक हुई बातचीत में एक संभावित शांति समझौते की धुंधली रूपरेखा उभरती दिखी है। इसमें, यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) में शामिल होने के विचार को त्यागने जैसी रूस की कई मांगों को मानने को लेकर सहमति जताई है।

यूक्रेन के मारियापोल में रुसी हमले के बाद मलबे से बस्तुओं को निकालने का प्रयास करता एक स्थानीय निवासी

रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होते ही यूरोप में किया गया था साइबर हमला

मॉस्को (एपी)। यूरोप में हजारों मॉडेम को प्रभावित करने वाले और यूक्रेन की सेना तथा सरकार द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले उपग्रह नेटवर्क पर साइबर हमले के लिए सॉफ्टवेयर कमांड का इस्तेमाल देश पर रूस के आक्रमण करते ही किया गया था। उपग्रह (सेटेलाइट) के स्वामित्व वाली कंपनी ने बुधवार को यह खुलासा किया। मॉडेम एक प्रकार का हार्डवेयर उपकरण है, जिसका इस्तेमाल कंप्यूटर को केबल या टेलीफोन के माध्यम से डेटा भेजने के लिए किया जाता है। अमेरिका स्थित वायासेट के मालिक ने साइबर हमले के संबंध में पहली बार जानकारी देते हुए एक बयान जारी किया और बताया कि रूस और यूक्रेन युद्ध के सबसे गंभीर ज्ञात साइबर हमले के बारे में कैसे पता चला। इस व्यापक हमले ने पोलैंड से लेकर फ्रांस तक के उपयोगकर्ताओं को प्रभावित किया। मध्य यूरोप में हजारों विंड टर्बाइन तक पहुंच बाधित होने से हमले की जानकारी मिली।

दो अरब लोग आज संघर्षरत क्षेत्रों में रह रहे हैं : संरा प्रमुख

एपी। संयुक्त राष्ट्र

संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने बुधवार को कहा कि दो अरब लोग आज संघर्षरत इलाकों में रह रहे हैं और दुनिया 1945 में द्वितीय विश्व युद्ध खत्म होने के बाद से सबसे अधिक हिंसक संघर्षों का सामना कर रही है।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने यमन, सीरिया, म्यांमा और सूडान से लेकर हैती तक संघर्षों का हवाला दिया तथा कहा, और अब यूक्रेन में युद्ध सीमाओं से बाहर फैल रहा है और इससे अनाज, ईंधन और उर्वरकों के दाम आसमान छू रहे हैं जिससे विकासशील देशों में आपदा आ गई है। उन्होंने बुधवार को संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षा आयोग से कहा कि पिछले साल आठ करोड़ 40 लाख लोगों को संघर्ष, हिंसा और मानवाधिकार उल्लंघनों के कारण अपने घरों से विस्थापित होना पड़ा और इसमें यूक्रेन युद्ध शामिल नहीं है, जिसके कारण पहले ही 40 लाख लोग देश छोड़कर चले गए हैं और 65 लाख लोग देश में ही विस्थापित हुए हैं। गुतारेस ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र का अनुमान है कि इस साल कम से कम 27.4 करोड़ लोगों को मानवीय सहायता की जरूरत होगी। उन्होंने कहा कि यह 2021 से 17 प्रतिशत अधिक है और इसके लिए 41 अरब डॉलर की आवश्यकता होगी। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने जनवरी में आयोग को एक रिपोर्ट में दो अरब लोगों के संघर्षरत देशों में रहने का हवाला भी दिया। उन्होंने दुनियाभर में बढ़ते सैन्य तख्तापलट और सुरक्षाबलों द्वारा सत्ता पर कब्जा करने, बढ़ते परमाणु हथियार, मानवाधिकार और अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन और संघर्षों से अपराधियों तथा आतंकवादी समूहों को हो रहे फायदे का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि संघर्षों का बहुत कम राजनीतिक समाधान देखा गया, जिसमें कोलंबिया उल्लेखनीय अपवाद है।

आईएईए प्रमुख ने यूक्रेन के परमाणु संयत्र का किया दौरा

विएना (एपी)। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के प्रमुख ने बुधवार को दक्षिण यूक्रेन के एक परमाणु संयंत्र का दौरा किया। इस दौरे का मकसद यूक्रेनी अधिकारियों से मुलाकात करना और तकनीकी सहयोग मुहैया कराना है। आईएईए के प्रमुख राफेल मारियानो ग्रोसी ने कहा कि आईएईए रूस के साथ राजनयिक वार्ता में शामिल नहीं है। ग्रोसी ने कहा, स्थिति शीघ्र पूर्ववत हो और प्रतिष्ठान फिर से यूक्रेनियों के हाथों में आएं, हम इसके लिए सक्रियता से प्रयास कर रहे हैं। यूक्रेन में चार परमाणु संयंत्रों में 15 परमाणु रिएक्टर हैं, जिसमें से एक संयंत्र (जापोरिझिया) रूसी सेना के नियंत्रण में हैं। इस पूर्वी यूरोपीय देश में चेरनोबिल परमाणु संयंत्र भी है जहां 1986 में भीषण परमाणु दुर्घटना हुई थी। यूक्रेन पर हमले के बाद रूस की सेना ने इस संयंत्र पर कब्जा कर लिया। मंगलवार तक यहां आठ रिएक्टर काम कर रहे थे और शेष को रखरखाव के लिए बंद कर दिया गया है।

रूसी राष्ट्रपति का यूक्रेन पर आक्रमण एक रणनीतिक भूलः व्हाइट हाउस

भाषा। वाशिंगटन

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव केट बेडिंगफील्ड ने कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का यूक्रेन पर आक्रमण एक रणनीतिक भूल है, जिसने रूस को वैश्विक मंच पर अलग-थलग कर दिया है। बेडिंगफील्ड ने कहा कि अमेरिका को जानकारी मिली है कि रूसी राष्ट्रपति अपनी सेना द्वारा गुमराह किया हुआ महसूस कर रहे हैं, जिससे पुतिन और उनके सैन्य नेतृत्व के बीच लगातार तनाव बना हुआ है।

बेडिंगफील्ड ने एक दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमारा मानना है कि पुतिन को उनके सलाहकारों द्वारा इस संबंध में गलत सूचना दी जा रही है कि रूसी सेना कितना खराब प्रदर्शन कर रही है और रूसी अर्थव्यवस्था को प्रतिबंधों से कैसे पंगु बनाया जा रहा है, क्योंकि उनके वरिष्ठ सलाहकार उन्हें सच बताने से बहुत डरते हैं। उन्होंने कहा, इसलिए, यह स्पष्ट होता जा रहा है कि पुतिन का युद्ध एक रणनीतिक भूल है, जिसने रूस को लंबे समय के लिए कमजोर बना दिया है और विश्व मंच पर वह अलग-थलग पड़ गया है। बेडिंगफील्ड ने कहा कि आक्रमण की शुरुआत में रूस कीव की ओर आक्रामकता से बढ़ रहा था, लेकिन अब वह सार्वजनिक रूप से अपने आक्रमण के लक्ष्यों को फिर से परिभाषित करने की कोशिश कर रहा है, जो पहले से अलग है। पुतिन को उनकी सेना द्वारा गलत जानकारी देने की अमेरिकी खुफिया एजेंसी की रिपोर्ट को सार्वजनिक करने के सवाल पर उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि जानकारी सार्वजनिक करने से यह स्पष्ट होता है कि उनका यह कदम एक रणनीतिक भूल है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी दोहराया कि राष्ट्रपति जो बाइडन रूस में शासन परिवर्तन की नीति की वकालत नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा, कुछ दिन पहले उन्होंने जो कहा था वह स्वाभाविक आक्रोश से भरा बयान था, हमारे पास शासन परिवर्तन की औपचारिक नीति नहीं है। हम केवल रूस पर व्यापक प्रतिबंध लगाने पर जोर दे रहे हैं। उन्होंने कहा, हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि रूस अपनी गलती का परिणाम भुगते। पुतिन ने खुद भी कहा है कि प्रतिबंधों का प्रभाव काफी अधिक होगा। इसलिए, हम यूक्रेन को सुरक्षा सहायता प्रदान करने और रूस पर महत्वपूर्ण प्रतिबंध लगाने की अपनी रणनीति पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। गौरतलब है कि बाइडन ने पिछले सप्ताह एक भाषण में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बारे में कहा था कि यह शख्स सत्ता में नहीं रह सकता। इसके बाद, व्हाइट हाउस और अन्य अमेरिकी अधिकारियों ने स्पष्ट किया था कि बाइडन असल में पुतिन को बेदखल करने के बारे में बात नहीं कर रहे थे।

नेपाल के मंत्री ने देश को हिंदू राष्ट्र घोषित करने की मांग का समर्थन किया

काठमांडू (भाषा)। नेपाल सरकार के एक वरिष्ठ मंत्री ने नेपाल को हिंदू राष्ट्र घोषित करने की मांग का समर्थन करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि अगर अधिकतर आबादी इसके पक्ष में है तो इसे जनमत संग्रह के माध्यम से किया जा सकता है। पर्यटन और संस्कृति मंत्री प्रेम अले ने काठमांडू में वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन की दो दिवसीय कार्यकारिणी परिषद की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि नेपाल को हिंदू राष्ट्र घोषित करने की मांग पर विचार किया जा सकता है और अगर ऐसी मांग आती है तो वह एक रचनात्मक भूमिका निभाएंगे। मंत्री अले यहां कार्यक्रम के दौरान वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन द्वारा उठाई गई मांग का जवाब दे रहे थे। कार्यकारिणी परिषद की बैठक में नेपाल, भारत, बांग्लादेश, श्रीलंका, मलेशिया, अमेरिका, जर्मनी और ब्रिटेन सहित 12 देशों के 150 से अधिक प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा, चूंकि पांच दलों के गठबंधन वाली मौजूदा सरकार को संसद में दो तिहाई बहुमत प्राप्त है, नेपाल को हिंदू राष्ट्र घोषित करने की मांग को जनमत संग्रह में रखा जा सकता है। अले ने सवाल किया, हमारे संविधान ने देश को एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र घोषित किया है लेकिन अगर बहुसंख्यक आबादी हिंदू राष्ट्र के पक्ष में है तो जनमत संग्रह के माध्यम से नेपाल को हिंदू राष्ट्र घोषित क्यों नहीं किया गया।

मुनाफावसूली से सेंसेक्स 115.48 अंक टूटा

● 2021-22 में दिया 18 प्रतिशत से ज्यादा का रिटर्न

भाषा। मुंबई

घरेलू शेयर बाजार वित्त वर्ष 2021-22 के अंतिम दिन बृहस्पतिवार को शुरुआती बढ़त को गंवाते हुए अंत में नुकसान के साथ बंद हुए। तीन दिन की तेजी के बाद रिलायंस इंडस्ट्रीज, इन्फोसिस और एचडीएफसी बैंक में मुनाफावसूली से बाजार नीचे आया। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स वायदा एवं विकल्प खंड में मासिक सौदों के निपटान के अंतिम दिन उतार-चढ़ाव के बीच 115.48 अंक यानी 0.20 प्रतिशत की गिरावट के साथ 58,568.51 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 58,890.92 अंक तक गया और नीचे में 58,485.79 अंक तक आया।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 33.50 अंक यानी 0.19 प्रतिशत की गिरावट के साथ 17,464.75 अंक पर बंद हुआ। पूरे वित्त वर्ष 2021-22 में बीएसई सेंसेक्स 9,059.36 अंक यानी 18.29 प्रतिशत, जबकि एनएसई निफ्टी 2,774.05 अंक यानी 18.88 प्रतिशत मजबूत हुआ। एलकेपी सिक्योरिटीज के शोध प्रमुख एस रंगनाथन ने कहा, हालांकि, वित्त वर्ष 2021-22 के अंतिम दिन बाजार नरम रहा लेकिन इस साल निफ्टी ने करीब 19 प्रतिशत का लाभ दिया है। वहीं दो खंडवार सूचकांक...धातु और मीडिया ने 50 प्रतिशत से ज्यादा रिटर्न दिया। उन्होंने कहा, मिडकैप- 100 और स्मॉलकैप- 100 ने इस साल 25 प्रतिशत रिटर्न दिया। यह लाभ तब मिला है जब एफपीआई (विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक) ने बाजार से काफी बिकवाली की। यह विभिन्न चुनौतियों के बीच घरेलू निवेशकों के भरोसे को बताता है। सेंसेक्स के तीस शेयरों में रिलायंस इंडस्ट्रीज लि. 1.46 प्रतिशत नीचे आया। इसके अलावा विप्रो (1.44 प्रतिशत), डॉ. रेड्डीज (1.04 प्रतिशत) भी नुकसान में रहे। एचडीएफसी बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट और इन्फोसिस में भी गिरावट रही।



दूसरी तरफ हिंदुस्तान यूनिलीवर लि. सबसे अधिक 1.66 प्रतिशत चढ़ा। इसके अलावा महिंद्रा एंड महिंद्रा (1.59 प्रतिशत), इंडसइंड बैंक (0.93 प्रतिशत), भारती एयरटेल (0.80 प्रतिशत), आईटीसी (0.66 प्रतिशत) और टाइटन 0.5 प्रतिशत लाभ में रहे। सिटीबैंक के अधिग्रहण की घोषणा करने वाले एक्सिस बैंक का शेयर 1.39 प्रतिशत मजबूत हुआ। कोटक सिक्योरिटीज लि. के इक्विटी शोध (खुदरा) प्रमुख श्रीकांत चौहान ने कहा, वैश्विक बाजारों में गिरावट के रुख का असर निवेशकों पर पड़ा। कच्चे तेल के दाम में नरमी और रूस-यूक्रेन संकट खत्म होने की उम्मीद में वैश्विक बाजारों में हाल की तेजी के बाद गिरावट रही। निवेशकों ने वायदा एवं विकल्प खंड में मासिक सौदों के निपटान के अंतिम दिन सतर्क रुख अपनाया। एशिया के अन्य बाजारों में चीन का शंघाई कंपोजिट, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में, जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी लाभ में रहा।

यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में ज्यादातर में गिरावट का रुख रहा। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 5.09 प्रतिशत लुढ़ककर 107.68 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। अमेरिका के अपने रणनीतिक भंडार से 18 करोड़ बैरल तेल जारी करने की रिपोर्ट के बाद कच्चे तेल के दाम नीचे आए। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बुधवार को शुद्ध रूप से।,357.47 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर खरीदे।

लघु बचत योजनाओं पर पहली तिमाही के लिए ब्याज दरों में बदलाव नहीं

● पीपीएफ पर मिलेगा 7.1 प्रतिशत ब्याज

भाषा। नई दिल्ली

सरकार ने बृहस्पतिवार को सार्वजनिक भविष्य निधि (पीपीएफ) और राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र (एनएससी) जैसी लघु बचत योजनाओं पर वित्त वर्ष 2022-23 की पहली तिमाही के लिए ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया। इन योजनाओं पर 2020-21 की पहली तिमाही से ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

पीपीएफ, एनएससी पर सालाना ब्याज दर पहली तिमाही में क्रमशः 7.1 प्रतिशत और 6.8 प्रतिशत बनी रहेगी। वित्त मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा, विभिन्न लघु बचत योजनाओं के लिए 2022-23 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। यानी इन योजनाओं पर वही ब्याज मिलेगा जो, चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च, 2021) में था। लघु बचत योजनाओं के लिए ब्याज दरों को तिमाही आधार पर अधिसूचित किया जाता है। एक साल की मियादी जमा पर ब्याज दर एक अप्रैल, 2022 से शुरू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 5.5 प्रतिशत होगी। वहीं बालिकाओं के लिए बचत योजना सुकन्या समृद्धि योजना पर 7.6 प्रतिशत ब्याज प्रतिशत मिलेगा। अधिसूचना के अनुसार, पांच साल की वरिष्ठ नागरिक बचत योजना पर र 7.4 प्रतिशत की ब्याज दर मिलती रहेगी। बचत खाते पर ब्याज पहले की तरह चार प्रतिशत होगा। एक साल से पांच साल की अवधि के लिए मियादी जमा पर ब्याज 5.5 प्रतिशत से 6.7 प्रतिशत होगा। जबकि पांच साल की आवर्ती जमा (आरडी) पर 5.8 प्रतिशत ब्याज मिलेगा।

सार्वजनिक सूचना

आम जनता को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि श्री हितेश चोपड़ा पुत्र श्री परदुमन कृष्ण चोपड़ा ने गांव नंगली जलाब, जिसे नई महावीर नगर, नई दिल्ली के नाम से जाना जाता है, में स्थित मकान संख्या ओ-12-ए का भूतल, खसरा नंबर 61 में से, एरिया परिमाप 50 वर्ग गज, पंजीकृत त्याग विलेख दिनांक 23.09.2021 के माध्यम से मालिक हैं सभी व्यक्तियों को एतदद्वारा सूचित किया जाता हैं कि श्री योगेन्द्र शुक्ला और श्री अदालत प्रसाद शुक्ला इस संपत्ति को श्री हितेश चोपड़ा पुत्र श्री परदुमन कृष्ण चोपड़ा से एक पंजीकृत बिक्री विलेख के माध्यम से खरीद रहे हैं। और उसी के लिए, ऋण लेने के लिए फुलर्टन इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड से सम्पर्क किया है यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में कोई प्रभार/हित/अधिकार है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी के नीचे दिए गए पते पर लिखित रुप में वर्तमान से 07 दिनों के भीतर सूचित करें।

श्रीमती प्रसून लता, अधिवक्ता,
एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)
यूनिट नंबर 7, बेसमेंट, प्लॉट नंबर सी 78,
सेक्टर 2, नोएडा, यूपी 201301
ईमेल: sgassociatespl@gmail.com
फोन : 7011172764, 8130200837

PUBLIC NOTICE

My client, Home Plus Finance Pvt. Ltd., D-28/ 29, Najafgarh Road, Uttam Nagar, New Delhi is in the process of advancing a loan to Mrs. Rita Devi & Mr. Sukhnath Ray, against mortgage of Property No. J-22, (25 sq. yds.), part of Khasra No. 142 & 143, Village Gonda Gujran Khadar, Block-J, Gali No. 2, Kartar Nagar, Shahdara, Delhi. Mrs. Rita Devi has represented that she is the sole owner in possession of the said property on the basis of General Power of Attorney, Agreement to Sell & Will dated 03.02.2021 having purchased the same from Mr. Ashok Tripathi and she is executing the Sale Deed of same property in favor of her husband Mr. Sukhnath Ray. If anybody, person, body corporate has any right, lien or claim whatsoever on the said Property or objection to its mortgage, then he/she/it may contact the undersigned with documentary proof of claim within 15 days of publication of this notice, otherwise it shall be deemed that either there are no claims or the same have been waived off. No claim shall be entertained thereafter and my client shall proceed to advance the loan by mortgaging the said property.

Vishal Chopra, Advocate
NARANG & Associates
D-28, Jangpura Extension,
New Delhi-110014.

पूंजीगत प्रवाह के जोखिमों को कम करने के लिए भारत ने सुरक्षा उपाय कर रखे हैंः आईएमएफ

भाषा। वाशिंगटन

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने कहा कि कोविड-19 संकट के बावजूद भारत को बीते कुछ वर्षों में रिकॉर्ड प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्राप्त हुआ है और पूंजीगत प्रवाह के जोखिम को कम करने के लिए भारत में कुछ सुरक्षा उपाय हैं। आईएमएफ की पहली उप प्रबंध निदेशक गीता गोपीनाथ ने यहां संवाददाताओं से कहा, पूंजीगत प्रवाह के अनेक लाभ होते हैं। वे आवश्यक निवेशों के लिए वित्तपोषण उपलब्ध करवाते हैं और कुछ प्रकार के जोखिमों के खिलाफ सुरक्षा देने में मदद करते हैं। भारत में पूंजी प्रवाह होने से देशों को कई लाभ होते हैं और उन पूंजी प्रवाहों को प्राप्त करने से भी लाभ होता है।

आईएमएफ ने पूंजी प्रवाह के उदारीकरण और प्रबंधन पर संस्थागत दृष्टिकोण (आईवी) की समीक्षा पर एक दस्तावेज जारी किया। आईवी को 2012 में अपनाया गया था और यह पूंजी प्रवाह से संबंधित नीतियों पर कोष परामर्श के लिए लगातार आधार प्रदान करता है। गोपीनाथ ने एक सवाल के जवाब में कहा कि बड़ी मात्रा में पूंजी प्रवाह होने से अन्य प्रकार के वित्तीय जोखिम जुड़े होते हैं। उन्होंने कहा, जहां तक भारत की बात है तो वहां बड़ी संख्या में पूंजी प्रतिबंध पहले से लागू हैं। बाहरी माहौल के बदलावों से निपटने के लिए भारत की सरकार इन प्रतिबंधों का इस्तेमाल काफी सक्रियता के साथ करती है। उन्होंने कहा, पूंजी प्रवाह के लिहाज से भारतीय अर्थव्यवस्था में कई सुरक्षा व्यवस्थाएं हैं। लेकिन यह अभी भी अपने पूंजी खातों को उदार बनाने की प्रक्रिया में है। जैसे-जैसे उसका वित्तीय बाजार गहरा होगा, वित्तीय संस्थान गहरे होंगे, यह पूंजी प्रवाह के अधिक रूपों की अनुमति देने की ओर बढ़ सकता है।

भारतीय-अमेरिकी गोपीनाथ ने कहा कि पूंजी प्रवाह होने चाहिए क्योंकि ए प्राप्तकर्ता देशों के लिए विशेष तौर पर लाभदायक होते हैं हालांकि ए वृहद-आर्थिक चुनौतियों और वित्तीय स्थिरता के जोखिम भी पैदा कर सकते हैं।

इक्रा का अनुमान, 2022-23 में 8-10 प्रतिशत बढ़ेगा वाहन कलपुर्जो उद्योग

नई दिल्ली। घरेलू रेटिंग एजेंसी इक्रा ने कहा है वित्त वर्ष 2022-23 में भारत के वाहन कलपुर्जा उद्योग के 8 से 10 फीसदी की दर से वृद्धि करने की उम्मीद है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि साल की दूसरी छमाही में आपूर्ति-पक्ष के मुद्दे हल होने तथा जिंसों के दाम नीचे आने से यह उद्योग अच्छी वृद्धि दर्ज कर सकेगा। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि घरेलू मूल उपकरण विनिर्माताओं (ओईएम), कलपुर्जों को बदलने की मांग तथा निर्यात और जिंसों की कीमतों में बदलाव से 2021-22 में उद्योग की राजस्व वृद्धि 13-15 प्रतिशत रहेगी। इक्रा की सहायक उपाध्यक्ष और क्षेत्र प्रमुख (कॉरपोरेट रेटिंग्स) विनुता एस ने कहा, घरेलू मूल उपकरण विनिर्माताओं, पुराने कलपुर्जों को बदलने तथा निर्यात से वाहन कलपुर्जों की मांग रहेगी। 2021-22 में विभिन्न वर्गों में घरेलू ओईएम की मांग मिली-जुली रही। दोपहिया वाहनों की मांग में नरमी रही और सेमीकंडक्टर की कमी की वजह से कुल उत्पादन में कमी आई। उन्होंने कहा कि भारतीय वाहन कलपुर्जा उद्योग में निर्यात में वृद्धि बनी हुई है। उन्होंने कहा, इक्रा का मानना है कि सेमीकंडक्टर की कमी का संकट नहीं होता तो 2021-22 में निर्यात में वृद्धि और बेहतर हो सकती थी।

कोयले की तंग आपूर्ति, आयात पर निर्भरता बढ़ने से बिजली दरों पर पड़ेगा असरः इक्रा

भाषा। नई दिल्ली

ऊर्जा संयंत्रों को कोयले की तंग आपूर्ति और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऊंची कीमतों के बीच इस शुष्क ईंधन के आयात पर निर्भरता बढ़ने का असर बिजली की दरों पर पड़ सकता है। घरेलू रेटिंग एजेंसी इक्रा की एक रिपोर्ट में यह कहा गया। इक्रा में वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं सह-समूह प्रमुख (कॉरपोरेट रेटिंग्स) गिरीशकुमार कदम ने कहा, बीते छह महीने से घरेलू स्तर पर कोयला आपूर्ति की स्थिति तंग बनी हुई है, ऐसे में निकट भविष्य में ऊर्जा क्षेत्र की कोयला आयात पर निर्भरता भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा, इसका प्रतिकूल असर यह होगा कि बढ़ी हुई लागत का भार स्वतंत्र ऊर्जा उत्पादक (आईपीपी) और वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) पर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि ऊर्जा क्षेत्र में तापविद्युत उत्पादन और वितरण क्षेत्रों का परिदृश्य लगातार नकारात्मक बना हुआ है।

बिजली मंत्रालय ने 26 मार्च 2022 को कहा था कि कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) और सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) से प्राप्त घरेलू कोयले की उपलब्धता के आधार पर ऊर्जा क्षेत्र को घरेलू कोयले की आपूर्ति समानुपातिक स्तर पर की जाएगी। इक्रा ने कहा कि ऊर्जा क्षेत्र के लिए कोयले की कुल आवश्यकता में कोयला आयात की हिस्सेदारी अप्रैल-फरवरी 2021-22 में घटकर करीब चार फीसदी रह गई जो 2020-21 में आठ फीसदी थी। बीते 12 महीने में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोयले की कीमतों का स्तर 140 फीसदी से अधिक बढ़ गया। रिपोर्ट में कहा गया कि बीते 12 महीने में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोयले की कीमतों में तेज वृद्धि होने से आयातीत कोयले पर निर्भर ऊर्जा परियोजनाओं में बिजली उत्पादन की परिवर्तनीय लागत मार्च 2021 से मार्च 2022 के बीच लगभग तीन रूपए प्रति यूनिट से अधिक बढ़ गई। इक्रा में उपाध्यक्ष और क्षेत्र प्रमुख (कॉरपोरेट रेटिंग्स) विक्रम वी ने कहा, भारत भर में डिस्कॉम के लिए ऊर्जा आपूर्ति की लागत अनुमानित 18 पैसा प्रति यूनिट बढ़ेगी जिसका खुदरा दरों पर प्रभाव 2.6 फीसदी होगा। यह अनुमान कोयला आपूर्ति में आयात की हिस्सेदारी आठ फीसदी के परिदृश्य को ध्यान में रखकर लगाया गया है।

अशोक बिल्डकॉन को एनएचएआई की राजमार्ग परियोजना के लिए आशय-पत्र मिलाः
नई दिल्ली। अवसंरचना क्षेत्र की कंपनी अशोक बिल्डकॉन ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसे भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) से राष्ट्रीय राजमार्ग 150 सी के एक हिस्से के हाइब्रिड वार्षिकी मॉडल (एचएएम) के तहत विकास के लिए आशय-पत्र मिला है।

सार्वजनिक सूचना

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र के अन्तर्गत M/s Rajhans Infratech Pvt.Ltd. के भूखण्ड संख्या-GH-06B सेक्टर-01 ग्रेटर नोएडा पर दिनांक 29.08.2018 को पुनरीक्षित मानचित्र स्वीकृति प्रदान की गयी थी। तदोपरान्त बिल्डर द्वारा पुन पुनरीक्षित मानचित्र स्वीकृति (Revised Sanction) हेतु दिनांक 29.11.2021 को ऑन-लाईन के माध्यम से आवेदन किया गया है, जिसका आवेदन संख्या - SCR-12312 है। जिसमें पूर्व स्वीकृत भवन मानचित्र के डिजाईन व अन्य कतिपय संशोधन किया जा रहा है। अतः प्रत्येक आवटियो द्वारा अपनी consent दी गई है या नहीं के सम्बन्ध में अपार्टमेन्ट ओनर अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं। इस सम्बन्ध में बिल्डर द्वारा प्रस्तुत संशोधित declarations एवं मानचित्र का परीक्षण किसी भी कार्यदिवस में सुबह 9:30 से सांय 6.00 बजे के मध्य नियोजन विभाग के displayed में नक्शे में किया जा सकता है। मानचित्रो मे उ०प्र० अपार्टमेंट एक्ट-2010 के प्राविधानों के अन्तर्गत उक्त प्रस्तावित संशोधन की घोषणा के सम्बन्ध में अपार्टमेन्ट स्वामियों / संघ को नोटिस जारी करने के 30 दिन के अन्दर आपत्तियां आमंत्रित की जाती है।

अत: उपरोक्त के निहतार्थ अपनी आपत्तियां लिखित रुप से अपने आवंटन पत्र, नाम, पता एवं दूरभाष नम्बर के साथ कार्यालय समय व कार्यदिवस में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के मुख्य प्रशासनिक कार्यालय, भूखण्ड संख्या- 1 नॉलेज पार्क- 04, ग्रेटर नोएडा में स्थित वरिष्ठ प्रबन्धक (वास्तु0) विभाग में निर्धारित अवधि अर्थात सूचना प्रकाशित होने के 30 दिवसों में प्राप्त करायी जा सकती है।

महाप्रबन्धक (नियो0/वास्तु0)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

अब यूपी को चाहिए सबसे ज्यादा बिजली

केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के अनुमान से बढ़ सकती है प्रदेश सरकार की चुनौती

लखनऊ। निजीकरण के खिलाफ बिजली कर्मचारियों की लामबंदी के बीच केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण ने नए वित्तीय वर्ष में उत्तर प्रदेश में अब तक के सर्वाधिक ।,59,000 मिलियन (एम मिलियन बराबर 10 लाख) यूनिट से ज्यादा बिजली की आवश्यकता का अभूतपूर्व आकलन पेश किया है। इसके अनुरूप आपूर्ति के लिए राज्य सरकार को अनेक मोर्चों पर बहुत कुशल प्रबंधन करना होगा।

केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण ने वर्ष 2022–23 के लिए देश के विभिन्न राज्यों में बिजली की आवश्यकता का आकलन किया है। उसके मुताबिक उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र के बाद दूसरा ऐसा राज्य होगा जहां बिजली की सबसे ज्यादा जरूरत होगी। आकलन के अनुसार महाराष्ट्र में जहां नए वित्त वर्ष में 2,00,288 मिलियन यूनिट बिजली की जरूरत होगी, वहीं, उत्तर प्रदेश में ।,59,412 मिलियन यूनिट बिजली की आवश्यकता पड़ेगी। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश

कुमार वर्मा ने बृहस्पतिवार को बताया कि उत्तर प्रदेश के लिए यह अब तक का सबसे बड़ा आकलन है। वर्तमान में राज्य में एक साल में लगभग ।,15,000 से लेकर ।,20,000 मिलियन यूनिट तक बिजली की जरूरत पड़ती है। ऐसे में केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा वित्त वर्ष 2022–23 में उत्तर प्रदेश में ।,59,412 मिलियन यूनिट बिजली की आवश्यकता का आकलन चौंकाने वाला है। हालांकि, इसे अप्रत्याशित नहीं कहा जा सकता, क्योंकि बढ़ती गर्मी में अप्रैल–मई के बजाय मार्च से ही प्रदेश में बड़े पैमाने पर एयर कंडीशनर चलाए जाने से बिजली की खपत बहुत तेजी से बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि इस अभूतपूर्व खपत को पूरा करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार को कई मोर्चों पर बहुत कुशल प्रबंधन करना होगा। खासतौर पर तब, जब निजीकरण के खिलाफ बिजली कर्मचारी आर–पार की लड़ाई लड़ने का मन बना रहे हैं। उल्लेखनीय है कि बिजली कर्मचारियों ने सरकार की निजीकरण की नीतियों के खिलाफ पिछले 28 और 29 मार्च को देशव्यापी हड़ताल की थी और उनके इस संघर्ष के अभी और तेज होने के आसार हैं। वर्मा ने बताया कि सरकार को इस अनुमानित मांग की पूर्ति करने के लिए अपने सभी बिजली खरीद समझौतों की तत्काल समीक्षा करनी होगी और जिनसे बिजली नहीं खरीदी जा रही है, उन्हें भी इस खरीद के लिए तैयार रखा जाए। विद्युत संयंत्रों का बेहतर रखरखाव हो ताकि बीच में बिजली आपूर्ति बंद न करनी पड़े। उन्होंने कहा कि बिजली उत्पादन के लिए कोयले तथा पानी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित हो। इसके अलावा फीडर बैलेंसिंग करनी होगी और स्टोर में पर्याप्त सामान की उपलब्धता सुनिश्चित करनी होगी। उन्होंने कहा कि जो आकलन सामने आया है उसके मद्देनजर सभी बिजली कंपनियों के प्रबंधन और डिस्कॉम के अभियंता और अन्य अफसरों को अभी से कमर कस लेनी चाहिए और पूरी ईमानदारी से उपभोक्ताओं की सेवा में सुधार और अच्छी गुणवत्ता की विद्युत आपूर्ति के लिए युद्धस्तर पर तैयारी शुरू कर देनी चाहिए ताकि उपभोक्ताओं को भीषण गर्मी में कोई मुश्किल ना उठानी पड़े।

सड़क हादसे में सास के बाद बहू ने भी तोड़ा दम

फ्तेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के नउवाबाग धर्मकाटा के समीप ट्रक की चपेट में आ जाने से जहॉ 60 वर्षीय महिला की मौत हो गई थी। वही उसकी बहु गंभी रूप से घायल हो गई थी। जिसे उपचार के लिये कानपुर भेजा गया। जहॉ इलाज के दौरान भोर पहन उसने भी दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के दिलावलपुर गांव निवासी स्व0 फ्क्रीरे लाल की पत्नी शिवकली पुत्र ननका के साथ बहु को लिवाने मायके बसावनपुर थाना हुसैनगंज गई थी। बताते है कि वापस लौटते समय बाइक जैसे ही शहर क्षेत्र के नउवाबाग धर्मकाटा के समीप पहुंची तभी पीछे से तेज रफ्तार आ रहे ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे शिवकली की घटना स्थल पर मौत हो गई थी। जबकि बहु पूनम पत्नी शिवराज गंभीर रूप से घायल हो गई थी। जिसे उपचार के लिये जिला चिकित्सालय लाया गया। जहॉ चिकित्सक ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुये कानपुर मेडिकल कॉलेज के लिये रेफ्र कर दिया। वही परिजन घायल महिला को हैलेट न ले जाकर कानपुर में प्राईवेट में नर्सिग होम में भर्ती कराकर इलाज करा रहे थे। जहॉ जिन्दकी और मौत के बीच संघर्ष करते करते भोर पहर पूनम से भी दम तोड़ दिया। पुलिस ने दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

उच्च न्यायालय ने दी आरोपियों को जमानत

भारत के खिलाफ नारेबाजी करने का मामला

भाषा। प्रयागराज



इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने पाकिस्तान के पक्ष में कथित नारे लगाने के आरोपी इनायत अल्ताफ शेख और दो अन्य लोगों की जमानत की अर्जी बुधवार को मंजूर कर ली। उल्लेखनीय है कि भारत–पाकिस्तान क्रिकेट मैच के बाद भारत के खिलाफ और पाकिस्तान के पक्ष में कथित नारे लगाने के आरोप में इन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। आरोपियों पर सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डालने का भी आरोप है। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा, याचिकाकर्ताओं को इस मामले में झूठा फंसाया गया है। यह मामला वास्तव में विद्यार्थियों के बीच दुश्मनी का नतीजा है और याचिकाकर्ताओं ने भारत के खिलाफ और पाकिस्तान के पक्ष में नारे नहीं लगाए, ए जम्मू कश्मीर राज्य से हैं जोकि भारतीय मूल्यों का बहुत सम्मान करता है। उन्होंने कहा कि ए युवा विद्यार्थी हैं जिनका उज्ज्वल भविष्य है, मुकदमे की कार्यवाही बहुत धीमी गति से चल रही है और इसका निर्णय जल्द आने की संभावना नहीं है। वकील ने कहा कि मुकदमे में अनुचित देरी से याचिकाकर्ता अनिश्चितकाल के लिए जेल में रह सकते हैं। याचिकाकर्ताओं के वकील ने दलील दी कि इन याचिकाकर्ताओं का कोई आपराधिक इतिहास नहीं है। वे भागेंगे नहीं और जांच में सहयोग करेंगे। वे साक्ष्यों से छेड़छाड़ नहीं करेंगे और ना ही गवाहों को किसी तरह से प्रभावित करेंगे। याचिकाकर्ताओं के वकील और सरकारी वकील की दलीलें सुनने के बाद न्यायमूर्ति अजय भनोट ने कुछ शर्तों के साथ जमानत की अर्जी मंजूर कर दी। उल्लेखनीय है कि इस मामले में आगरा के जगदीशपुर पुलिस थाना में भारतीय दंड संहित की धारा 153–ए, 505 (1) (बी) 124ए के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

छात्रा को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में प्रधानाचार्य के बेटे के खिलाफ मामला दर्ज

मुजफ्फरनगर। शामली जिले के कैराना कस्बे में नौवीं कक्षा की छात्रा को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में एक स्कूल के प्रधानाध्यापक के बेटे के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि मृतक के परिवार द्वारा बुधवार को इस संबंध में शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद पुलिस ने अंकित कुमार के खिलाफ मामला दर्ज किया है। लड़की के परिवार ने शिकायत में आरोप लगाया है कि अंकित लड़की को प्रताड़ित करता था और 26 मार्च को छात्रा ने संदिग्ध परिस्थितियों में स्कूल की इमारत से छलांग लगा दी लेकिन स्कूल प्रबंधन ने इसकी सूचना पुलिस को नहीं दी। परिवार ने यह भी आरोप लगाया कि प्रबंधन ने उन पर अंतिम संस्कार करने का दबाव बनाया था। स्थानीय लोगों ने थाने पर विरोध प्रदर्शन किया था। पुलिस ने बताया कि अंकित के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है और घटनास्थल से एक सुसाइड नोट भी बरामद किया गया है।

बोर्ड परीक्षा केंद्रों पर कड़ी नजर

डीएम ने प्रश्नपत्रों के बंडल किए चेक

मीरजापुर। माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश के द्वारा संचालित इण्टरमीडिएट व हाईस्कूल के बोर्ड परीक्षाओ को नकलविहीन व शुचितापूर्ण ढंग से सम्न्न कराने के दृष्टिगत शासन के निर्देश के क्रम में आज जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार व उप पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक श्री अजय कुमार सिंह ने जिला विद्यालय निरीक्षक के साथ विभिन्न परीक्षा केन्द्रो पर पहुॅचकर परीक्षा केन्द्रो के डबल लाक में रखे गये प्रश्नपत्रो के सील बंडलो का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में सबसे पहले आर कन्या इण्टर कालेज में पहुॅचकर डबल लाक को खुलवाकर प्रश्नपत्र के बंडलो को चेक किया गया। तदुपरन्त निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा माता प्रसाद माता भीख इण्टर कालेज, स्व0 मान्यवर काशीराम राजकीय बालिका इण्टर कालेज मुसफ्फ्रगंज तथा राजस्थान इण्टर कालेज में पहुॅचकर डबल लाक को खुलवाकर इण्टरमीडिएट व हाईस्कूल के प्रश्नपत्र के बंडलो का विधिवत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्कूलो में प्रश्नपत्रो के बंडल सील व बन्द पाये गये। निरीक्षणोपरान्त जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा पुन: अपने सामने प्रश्नपत्र के बंडलो को डबल लाक के अलमारी में रखवाकर सील कराया गया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केन्द्र के कंट्रोल रूम में परीक्षा कक्षो में लगे सी0सी0टी0वी0 कैमरा के फुटेज को भी देखा गया। उन्होने कहा कि सभी कक्ष के सी0सी0टी0वी0 कैमरा पूर्णतया संचालित रहें। उन्होने यह भी कहा कि परीक्षा के दौरान किसी भी स्तर पर गडबड़ी पाये जाने पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

डंपर की टक्कर से चार लोगों की मौत

बाराबंकी। जिले के लोनीकटरा थाना क्षेत्र के पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे पर हाथी का पुरवा गांव के पास एक कार और मिट्टी से लदे डंपर की टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना बुधवार रात हुई जिसमें तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि चौथे व्यक्ति ने लखनऊ ट्रॉमा सेंटर में दम तोड़ दिया। कार में सवार सभी लोग प्रतापगढ़ जिले के रहने वाले थे और लखनऊ जा रहे थे। प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ यादव ने बताया कि तेज रफ्तार कार गांव के पास डंपर से टकरा गई।स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कार सवार सभी लोगों को बाहर निकालकर हैदरगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि चौथे व्यक्ति को लखनऊ के ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। मृतकों की पहचान इरशाद खान (30), अबुबकर राइन (32), लुकमान राइन (33) और इमरान (25) के रूप में हुई है।

दो गुटों के बीच झड़प में एक व्यक्ति की मौत: संभल। संभल में दो गुटों के बीच झड़प में एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने बताया कि बुधवार देर रात संभल कोतवाली के चौधरी सराय में दो गुटों के बीच झड़प हो गई, जिसमें सरवर (35) नामक व्यक्ति घायल हो गया और अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। उन्होंने कहा कि इस संबंध में पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है, जिनमें से एक को हिरासत में ले लिया गया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि झड़प के समय अल्पसंख्यक समुदाय से ताल्लुक रखने वाले दोनों पक्षों के लोग नशे की हालत में थे। मामले की जांच की जा रही है।

वाहन जांच के दौरान मोटरसाइकिल की टक्कर से एसआई की जान गई

फतेहपुर। जिले में वाहन जांच के दौरान मोटरसाइकिल सवार युवक ने उपनिरीक्षक (एसआई) को टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौत हो गई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। फतेहपुर जिले के अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) राजेश कुमार ने बताया कि सुल्तानपुर घोष थाने में तैनात उपनिरीक्षक वीरेंद्र नाथ मिश्रा (55) बृहस्पतिवार की सुबह करीब साढ़े दस बजे थाना से कुछ दूरी पर सड़क किनारे खड़े होकर वाहन जांच कर रहे थे, तभी बाइक पर सुअर लाद कर आ रहे नरेंद्र पासी व उसका पिता प्रकाश ने सड़क किनारे खड़े एसआई को टक्कर मार दी। एएसपी ने बताया कि गंभीर रूप से घायल एसआई को सरकारी अस्पताल हथगाम ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस हादसे में नरेंद्र पासी और उसका पिता भी घायल हुए हैं जिनका इलाज चल रहा है।

पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की बढ़ती कीमतों के विरोध में प्रदर्शन

बरेली। पेट्रोल–डीजल और रसोई गैस के दाम की बढ़ती कीमतों के विरोध में महानगर कांग्रेस कमेटी ने राष्ट्रीय आव्हान के अंतर्गत गुरुवार को कुमार टॉकीज के निकट प्रदर्शन किया। महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय शुक्ला के नेतृत्व में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं व क्षेत्रीय जनता ने बढ़ती कीमतों के विरोध में धरना प्रदर्शन कर अपना रोष व्यक्त किया।विरोध प्रदर्शन के दौरान महानगर अध्यक्ष अजय शुक्ला ने कहा चार राज्यों में बीजेपी सरकार का रिटर्न गिफ्ट, एलपीजी पर 50 रुपये, पेट्रोल–डीजल पर रोजाना 80 पैसे की बढ़ोतरी के साथ जनता को दिया जा रहा है, आखिर जनता को किस बात की सजा दी जा रही है लगातार बढ़े दाम इस बात को दर्शाते हैं कि सरकार जनता के साथ दोहरा मापदंड अपना रही है ।बता दें कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगातार दूसरे दिन बुधवार को 80 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई. दिल्ली के ईंधन खुदरा विक्रेताओं की मूल्य अधिसूचना के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी में पेट्रोल की कीमत अब 97.01 रुपये प्रति लीटर होगी।

आगरा में कड़ाके की गर्मी के बीच कुछ इस अंदाज में ताज का दीदार करते पर्यटक

शिक्षा के साथ संस्कार होना जरूरी: शांतनु

बिंदकी (फ्तेहपुर)। शिक्षा के साथ संस्कार होना जरूरी है बिना संस्कार की शिक्षा अधूरी है। यह बात नगर के लंका रोड स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आयोजित प्रतिभा अलंकरण तथा वार्षिक परीक्षा फ्ल वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रसिद्ध कथा वाचक शांतनु जी महाराज ने कहा।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक छात्र को शिक्षा के साथ संस्कार ग्रहण अवश्य करना चाहिए। संस्कार से विनम्रता आती हैं। उन्होंने कहा कि समस्याओं से डरें नहीं लक्ष्य की ओर आगे बढ़े सफ्लता अवश्य मिलेगी। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री तथा जहानाबाद क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के विधायक राजेंद्र सिंह पटेल ने कहा कि शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है। शिक्षा से ही जीवन में उजाला आता है। विशिष्ट अतिथि बिंदकी विधानसभा क्षेत्र से विधायक जय कुमार सिंह जैकी ने कहा कि शिक्षा से व्यक्तित्व का विकास होता है और व्यक्तित्व के विकास होने से ही जीवन में सफ्लता मिलती है। इस मौके पर मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथियों ने मेंधावियों को परीक्षा फ्ल के साथ प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। कक्षा 06, कक्षा 07, कक्षा 08, कक्षा 09 तथा कक्षा 11 के जिन छात्र–छात्राओं बेहतर प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। उसमें अंशिका पटेल, निष्ठा मिश्रा, शौर्य ओमर, यज्ञ प्रताप, ज्योत्सना देवी, कार्तिकेय शुक्ला, विधि पटेल आदि प्रमुख रहे। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक डॉ0 श्रीकांत मिश्रा, प्रधानाचार्य अजय कुमार दुबे, कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश गुप्ता, अध्यक्ष अशोक मिश्रा, अनुराग शुक्ला, आशीष तिवारी, अमित दिक्षित, अंकित मिश्रा, देवेंद्र सिंह, प्रशांत किशोर, रवि गुप्ता, अधिवक्ता सुनील तिवारी, विभव सिंह, तुषार कांत शर्मा, विपुल पटेल, बबलू शर्मा, लक्ष्मीकांत, आशुतोष, अतुल द्विवेदी, विभोर द्विवेदी, पुरषोत्तम गुप्ता आदि मौजूद रहे।इसी प्रकार नगर के ललौली रोड स्थित एमडी इंटरनेशनल स्कूल में भी रिजल्ट एंड प्राइस डिस्ट्रीब्यूशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र–छात्राओं को रिजल्ट के साथ प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। जहां पर नन्हे–मुन्नों ने सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरी। इस मौके पर प्रबंधक संदीप गुप्ता प्रधानाचार्य एसके पांडे आदि मौजूद रहे। उधर नगर के पैगंबरपुर मोहल्ले में एसएल इंटरनेशनल स्कूल में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां नगर पालिका परिषद के चेयरमैन मुन्ना लाल सोनकर द्वारा मेधावियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

प्रावि शिवराजपुर द्वितीय में पुरातन छात्र–छात्राओं कों किया गया सम्मानित:फ्तेहपुर। प्राथमिक विद्यालय शिवराजपुर द्वितीय में ग्राम प्रधान वंदना की अध्यक्षता में पुरातन छात्र अभिभावक एवं पुरातन शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम सरस्वती जी की प्रतिमा का माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना गीत प्रस्तुत किया तत्पश्चात पुरातन शिक्षकों का रोली टीका लगाकर और उन्हें उपहार देकर सम्मानित किया गया। वहीं पुरातन छात्रों को रोली टीका एवं उपहार वितरित किए गए। कक्षा 01 से 05 तक के बच्चों ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले छात्र छात्राओं को मेडल पहनाकर पुरस्कृत किया गया। कक्षा 05 के छात्रों का विदाई समारोह बड़ी धूमधाम से हुआ। इस अवसर एसएमसी सदस्य सुधा देवी, नीलम देवी, रूचि देवी, ज्योति गुप्ता आदि का भी सहयोग रहा। गांव से रिटायर हुए करीब आधा दर्जन शिक्षकों ने शिक्षकों को आशीर्वाद प्रदान किया। प्रधानाध्यापिका लीना साहू ने श्रुति, कीर्ति, नीरजा, संगीता, संध्या सहित सभी रसोइया आदि को भी धन्यवाद दिया।

एनएच इंग्लिश मीडियम में वितरित किये गये प्रगति पत्र:फ्तेहपुर। एनएच इंग्लिश मीडियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्रगति पत्र वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि समाजसेवी अशोक तपस्वी मौजूद रहे। छात्रों ने तिलक लगाकर व प्रबंधक मौलाना मो0 उमर शरीफ प्रधानाचार्य प्रतीक शुक्ल ने पुष्प गुच्छ व माल्यार्पण कर अतिथियों व अभिभावकों का स्वागत किया। कक्षा में विशिष्ट और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र–छात्राओं को शील्ड, प्रशस्ति–पत्र और मेडेल दिये गए। मुख्य अतिथि ने बच्चों को शिक्षा और अनुशासन के संयुक्त होने पर अच्छे परिणाम आने के बारे में बताया और सभी को हेलमेट लगाने, सीट बेल्ट का प्रयोग करने पर जोर दिया।प्रधानाचार्य ने शिक्षा की गुणवत्ता और आवश्यकता पर जोर दिया और विद्यालय खेल शिक्षा और कंप्यूटर कोडिंग शिक्षा की शुरुआत होने की जानकारी दी।

मेधावी बच्चों को ट्राफी और मेडल देकर किया सम्मानित

फ्तेहपुर। सेंट जेवियर हाईस्कूल मे कक्षा 03 से कक्षा 09 तथा 11 के बच्चों का रिपोर्ट कार्ड वितरित कर मेधावी बच्चों को ट्राफी और मेडल देकर सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर बच्चों व उनके अभिभावकों में भी खुशी की लहर दौड़ गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य डॉ0 कमलापति ठाकुर द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया तथा मां सरस्वती की प्रार्थना की गई तत्पश्चात प्रधानाचार्य ने बच्चों को जीवन में आगे बढने का मूल मंत्र बताया। प्रधानाचार्य द्वारा बच्चों को एकेडमिक परफॉर्मर्स, मोस्ट प्रोफिशिएट लीडरशिप, वेल एंड वेल डिसिप्लिन आदि अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन वैशाली श्रीवास्तव, नीतू मालिनी त्रिपाठी ने किया। प्रबंधक नीतीश कुमार ने सभी अभिभावकों को धन्यवाद देते हुये आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कोऑर्डिनेटर पीपी पांडेय, अंजलि, जरीब अनवर, मनोरंजन प्रसाद, राजकुमार, आशीष अग्निहोत्री, जगन्नाथ, विजय श्रीवास्तव, विजय चंद्र पाल आदि उपस्थित रहे।

तीन तलाक विरोधी कार्यकर्ता निदा को भाजपा छोड़ने की धमकी, छह लोगों पर मामला दर्ज

लखनऊ। पुलिस ने तीन तलाक विरोधी कार्यकर्ता निदा खान को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) छोड़ने की धमकी देने के आरोप में छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। खान को भाजपा नहीं छोड़ने पर जान से मारने की धमकी दी गई है। जिन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है उनमें खान के पति शीरन रजा खान और परिवार के अन्य सदस्य शामिल हैं। रजा खान ने निदा को फौरी तौर पर तीन बार तलाक बोलकर तलाक दिया था। निदा ने पीटीआई–भाषा को बताया, मैं 26 मार्च को एक रिश्तेदार के विवाह समारोह में शामिल होने गई थी, जहां मेरे ससुराल वालों और कुछ रिश्तेदारों ने मुझे भाजपा छोड़ने के लिए कहा। उन्होंने ऐसा न करने पर मुझे और मेरे परिवार को नुकसान पहुंचाने की धमकी भी दी। स्नातकोत्तर तक शिक्षा प्राप्त निदा खान उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से ठीक पहले भाजपा में शामिल हुई और पार्टी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की सदस्य भी हैं। अपने पति और उसके परिवार के सदस्यों के खिलाफ घरेलू हिंसा और दहेज की शिकायत दर्ज कराने के बाद निदा सुर्खियों में आईं थीं।

भाजपा का समर्थन करने पर मुस्लिम युवक को मिली धमकी, प्राथमिकी

बदायूं। उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले में एक मुस्लिम युवक को कथित तौर पर भाजपा का समर्थन करने पर उसके गांव के लोगों से ही जान से मारने की धमकी मिलने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि युवक ने इस संबंध में बिसौली कोतवाली थाना में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने बताया कि कोतवाली बिसौली के अंतर्गत आने वाले गांव लक्ष्मीपुर के निवासी शाहरुख सैफी ने आरोप लगाया है कि हाल में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा को वोट देने के बाद से उसे ग्रामीणों से धमकी मिल रही है। युवक के मुताबिक फेसबुक पर भी उसके खिलाफ टिप्पणी की जा रही है। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सिद्धार्थ वर्मा ने बताया कि बुधवार को हमें शिकायत मिली है। उन्होंने बताया कि मामले मे प्राथमिकी दर्ज कर प्रकरण की जांच की जा रही है।

बुलंदशहर में पुलिसकर्मी ने आत्महत्या की

बुलंदशहर। बुलंदशहर में तैनात एक पुलिस हेड कांस्टेबल ने बृहस्पतिवार को अपनी सरकारी बंदूक से खुद को गोली मारकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। मृतक हेड कांस्टेबल ब्रजवीर सिंह बुलंदशहर के रिजर्व पुलिस लाइन में तैनात था। घटना की पुष्टि करते हुए पुलिस अधीक्षक (नगर) सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया, हेड कांस्टेबल ब्रजवीर सिंह (56) रिजर्व पुलिस लाइन के गेट पर गार्ड के पद पर तैनात थे। उनका घर पुलिस लाइन के नजदीक है। दोपहर में सिंह अपनी सरकारी बंदूक घर ले गए,जहां उन्होंने खुद को गोली मार ली। घटना के बाद पास के थाने से पुलिस की टीम घर पहुंची। तिवारी ने बताया, "घर से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। घटना के पीछे का कारण स्पष्ट नहीं है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

लुईस-डिकॉक ने लखनऊ का खाता खोला

● सुपरजाइंट्स ने सुपरकिंग्स को 6 विकेट से हराया

भाषा। मुंबई

एविन लुईस और क्विंटन डिकॉक के अर्धशतक से लखनऊ सुपरजाइंट्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में गुरुवार को यहां गत चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स को छह विकेट से हराकर इस लुभावने टी20 टूर्नामेंट में पहली जीत दर्ज की। सुपरकिंग्स के 211 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सुपरजाइंट्स ने लुईस (23 गेंद में नाबाद 55 रन, तीन छक्के, छह चौके) और डिकॉक (61) के अर्धशतक से तीन गेंद शेष रहते चार विकेट पर 211 रन बनाकर जीत दर्ज की।

डिकॉक ने कप्तान लोकेश राहुल (40) के साथ पहले विकेट के लिए 99 रन जोड़कर टीम को शानदार शुरुआत दिलाई जिसके बाद लुईस ने आयुष बडोनी (नौ गेंद में नाबाद 19) के साथ पांचवें विकेट के लिए सिर्फ 2.1 ओवर में 40 रन की अटूट साझेदारी करके टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। ड्वेन प्रिटोरियस ने 31 रन देकर दो विकेट चटकाए लेकिन सुपरकिंग्स को लगातार दूसरी हार से नहीं बचा पाए। रोबिन उथप्पा के 27 गेंद में आठ चौकों और एक छक्के की मदद से 50 रन की पारी खेली जबकि शिवम दुबे ने 30 गेंद की अपनी पारी में पांच चौकों और दो छक्कों से 49 रन बनाए जिससे सुपरकिंग्स ने सात विकेट पर 210 रन का स्कोर खड़ा किया। मोईन अली (22 गेंद में 35 रन) और अंबाती रायुडू (20 गेंद में 27 रन) ने भी उपयोगी पारियां खेली।सुपरजाइंट्स की ओर से रवि बिश्नोई ने 24, आवेश खान ने 38 और एंड्रयू टाइ ने 41 रन देकर दो-दो विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरे सुपरजाइंट्स को राहुल और डिकॉक ने अच्छी शुरुआत दिलाई। राहुल ने तेज गेंदबाज मुकेश चौधरी पर छक्के और चौके के साथ शुरुआत की जबकि तुषार देशपांडे के ओवर में तीन चौके मारे। डिकॉक ने पांचवें ओवर में चौधरी पर भी तीन चौके जड़े। डिकॉक 30 रन के स्कोर पर भाग्यशाली रहे जब ड्वेन ब्रावो की गेंद पर मोईन ने उनका आसान कैच टपका दिया। टीम ने पावर प्ले में बिना विकेट खोए 55 रन बनाए। राहुल ने रविंद्र जडेजा और मोईन का स्वागत छक्कों के साथ किया। वह हालांकि मोईन के आवेर में भाग्यशाली रहे जब देशपांडे ने उनका मुश्किल कैच छोड़ दिया। डिकॉक ने ब्रावो की गेंद पर एक रन के साथ 34 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। जडेजा ने इसके बाद गेंद ड्वेन प्रिटोरियस को गेंद थमाई और उन्होंने कप्तान को निराश नहीं करते हुए दूसरी ही गेंद पर राहुल को फाइन लेग पर रायुडू के हाथों कैच करा दिया। उन्होंने 26 गेंद की अपनी पारी में तीन छक्के और दो चौके मारे। मनीष पांडे भी पांच रन बनाने के बाद देशपांडे की गेंद पर मिड आफ पर ब्रावो को कैच दे बैठे। एविन लुईस ने आते ही तेवर दिखाए।

अपना अर्धशतक पूरा करने के बाद लुइस (दाएं)

स्कोरबोर्ड

चेन्नई सुपरकिंग्स: उथप्पा पगबाधा बो बिश्नोई 50,रतुराज रन आउट 01,मोईन बो आवेश 35,शिवम का लुईस बो आवेश 49,रायुडू बो बिश्नोई 27, जडेजा का पांडे बो टाइ 17, धोनी नाबाद 16, प्रिटोरियस पगबाधा बो टाइ 00,ब्रावो नाबाद 01,अतिरिक्त: 14,**कुल:**20 ओवर मे सात विकेट पर: 210,**विकेट पतन:** 1-28, 2-84, 3-106, 4-166, 5-189, 6-203, 7-203,**गेंदबाजी:** आवेश 4-0-38-2,चमीरा 4-0-49-0,टाइ 4-0-40-2,कृणाल 3-0-36-0,बिश्नोई 4-0-24-2,हुड्डा 1-0-12-0

लखनऊसुपरजाइंट्स: राहुल का रायुडू बो प्रिटोरियस 40 डिकॉक का धोनी बो प्रिटोरियस 61, मनीष का ब्रावो बो देशपांडे 05, लुईस नाबाद 55, हुड्डा का जडेजा बो ब्रावो 13, बडोनी नाबाद 19,अतिरिक्त: 18, कुल:19.3 ओवर में चार विकेट पर: 211 रन ,**विकेट पतन:** 1-99, 2-106, 3-139, 4-171,**गेंदबाजी:**चौधरी 3.3-0-39-0, देशपांडे 4-0-40-1,ब्रावो 4-0-35-1, जडेजा 2-0-21-0,मोईन 1-0-14-0 ,प्रिटोरियस 4-0-31-2,दुबे 1-0-25-0

पंजाब किंग्स के खिलाफ भी जोखिम लेने की रणनीति से खेलना जारी रखेगा केकेआर

भाषा। मुंबई

कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम जब शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसके जोखिम लेने की रणनीति के साथ बरकरार रहने की उम्मीद है, भले ही उसे अभी तक इससे मिश्रित नतीजे मिले हों।

पिछले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) से तीन विकेट की हार मिली थी, हालांकि टीम कम स्कोर के बावजूद मैच को करीबी बनाने में सफल रही थी। पंजाब किंग्स ने अपना अभियान जीत से शुरू किया और टीम अपने गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करेगी क्योंकि उसने अपने पहले मैच में 200 से ज्यादा रन गंवा दिए थे। दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा के तीन दिवसीय पृथकवास पूरा करने के बाद खेलने की उम्मीद है जिससे पंजाब के आक्रमण को मजबूती मिलेगी। वानखेड़े की पिच पर अभी तक दो ही मैच खेले गए हैं और उन्हें देखते हुए लग रहा है कि बल्लेबाजी करना आसान नहीं रहा है। दो महीने लंबे समय तक चलने वाले आईपीएल के लिए यह शुरूआत ही हो लेकिन टॉस अभी से ही मैच के नतीजों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है क्योंकि मैच की दूसरी पारी में ओस का असर पड़ रहा है। कोलकाता के सलामी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे और आक्रामक वेंकटेश अय्यर आरसीबी के खिलाफ सस्ते में आउट हो गए थे जिससे अब ए दोनों टीम को मजबूत शुरूआत कराने की कोशिश करेंगे। कप्तान श्रेयस अय्यर आरसीबी के खिलाफ भले ही विफल रहे हों लेकिन वह अच्छी फॉर्म में हैं और वह टीम के लिए अहम खिलाड़ी हैं लेकिन उन्हें अन्य साथियों जैसे नीतिश राणा के सहयोग की जरूरत होगी। बाएं हाथ के बल्लेबाज राणा के लिए निरंतर प्रदर्शन करना महत्वपूर्ण होगा। इन दोनों के अलावा मध्यक्रम की जिम्मेदारी सैम बिलिंग्स, शेल्डन जैक्सन और बिग हिटर आंद्रे रसेल के कंधों पर होगी। केकेआर के लाइन अप में ऐसे बल्लेबाज हैं जो किसी भी आक्रमण की धज्जियां उड़ा सकते हैं और टीम प्रबंधन उम्मीद करेगा कि पंजाब के खिलाफ ए सभी एकजुट होकर प्रदर्शन करें गेंदबाजी की बात करें तो तेज गेंदबाज उमेश यादव दोनों मैचों में नई गेंद से शानदार रहे। न्यूजीलैंड के अनुभवी गेंदबाज टिम साउदी को भी अहम भूमिका निभानी होगी। कोलकाता की टीम के लिए हालांकि चिंता का विषय स्पिनर वरूण चक्रवर्ती की फॉर्म का होगा जिन्हें जल्द ही वापसी करनी होगी।

आखिरी ओवरों में कार्तिक आ अनुभव काम आया : डु प्लेसी

नवी मुंबई। कोलकाता नाइट राइडर्स को कम स्कोर वाले मैच में तीन विकेट से हराने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के कप्तान फाफ डु प्लेसी ने कहा कि आखिरी ओवरो मे दिनेश कार्तिक का अनुभव उनकी टीम के काम आया। आरसीबी को जीत केलिए 129 रन के लक्ष्य के जवाब मे आखिरी ओवर मे सात रन चाहिए थे। कार्तिक ने पहली दो गेद पर छक्का और चौका जड़कर टीम को जीत तक पहुंचाया। डु प्लेसी ने कहा , यह अच्छी जीत थी। छोटे स्कोर का पीछा करते समय सकारात्मक सोच के साथ उतरना चाहिए और इतने आखिर तक मैच नही जाना चाहिए था लेकिन उनके गेंदबाजो ने शानदार प्रदर्शन किया।

धोनी की तरह संयमित है कार्तिक : डुप्लेसी

नवी मुंबई। रॉयल चैलेंजर्स बैगलोर के कप्तान फाफ डुप्लेसी ने टीम के साथी दिनेश कार्तिक की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनका संयमित तरीका दिग्गज महेद्र सिंह धोनी के अंतिम ओवरों के खेल के करीब है। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 129 रनों के चुनौतीपूर्ण लक्ष्य का पीछा करते हुए बैगलोर की टीम एक समय मुश्किल में थी लेकिन कार्तिक ने आखिरी ओवर की पहली दो गेंदों मे एक छक्का और एक चौका लगा कर टीम को जीत दिला दी। उन्होने मैच के बाद पुरस्कार समारोह में कहा, कार्तिक के अनुभव से मदद मिली। वह काफी शांतचित थे। वह शायद उतने ही संयमित थे जितने की धोनी आखिरी पांच ओवरों में रहते है।

संतोष ट्रॉफी का 75वां सत्र 16 अप्रैल से होगा शुरू

नई दिल्ली। संतोष ट्रॉफी राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप के 75वें सत्र की शुरुआत 16 अप्रैल को केरल के मलप्पुरम में चिर प्रतिद्वंद्वी टीमो पश्चिम बंगाल और पंजाब के बीच मैच से होगी। टूर्नामेंट के सभी मैच मलप्पुरम के दो स्थलों मंजेरी पय्यानाड स्टेडियम और कोट्टप्पडी स्टेडियम मे होगे। पंजाब और बंगाल के बीच टूर्नामेंट का पहला मुकाबला कोट्टप्पडी स्टेडियम मे खेला जाएगा। टूर्नामेंट मे कुल 10 टीमे भाग लेगी और इसका फाइनल दो मई को मंजेरी पय्यानाड मे होगा। ग्रुप ए: मेघालय, पंजाब, पश्चिम बंगाल, राजस्थान, केरल। ग्रुप बी: गुजरात, कर्नाटक, ओडिशा, सेना, मणिपुर।

आईपीएल नीलामी से हटने का फैसला सही था : सैम

नई दिल्ली। पीठ की चोट से उबर रहे इंग्लैड के आल राउंडर सैम करन ने कहा कि वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस सत्र मे नही खेल पाने से निराश है लेकिन उन्हे लगता है कि नीलामी से हटने का उनका फैसला सही था। करन ने कहा कि इसमे वापसी शायद उनके लिए जल्दबाजी होती क्योकि वह अपने करियर की सबसे गंभीर चोट से उबर रहे है। चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेल चुके करन ने ईएसपीएनक्रिकइंफो से कहा, मै निराश हूं कि मै नही खेल रहा हूं। घर से बैठकर इसे (आईपीएल) को देखना निराशाजनक है। उन्होने कहा, मै नीलामी मे शामिल होना चाहता था, लेकिन अंत मे मैने ऐसा नही किया, जो शायद सर्वश्रेष्ठ फैसला था।

यूपी ने 20 स्वर्ण के साथ जीती चैंपियनशिप

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की टीम ने रशियन काम्बेट आर्ट हैंड टू हैंड फाइटिंग स्पोर्ट्स की प्रथम नेशनल प्रतियोगिता में शीर्ष पर रहते हुए टीम चैंपियनशिप ट्राफी पर कब्जा जमा लिया। चौक स्टेडियम में मंगलवार देर रात संपन्न इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश 20 स्वर्ण, 10 रजत तथा छह कांस्य सहित कुल 36 पदक जीते। प्रतियोगिता में महाराष्ट्र की टीम ने 16 स्वर्णए 14 रजत तथा 11 कांस्य सहित कुल 41 पदक के साथ उपविजेता रही। ह ैंड टू हैंड फ इटिंग स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफउत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश को 10 स्वर्ण, चार रजत व तीन कांस्य सहित कुल 17 पदक के साथ तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। इस प्रतियोगिता के स्वर्ण पदक विजेताओं का चयन आगामी 19 मई से 23 मई तक उज्बेकिस्तान में होने वाली जूनियर चैंपियनशिप तथा माह अक्टूबर में इटली के मिलान शहर में होने वाली एडल्ट्स सीनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए किया जाएगा।

वाट-एक्लेस्टोन के दमदार प्रदर्शन से इंग्लैंड फाइनल में

● महिला विश्व कप : द.अफ्रीका पर 137 रन

भाषा। क्राइस्टचर्च

डेनियल वाट की यादगार शतकीय पारी के बाद स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन की शानदार गेंदबाजी से गत चैम्पियन इंग्लैंड ने गुरूवार को यहां दक्षिण अफ्रीका पर 137 रन की बड़ी जीत दर्ज कर महिला वनडे विश्व कप के फाइनल में प्रवेश किया।

वाट (125 गेंद में 129 रन, 12 चौके) ने अपनी पारी के दौरान मिले मौकों का पूरा फायदा उठाया, उन्हें पांच बार जीवनदान मिला जिससे वह विश्व कप में अपना पहला शतक जड़ने में सफल रहीं। उनके अलावा सोफिया डंकले ने 72 गेंद में 60 रन की अर्धशतकीय पारी खेली जिससे इंग्लैंड ने बल्लेबाजी का न्यौता मिलने के बाद आठ विकेट पर 293 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। दक्षिण अफ्रीकी टीम इस नॉकआउट मैच में दबाव में आ गई और लक्ष्य का पीछा करते हुए 38 ओवर में 156 रन पर सिमट गई। लीग चरण से दूसरी सर्वश्रेष्ठ टीम के तौर पर अंतिम चार में पहुंची दक्षिण अफ्रीका ने भारत को भी प्रतियोगिता से बाहर कर दिया था, पर इस मुकाबले में उसने दबाव के आगे घुटने टेक दिए। टीम ने दूसरे ही ओवर में टूर्नामेंट की सर्वाधिक रन जुटाने वाली लौरा वोलवार्ट का विकेट गंवा दिया जिन्हें तेज गेंदबाज आन्या श्रबसोल ने अपनी ही गेंद पर कैच आउट किया। टीम इस झटके से उबर नहीं सकी। बाएं हाथ की स्पिनर एक्लेस्टोन ने निचले क्रम को समेटकर इंग्लैंड के लिए काम पूरा किया। उन्होंने आठ ओवर में 36 रन देकर छह विकेट झटके। इसके अलावा उन्होंने 11 गेंद में नाबाद 24 रन की पारी खेलकर इंग्लैंड को 300 रन के करीब पहुंचाया था। इंग्लैंड की टीम ने लगातार पांच जीत दर्ज की जबकि शुरूआती तीन हार के बाद उस पर टूर्नामेंट से बाहर होने का खतरा मंडरा रहा था। अब टीम पांचवां खिताब अपने नाम करने की कोशिश करेगी जिसके लिए वह फाइनल में आस्ट्रेलिया के सामने होगी जो उसके लिए परिचित प्रतिद्वंद्वी है। आस्ट्रेलियाई टीम भी रिकॉर्ड सातवां खिताब अपनी झोली में डालने के लिए प्रयासरत होगी। श्रबसोल ने शानदार स्विंग गेंदबाजी का प्रदर्शन किया जिससे दक्षिण अफ्रीका की बल्लेबाजी की रीढ़ टूट गई। वोलवार्ट की सलामी जोड़ीदार लिजले ली उनका दूसरा शिकार बनीं। केट क्रास ने सुने लूस को खूबसूरत गेंद पर आउट किया जिसके बाद दक्षिण अफ्रीका को अपने बल्लेबाजों की ढिलाई का खामियाजा भुगतना पड़ा। हालांकि सवाल यह भी है कि दक्षिण अफ्रीका ने इस दबाव भरे मुकाबले में टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया।

वाट

एनसीए प्रमुख लक्ष्मण महिला क्रिकेट में निभा सकते हैं बड़ी भूमिका

● पोवार का अनुबंध समाप्त

भाषा। नई दिल्ली

भारतीय महिला टीम के मुख्य कोच रमेश पोवार का अनुबंध टीम के आईसीसी विश्व कप में अभियान समाप्त होने के साथ ही खत्म हो गया था और बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) के नियमों के अनुसार उन्हें फिर से इस पद के लिए आवेदन करना पड़ेगा। निराशाजनक विश्व कप अभियान महिलाओं के क्रिकेट में आमूलचूल बदलाव ला सकता है क्योंकि राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण देश के क्रिकेटरों की अगली पीढ़ी को तैयार करने में सक्रिय रूप से हिस्सा ले रहे हैं। भारतीय महिला टीम विश्व कप के सेमीफाइनल तक भी नहीं पहुंची। पोवार ने डब्ल्यूवी रमन की जगह ली थी जिन्होंने 2020 में टीम को टी20 विश्व कप फाइनल तक पहुंचाया था। बीसीसीआई के वरिष्ठ सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, पोवार का अनुबंध विश्व कप तक था। अनुबंध बढ़ाने का कोई प्रावधान नहीं है। इसलिए पूरी प्रक्रिया आवेदन भरने और साक्षात्कार से शुरू होगी। पोवार निश्चित रूप से फिर से आवेदन भर सकते हैं और सीएसी (क्रिकेट सलाहकार समिति) संविधान के अनुसार इस पर फैसला करेगी। टीम के साथ अच्छे प्रदर्शन के बाद रमन को दूसरा कार्यकाल नहीं दिया गया था और पोवार को वापस लाया गया था जबकि कप्तान मिताली राज और उनके बीच मतभेद जगजाहिर रहे हैं। सूत्र ने कहा, सीएसी फैसला करती है और अगर उन्हें लगा कि रमेश रमन से बेहतर होगा तो यह उनका फैसला था। बोर्ड हस्तक्षेप नहीं कर सकता। भारत के न्यूजीलैंड में अभियान के अंत में दो सीनियर खिलाड़ियों के बीच गंभीर मतभेद थे। पोवार ने भी तनाव को कम करने के लिए ज्यादा कुछ नहीं किया और यह देखना होगा कि उन्हें फिर से अनुबंध दिया जाता है या नहीं। पोवार के टीम के साथ दोनों कार्यकाल में, विशेषकर मौजूदा कार्यकाल में भारतीय टीम उनके मार्गदर्शन में हर श्रृंखला में पराजित हुई और फिर अब विश्व कप से भी बाहर हो गई। अगले साल अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप खेला जाना है तो बीसीसीआई खिलाड़ियों की अगली पीढ़ी तैयार करना चाहता है जिसमें लक्ष्मण लंबे समय में सफलता के लिए एक मॉडल तैयार करने में बड़ी भूमिका निभा रहे हैं।

एल्गर-बावुमा की अर्धशतकीय पारी

भाषा। डरबन

कप्तान डीन एल्गर की 67 रन की पारी के बाद अनुभवी तेम्बा बावुमा की नाबाद 53 रन की पारी से दक्षिण अफ्रीका ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के शुरुआती दिन गुरुवार को यहां स्टंप्स तक 76.5 ओवर में चार विकेट पर 233 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। खराब रोशनी के कारण खेल जल्दी रोकना पड़ा। स्टंप्स के समय बावुमा के साथ काइल वेर्नोन 27 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 53 रन की अटूट साझेदारी कर ली है। टॉस गंवाने के बाद बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर एल्गर और सलामी बल्लेबाज सारेल एरवी ने पहले सत्र में दक्षिण अफ्रीका को कोई नुकसान नहीं होने दिया।

मैकडर्मोट का शतक

● आस्ट्रेलिया ने पाक को 349 रन का लक्ष्य दिया

भाषा। लाहौर

बेन मैकडर्मोट के करियर के पहले शतक और सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड के साथ उनकी बड़ी शतकीय साझेदारी से आस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में गुरुवार को यहां आठ विकेट पर 348 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। अपना चौथा वनडे खेल रहे मैकडर्मोट ने 108 गेंद में 10 चौकों और चार छक्कों की मदद से 104 रन की पारी खेलने के अलावा हेड (70 गेंद में 89 रन, छह चौके और पांच छक्के) के साथ दूसरे विकेट के लिए 162 रन की साझेदारी की जिससे आस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान की सरजमीं पर अपना सबसे बड़ा स्कोर खड़ा किया। इन दोनों के अलावा मार्नस लाबुशेन ने 59 जबकि मार्कस स्टोइनिस ने 49 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। इससे पहले आस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान के खिलाफ ही कराची में नवंबर 1998 में अपने पिछले दौरे पर सर्वाधिक आठ विकेट पर 324 रन बनाए थे।

भारत की नजरें जूनियर हॉकी विश्व कप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर

भाषा। पोटचेफस्ट्रूम

कप्तान सलीमा टेटे सहित तीन ओलंपिक खिलाड़ियों की मौजूदगी में भारतीय टीम शुक्रवार से यहां शुरू हो रहे एफआईएच महिला जूनियर विश्व कप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहेगी। टेटे के अलावा मिडफील्डर शर्मिला देवी और लालरेमसियामी उस सीनियर टीम में शामिल थे जिसने तोक्यो ओलंपिक में चौथा स्थान हासिल किया था। भारतीय टीम पूल डी में अपने अभियान की शुरुआत शनिवार को वेल्स के खिलाफ करेगी और रविवार को उसे जर्मनी से भिड़ना है। टीम को आठ अप्रैल से शुरू होने वाले क्वार्टर फाइनल दौर से पहले पूल के आखिरी मैच में मलेशिया का सामना करना है।

शीर्ष वरीयता प्राप्त साइ प्रणीत एकल से बाहर

● ओरलियंस मास्टर्स

भाषा। ओरलियंस (फ्रांस)

शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय शटलर बी साई प्रणीत को गुरुवार को यहां ओरलियंस मास्टर्स 2022 सुपर 100 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल मुकाबले में फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव से सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। प्रणीत को अंतिम 16 के मैच में 35 मिनट में 12-21, 11-21 से हार का सामना करना पड़ा। वह बुधवार को चेक गणराज्य के जान लौडा को हराकर 16 के दौर में पहुंचे थे। इरा शर्मा महिला एकल मैच में ऑस्ट्रेलिया की हुआन-यू वेंडी चेन से 11-21, 17-21 से हार गईं, लेकिन ईशान भटनागर और तनीषा क्रास्टो की सातवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने नीदरलैंड की टाई वैन डेर लेक्क और डेबोरा जिल को 21-18 22-20 से हराया। इससे पहले भारत के किरण जॉर्ज, मेराबा लुवांग मेसनाम और मिथुन मंजूनाथ की तिकड़ी ने यहां ओरलियंस मास्टर्स सुपर 100 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर के मुकाबले जीतकर पुरूष एकल प्री क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई। जॉर्ज ने नीदरलैंड के तीसरे वरीय मार्क कालजोऊको 19-21 21-16 23-21 से हराकर उलटफेर किया। क्वालीफायर मेराबा ने इंग्लैंड के आठवें वरीय टॉबी पेंटी को 21-16 21-16 से शिकस्त दी जबकि मंजूनाथ ने हमवतन सिद्धार्थ प्रताप सिंह को 21-14 21-10 से मात दी। जनवरी में ओडिशा सुपर 100 टूर्नामेंट जीतने वाले जॉर्ज का सामना इंडोनेशिया के क्वालीफायर क्रिस्टियन एडिनाता से होगा। मेराबा अपने अगले मुकाबले में हांगकांग के चान यिन चाक और मंजूनाथन डेनमार्क के दूसरे वरीय हैंस क्रिस्टियन सोलबर्ग विटिंघस के सामने होंगे। अश्विनी भट्ट के और शिखा गौतम की भारतीय जोड़ी ने अमाली शुल्ज और क्रिस्टीन बुश पर 21-23 21-12 21-10 से जीत दर्ज की। पीएस रविकृष्णा और शंकर प्रसाद उदयकुमार की जोड़ी ने भी प्रीक्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। उन्होंने मार्विन दाटको और पैट्रिक शेइल को 19-21 21-11 21-12 से पराजित किया।

मेक्सिको ने जीतकर लगातार आठवीं बार सीधे विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया

भाषा। मेक्सिको सिटी

मेक्सिको ने बुधवार रात अपने अंतिम क्वालीफाइंग मैच में एल साल्वाडोर को 2-0 से हराकर लगातार आठवीं बार सीधे फुटबॉल विश्व कप के लिए जगह पक्की की। कॉनकाकाफ (उत्तर और मध्य अमेरिका और कैरेबियाई फुटबॉल संघों का परिसंघ) की ओर से तीन स्वत: क्वालीफाई करने वाली टीमें कनाडा, मेक्सिको और अमेरिका हैं। कनाडा ने पहले ही रविवार को टोरंटो में जमैका पर 4-0 की जीत से 36 साल में पहली बार विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया। कनाडा की टीम अपने अंतिम मैच में पनामा से 0-1 से हार गई लेकिन वह आठ टीम की तालिका में 28 अंक लेकर शीर्ष पर रही। मेक्सिको 28 अंक हासिल करने के बावजूद गोल अंतर से दूसरे स्थान पर रहा। अमेरिकी टीम रूस में 2018 विश्व कप में जगह नहीं बना सकी थी, लेकिन वह कोस्टा रिका से 0-2 की हार के बावजूद 25 अंक से तीसरे स्थान पर रहकर विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने में सफल रही। मेक्सिको के लिए अजटेका स्टेडियम में हुए मैच में उरीयल अंतुना ने 16वें मिनट में गोल किया और फिर रॉल जिमेनेज ने पहले हाफ खत्म होने से तुरंत पहले पेनल्टी किक को गोल में तब्दील किया। कोस्टा रिका ने पिछले हफ्ते कनाडा को 1-0 से हराया था और रविवार को उसने होंडुरास को 2-1 से पराजित किया था। वह तालिका में चौथे स्थान पर रही जिससे वह उपमहाद्वीपीय प्लेऑफ में न्यूजीलैंड से भिड़ेगी जिसने ओसनिया क्षेत्र के मुकाबले में सोलोमन को 5-0 से हराया था।

बार्सीलोना के घरेलू स्टेडियम में महिला मैच के दौरान सर्वाधिक दर्शक का बना रिकॉर्ड

बार्सीलोना। बार्सीलोना और रीयाल मैड्रिड के बीच बुधवार को यहां खेले गए महिला चैम्पियंस लीग के मैच के दौरान नोउ कैंप स्टेडियम में रिकॉर्ड 91,000 से ज्यादा दर्शक मौजूद थे। बार्सीलोना ने इस मैच को 5-2 से जीतकर घरेलू दर्शको के लिए इस मौके को और यादगार बना दिया। आयोजको ने बताया कि बुधवार को यहां मैच के दौरान स्टेडियम मे 91,553 लोग उपस्थित थे। इससे पहले यह रिकॉर्ड अमेरिका और चीन के बीच 1999 विश्व कप फाइनल के नाम था। इस मैच के दौरान रोज बाउल स्टेडियम मे 90,185 दर्शक मौजूद थे। स्पेन की घरेलू लीग मे सबसे ज्यादा दर्शको का रिकॉर्ड 2019 मे बना था। एटलेटिको मैड्रिड और बार्सीलोना के बच खेले गए मैच को देखने के लिए तब 60,739 दर्शक पहुंचे थे।

कोस्टा रिका से हारने के बावजूद अमेरिका ने भी क्वालीफाई किया

सान जोस। अमेरिका ने बुधवार की रात अपने अंतिम क्वालीफाइंग मैच में कोस्टा रिका से 0-2 से हारने के बावजूद कतर में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया। अमेरिकी टीम 2018 में रूस में हुए विश्व कप के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकी थी जो उसके लिए सदमे की तरह था। कोस्टा रिका के लिए जुआन पाब्लो वरगास ने 51वें मिनट में और एंथोनी कांट्रेरास ने 59वें मिनट में गोल किए। लेकिन पिछले हफ्ते पनामा पर 5-1 की जीत की बदौलत अमेरिका गोल अंतर में कोस्टा रिका से ऊपर तीसरे स्थान पर रहा और उसने विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया। अमेरिका के 25 अंक रहे। कनाडा 28 अंक से तालिका में शीर्ष पर रहा जबकि मेक्सिको 28 अंक लेने के बावजूद गोल अंतर से दूसरे स्थान पर रहा। अमेरिकी कोच ग्रेग बेरहाल्टर ने कहा, टीम के लिए गौरव का क्षण है, अमेरकी फुटबॉल के लिए गर्व का पल है। टीम बहुत खुश है। कोस्टा रिका 25 अंक से गोल अंतर से चौथे स्थान पर रही और अब जून में ओसनिया चैम्पियन न्यूजीलैंड से एक मैच के प्लेऑफ में आमने सामने होगी।